{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
गुरुवार 30 अक्टूबर 2025
कार्तिक शुक्ल 09 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 37
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 84,997.13 |
| निफ्टी | ~ | 26,053.90 |
| सोना | ~ | 1,22,400 |
| चांदी | ~ | 1,52,000 |
| डॉलर | ~ | 88.29 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### सुप्रीम कोर्ट ने वांगचुक की नजरबंदी पर केंद्र और लद्दाख से मांगा जवाब

नई दिल्ली,। सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरणविद और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक की नजरबंदी को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा है। यह याचिका वांगचुक की पत्नी द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को मनमाना और असंवैधानिक बताया गया है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को तय की है। फिलहाल वांगचुक राजस्थान के जोधपुर स्थित केंद्रीय कारागार में बंद हैं। उन्हें 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। वांगचुक की गिरफ्तारी लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद हुई थी।

### कटनी में बीजेपी नेता की हत्या, एनकाउंटर के बाद दो आरोपी गिरफ्तार

कटनी। मध्यप्रदेश के कटनी जिले के कैमोर में भाजपा नेता नीलेश उर्फ नीलू रजक को बैंक के सामने दो बाइक सवार नकाबपोशों ने गोली मार दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। नीलेश रजक बजरंग दल के पूर्व गौ सेवा प्रमुख भी थे। इस हत्याकांड में कैमोर निवासी अकरम खान और प्रिंस जोसफ का नाम सामने आया। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को कजरवारा के पास से पकड़ा। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायर किया, जिसके जवाब में पुलिस की आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में 4 गोलियां चलीं और दोनों आरोपी घायल हो गए।

### दाऊद इब्राहिम का करीबी दानिश गिरफ्तार

मुंबई। अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम के करीबी और ड्रग सिंडिकेट का प्रमुख दानिश मर्चेंट उर्फ दानिश चिकना को गोवा से गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई टीम ने की और कहा जा रहा है कि इस गिरफ्तारी से दाऊद के ड्रग नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। एनसीबी की जानकारी के मुताबिक, दानिश चिकना मुंबई के डोंगरी इलाके में ड्रग फैक्ट्री चला रहा था और पूरे देश में ड्रग नेटवर्क मैनेज कर रहा था। उसका नाम पहले भी कई बार ड्रग्स के धंधे में आ चुका था। 2019 में एनसीबी ने डोंगरी में दाऊद की ड्रग फैक्ट्री पर छापा मारकर करोड़ों रुपये की ड्रग्स जब्त की थी।

## कुछ ना कहना




बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-

# नागपुर में धरना स्थल खाली करें

## कर्ज माफी पर किसानों का प्रदर्शन, हाईवे जाम; सीएम फडणवीस बोले- बातचीत से हल निकालें

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर में कर्ज माफी की मांग को लेकर जारी किसानों के प्रदर्शन पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया। जस्टिस रजनीश व्यास ने सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि प्रदर्शन की अनुमति केवल 24 घंटे के लिए दी गई थी। प्रदर्शनकारी आज शाम 6 बजे तक धरना स्थल खाली करें।

प्रदर्शन की अगुआई कर रहे प्रहार जनशक्ति पार्टी के नेता बच्चू कडू ने कहा, हम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए नेशनल हाईवे छोड़ने के लिए तैयार हैं, लेकिन पुलिस को हमें बताना चाहिए कि वे हमें कहां ले जा रहे हैं और हमारे लिए क्या व्यवस्था कर रहे हैं। किसानों के प्रदर्शन का आज दूसरा दिन था। किसानों ने स्टेट हाईवे को जाम किया था।

उधर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बच्चू कडू से अपील की कि वे किसानों के मुद्दों पर सरकार के साथ चर्चा करें, न कि ऐसे आंदोलन करें जिनसे जनता को असुविधा हो। एक दिन पहले मंगलवार को भी हजारों किसान नागपुर-हैदराबाद हाईवे (NH-44) पर उतर आए थे। उन्होंने करीब 7 घंटे तक हाईवे जाम रखा था।

किसानों की मांग है कि सरकार ने चुनावों के दौरान कर्ज माफी और फसल बोनस का वादा किया था, लेकिन अब तक किसी को राहत नहीं मिली।



सीएम बोले- मीटिंग में बुलाया लेकिन कडू नहीं आए फडणवीस पुणे में एक कार्यक्रम के लिए पहुंचे थे। वहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि, आंदोलन से पहले, हमने एक बैठक बुलाई थी और आश्वासन दिया था कि बातचीत के जरिए समाधान निकाला जा सकता है। बच्चू कडू पहले तो राजी हो गए थे, लेकिन बाद में उन्होंने बताया कि वह बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। राज्य मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी कडू से संपर्क किया है। बातचीत के बाद ही कोई रोडमैप तैयार किया जा सकता है।



### 'मांगें पूरी होने तक नहीं छोड़ेंगे नागपुर'- बच्चू कडू

अमरावती के चंदुरबाजार से शुरू हुए इस मार्च में शामिल लोगों ने मंगलवार रात को वर्धा में विश्राम किया और फिर नागपुर पहुंचे. कडू ने आंदोलन से पहले कहा था कि उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राजस्व मंत्री और 38 विभागों के सचिवों के साथ बैठक के लिए निमंत्रण मिला है।

कडू ने कहा था कि वह अपने समर्थकों के साथ चर्चा के बाद बैठक में भाग लेने के बारे में निर्णय लेंगे. उन्होंने चेतावनी दी कि केवल बातचीत के वादे पर आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने घोषणा की कि जब तक सरकार किसानों को पूर्ण ऋण माफी प्रदान करने के लिए ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक प्रदर्शनकारी नागपुर नहीं छोड़ेंगे।

### अब जानिए क्यों हुआ आंदोलन

किसानों का आरोप है कि राज्य सरकार ने चुनाव से पहले कर्ज माफी और बोनस देने का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बच्चू कडू ने कहा कि 'सरकार ने हर फसल पर 20त्न बोनस और सोयाबीन पर रू 6000 देने की बात कही थी, पर अब तक किसानों को कुछ नहीं मिला। मुख्यमंत्री के पास किसानों से मिलने का समय तक नहीं है।' प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पिछले एक साल में सूखा और ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। इसके बावजूद, सरकार ने मुआवजे की प्रक्रिया में ढिलाई दिखाई है। कडू ने कहा, 'कर्ज में डूबे किसान आत्महत्या कर रहे हैं। जब तक पूरा कर्ज माफ नहीं किया जाता, हम यहां से नहीं हटेंगे।'



### नागपुर में सीएम के घर की सुरक्षा बढ़ाई गई

आंदोलनकारी किसान अमरावती से चलकर नागपुर तक पहुंचे हैं. इस मार्च को पुलिस ने नागपुर के बॉर्डर पर रोका है और नागपुर में सीएम के घर की सुरक्षा बढ़ा दई गई है. किसानों की मांग है कि उनका कर्ज माफ किया जाए, फसलों के नुकसान की भरपाई हो और फसलों की कीमत एमएसपी से 20 प्रतिशत बढ़ाकर दी जाए।

## भाजपा के हाथ में है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल- राहुल

मुज़फ़्फ़रपुर। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बिहार की बदहाल स्थिति और बेरोजगारी के मुद्दे पर जदयू-भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि अपार संभावनाओं के बावजूद बिहार पिछड़ा हुआ है। बुधवार को राजद नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी नेता मुकेश सहनी, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह के साथ बिहार के मुज़फ़्फ़रपुर में चुनावी प्रचार का आगाज करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल किया कि जब बिहार के लोग दिल्ली, बैंगलोर, मुंबई और दुबई जैसे शहरों को बना सकते हैं, तो बिहार में उन्हें रोजगार क्यों नहीं मिल पा रहा और विकास क्यों नहीं हो पा रहा?



### शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित

जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ के बीच उन्होंने पेपर लीक का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 20 साल से जदयू-भाजपा की सरकार होने के बावजूद शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित रहे हैं। नोटबंदी और जीएसटी को छोटे उद्योगों के लिए विनाशकारी बताते हुए उन्होंने आगे कहा कि देश में हर सामान पर मेड इन चाइना लिखा मिलता है, जबकि हम चाहते हैं कि उस पर मेड इन बिहार लिखा हो। बिहार में फैक्ट्रियां लगें, युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है- कभी राज्य के नालंदा विश्वविद्यालय में दुनिया की सबसे बेहतर शिक्षा मिलती थी। महागठबंधन चाहता है कि बिहार एक बार फिर ज्ञान का वैश्विक केंद्र बने और अमेरिका समेत तमाम देशों के युवा नालंदा विश्वविद्यालय में पढ़ने आएं।

### नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल भाजपा के हाथ में

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि वे 20 साल से सरकार चला रहे हैं और खुद को अति पिछड़ा कहते हैं, लेकिन उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कोई ठोस काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल वास्तव में भाजपा के हाथ में है। भाजपा जैसा चाहती है, नीतीश कुमार वैसा ही करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि लोकसभा में उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने स्पष्ट कहा था कि विभिन्न वर्गों की आबादी का पता करने के लिए जाति जनगणना होकर रहेगी।

तालियों की गड़गड़ाहट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वे गरीबों के लिए नहीं, बल्कि देश के कुछ अरबपतियों के लिए काम कर रहे हैं।

## विजयपुरा में लगातार भूकंप के झटकों से दहशत में आए लोग, दो महीने में 11 झटके दर्ज

विजयपुरा। कर्नाटक के विजयपुरा जिले में लगातार आ रहे भूकंप के झटकों ने लोगों के बीच दहशत का माहौल बना दिया है। पिछले दो महीनों में अब तक 11 बार भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं। मंगलवार देर रात और बुधवार सुबह दोबारा धरती हिलने से लोगों की नींद उड़ गई और घबराए व डरे लोग घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात 11:41 बजे और बुधवार सुबह करीब 5:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 3.0 दर्ज की गई। दोनों बार झटकों के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। सीसीटीवी फुटेज में झटकों के दौरान दीवारों और वाहनों के हिलने के दृश्य रिकॉर्ड हुए, जबकि कई जगहों पर कुत्ते जोर-जोर से भौंकते और इधर-उधर भागते दिखाई दिए।

## दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के तीन ट्रायल हुए नाकाम, प्रोजेक्ट पर 3.2 करोड़ का खर्च

नई दिल्ली। प्रदूषण से जूझ रही दिल्ली में कृत्रिम वर्षा (क्लाउड सीडिंग) का प्रयोग सरकार को महंगा पड़ गया, क्योंकि करोड़ों खर्च करके तीन ट्रायल जो कराए गए वे सभी नाकाम साबित हुए हैं। इस पर मौसम विशेषज्ञों का कहना था, कि हवा में नमी की कमी के कारण इस प्रयोग का असर नहीं हो सका है। इस पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की मौजूदा रेखा सरकार पर तंज कसा- इंद्र देव करेंगे वर्षा और सरकार दिखाएगी खर्चा।

जानकारी अनुसार दिल्ली पर्यावरण विभाग और आईआईटी कानपुर के बीच हुए समझौते के तहत किए जा रहे इस प्रोजेक्ट पर कुल 3.2 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। एक ट्रायल की लागत लगभग 64 लाख रुपये बताई गई है। अब तक तीन ट्रायल किए जा चुके हैं, जिसमें 23, 28 अक्टूबर की दो उड़ानों के दौरान मेरठ से आए विशेष विमान 'सेसना' ने दिल्ली के खेकड़ा, बुराड़ी और मयूर विहार क्षेत्रों में 6,000 फीट की ऊंचाई पर केमिकल छिड़का था। बावजूद इसके बारिश नहीं हो सकी।

### नमी सिर्फ 10-15 फीसद, जरूरी है 50 फिसद

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि क्लाउड सीडिंग तभी कारगर होती है जब हवा में कम से कम 50 फीसद नमी हो। ट्रायल के दौरान नमी मात्र 10-15 फीसद दर्ज की गई थी। यही वजह रही कि प्रक्रिया का असर सीमित रहा। इसी कारण बुधवार को होने वाले ट्रायल को रद्द कर दिया गया।

आप ने वीडियो जारी कर किया तंज

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो जारी कर दिल्ली सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा, 4:30 बज चुके हैं, बारिश का नामोनिशान नहीं है। इन्होंने सोचा होगा— देवता इंद्र करेंगे वर्षा, सरकार दिखाएगी खर्चा।

### सरकार ने कहा- ट्रायल सफल, प्रदूषण घटा

वहीं दिल्ली सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, नमी कम होने के बावजूद ट्रायल से हवा में मौजूद पीएम2.5 और पीएम10 के स्तर में गिरावट दर्ज की गई। इस ट्रायल से पहले मयूर विहार, करोल बाग और बुराड़ी में पीएम2.5 क्रमश: 221, 230 और 229 था। ट्रायल के बाद यह घटकर 207, 206 और 203 रह गया। वहीं पीएम10 का स्तर 209 से घटकर 170 के आसपास पहुंचा। सरकार का दावा है कि इस प्रक्रिया ने वायु गुणवत्ता में सुधार का शुरुआती संकेत दिया है, जबकि वैज्ञानिकों का मत है कि वास्तविक सफलता तभी मिलेगी जब मौसमीय परिस्थितियाँ अनुकूल होंगी।

## भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने म्यूचुअल फंड्स में बड़े बदलाव करने का प्रस्ताव दिया

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने देश से मैंनेज होने वाले म्यूचुअल फंड्स में बड़े बदलाव करने का प्रस्ताव दिया है। इनका उद्देश्य ब्रोकरेज की लागत कम करना, फीस डिस्क्लोजर को स्पष्ट करना और निवेशकों से शुल्क लेने के तरीके को बेहतर करना है। 1996 के म्यूचुअल फंड रेगुलेशंस की समीक्षा करने वाले एक नए कंसल्टेशन पेपर में, सेबी ने एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के लिए लागत संरचनाओं को कड़ा करने का सुझाव दिया है जिससे अधिक लाभ सीधे निवेशकों तक पहुंचे। सबसे बड़े प्रस्तावों में से एक ब्रोकरेज और लेनदेन लागत में भारी कटौती है, इससे म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करना सस्ता होगा।

## फांसी के इंतजार में काटी 12 साल की जेल, बरी होने पर मांगा मुआवजा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट उन 3 व्यक्तियों की दायर रिट याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जिन्होंने गलत सजा और मौत की सजा का दोष झेलने के बाद बरी होने पर मुआवजे की मांग की है। याची ने 12 साल जेल में बिताए और बाद में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बरी किए गए। याचिकाकर्ता ने अपनी गलत गिरफ्तारी, अभियोजन और दोषसिद्धि के लिए मुआवजे की मांग की है। मुख्य याचिकाकर्ता 41 वर्षीय रामकिरत मुनिलाल गौड़ है, जो महाराष्ट्र राज्य से गलत दोषसिद्धि और बारह साल की कैद, जिसमें से छह वर्ष उन्होंने फांसी की सजा के इंतजार में बिताए। उन्होंने मुआवजा मांगा है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बरी करते समय पाया था कि उनकी दोषसिद्धि त्रुटिपूर्ण और दूषित जांच पर आधारित थी। पीठ ने मामले में 27 अक्टूबर को कहा कि हम भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अटॉर्नी जनरल से आग्रह करते हैं कि वह इस मामले में अदालत की सहायता करें। दूसरे याचिकाकर्ता तमिलनाडु के कट्टावेल्लई और उत्तर प्रदेश के संजय को भी हत्या व बलात्कार के मामले में मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी जिन्हें बाद में सुप्रीम कोर्ट ने बरी किया था। कट्टावेल्लई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि गलत तरीके से कैद करने के मामलों में मुआवजा देने के लिए एक कानून होना चाहिए।

**अदालतों में आपराधिक मामलों में आरोप तय होने में लंबी देरी पर चिंतित सुप्रीम कोर्ट**

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का पालन नहीं कर रही अदालतें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देशभर की अदालतों में आपराधिक मामलों में आरोप तय करने में हो रही लंबी देरी पर चिंता जाहिर की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह देरी न्याय प्रणाली की दक्षता पर गंभीर सवाल पैदा करती है। कई बार आरोपी सालों तक जेल में बंद रहते हैं, लेकिन मुकदमा शुरू ही नहीं हो पाता। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि देशभर में कई इसतरह के केस हैं, जिसमें चार्जशीट दाखिल हुए 3-4 साल हो गए, लेकिन मुकदमा शुरू ही नहीं हुआ। शीर्ष अदालत ने साफ संकेत दिया कि वह अब इस समस्या पर पूरे देश के लिए समान दिशानिर्देश जारी करने पर विचार होना चाहिए है, ताकि इस प्रणालीगत देरी को समाप्त कर सके। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा को अमाइकस क्यूरी (न्यायालय मित्र) नियुक्त किया है। साथ ही भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अटॉर्नी जनरल से भी विषय पर न्यायालय की सहायता करने को कहा गया है। अदालत ने बिहार राज्य के वकील को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया है।

पीठ एक इसतरह के मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोपी करीब दो साल से जेल में था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि चार्जशीट 2023 में दाखिल की गई थी, लेकिन अभी तक आरोप तय नहीं हुए हैं। इस पर जस्टिस अरविंद कुमार ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, दीवानी मामलों में मुद्दे तय नहीं होते, आपराधिक मामलों में आरोप तय नहीं होते। आखिर कठिनाई क्या है? अगर यह स्थिति जारी रही, तब हम पूरे देश के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने की कोशिश में है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 251(बी) में यह प्रावधान है कि सत्र न्यायालय के मामलों में पहली सुनवाई से 60 दिनों के भीतर आरोप तय किए जाने चाहिए, लेकिन अदालतों में इसका पालन नहीं हो रहा।



## बालाघाट में कोडविटा और हैकथॉन सेमिनार का आयोजन किया

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** आज सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड पॉलिटेक्निक, बालाघाट में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की टीम द्वारा कोडविटा और हैकथॉन पर एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। टीसीएस टीम के एचआर मैनेजर श्री प्रतीक अगवान और श्री राहुल पटेल ने विद्यार्थियों को कोडिंग प्रतियोगिताओं, इनोवेशन और आईटी उद्योग में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोडविटा और हैकथॉन जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की तकनीकी क्षमता को निखारने और उन्हें कॉर्पोरेट जगत में प्रवेश के लिए तैयार करने का एक उत्कृष्ट माध्यम हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गोरखनाथ भुरे ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार विद्यार्थियों को उद्योग की नवीनतम प्रवृत्तियों से अवगत कराते हैं और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करते हैं। संस्था के डायरेक्टर संजीव कुमार मिश्रा सर, अंशुल जैसवाल सर एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गुप्ता और सीईओ मितेश शुक्ला ने टीसीएस टीम का स्वागत किया और छात्रों को ऐसे अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया साथ ही सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की सेमिनार के अंत में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया, जिसमें टीसीएस टीम ने उनके सभी तकनीकी और करियर से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस, आईटी और अन्य इंजीनियरिंग शाखाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## पेज नं. १२ का शेष...

### अब मुझे आश्वासन नहीं ,काम की तारीख चाहिए-सुधीर

पार्षद सुधीर चिले ने नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों की जमकर क्लास लगाई कहा कि आज भी उनके वार्ड में साफ सफाई और पानी की समस्या बनी हुई है । उनके वार्ड में निर्माण कार्य किए जाने की तो बात कही गई है और काम पास भी हुए हैं , लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुए। कई बार उन्होंने नगर पालिका में अधिकारी कर्मचारियों को काम जल्दी शुरू किए जाने को लेकर बात भी कही है, किंतु उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। उन्होंने कहा कि अब मुझे आश्वासन नहीं चाहिए मुझे सीधे काम कब शुरू किया जाएगा इसकी तारीख चाहिए । उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रुकने के स्थान रेन बसेरा पर भी कई सवाल खड़े किए और कहां की आखिर क्यों नगर पालिका के वीआईपी गेस्ट हाउस को मुख्य नगर पालिका के अधिकारियों को रहने के लिए दिया जा रहा है । जबकि गेस्ट हाउस जिसे मात्र 900 रूपये महीने में दिया जाता है जो कि गलत है उन्होंने कहा कि नगर पालिका में वह कोई जानकारी मांगते हैं तो उन्हें नगर पालिका द्वारा जानकारी तक नहीं दी जाती । जबकि उन्होंने जानकारी लिए जाने के लिए सूचना का अधिकार भी लगा कर रखा हुआ है ।

### वार्ड क्रमांक 32 नगर पालिका के क्षेत्र में नहीं आता - राज

राज हरिनखेडे ने कहा कि वार्ड क्रमांक 32 नगर पालिका के क्षेत्र में नहीं आता, जिस कारण से वार्ड क्रमांक 32 में बीते कई महीनो से नगर पालिका द्वारा मूलभूत सुविधाएं नहीं दी जा रही है । वह लगातार कर्मचारियों को फोन कर वार्ड में सफाई और बिजली सहित पानी के लिए फोन करते हैं, तो उनकी कोई सुनवाई नहीं होती । उन्होंने विद्युत विभाग की इंजीनियर को भी आडे हाथों लेते हुए कहा कि उन्होंने कई बार उनसे संपर्क किया, लेकिन उन्हें बिजली के कार्य के लिए सिर्फ आश्वासन मिला है । अब वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द उनके वार्ड में काम किया जाए उन्होंने वार्ड में सफाई गाड़ी के विषय पर भी कहा कि उन्हें कई महीनो से गाड़ी तक नहीं दी जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य प्रभारी से जल्द से जल्द वार्ड में सफाई व्यवस्था बनाए जाने को लेकर अपनी बात रखी।

### हमारे अधिकारों का हनन हो रहा है - श्वेता जैन

पार्षद श्वेता जैन ने नगर पालिका के कार्यालय अधीक्षक श्री त्रिपाठी पर सवाल खड़े किए कि आखिर वह क्यों परिषद की बैठक में नहीं है, उन्हें वह बीते कई महीनो से संकल्प पत्र की कॉपी मांग रही है जबकि यह उनके अधिकार के अंतर्गत आता है, किंतु उन्हें कई महीनो से संकल्प पत्र की काफी नहीं दी जा रही है । उन्होंने बताया कि आज नगर पालिका में उनके अधिकारों का हनन हो रहा है । जिसकी शिकायत उन्होंने भोपाल जेडी स्तर पर भी की हुई है, उन्होंने यहां तक कह दिया कि यदि उन्हें संकल्प पत्र की कॉपी नहीं दी जा सकती, तो वह अभी परिषद की बैठक में इस्तीफा दे देंगी । उन्होंने कहा कि उनके द्वारा नगर पालिका में कई जानकारी के लिए सूचना का अधिकार लगाया गया है, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें सूचना के अधिकार की जानकारी तक नहीं दी जा रही है । उन्होंने कुछ महिला पार्षद के पतियों पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि उन्हें बीते दिनों महिला पार्षद के पति से सूचना मिली थी बैठक को लेकर , तो उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि कोई भी महिला पार्षद के पति नगर पालिका में हस्तक्षेप ना करें और इस प्रकार की जानकारी उन्हें संबंधित सभापति , नगर पालिका कर्मचारियों से ही दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका में संबंधित पार्षद , सभापतियों के पतियों को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए । नगर पालिका में कई वर्षों से जमे बाबू और कर्मचारियों पर भी सवाल खड़े किए उन्होंने कहा कि नगर पालिका की कई शाखाएं ऐसी है जहां पर अधिकारी , कर्मचारी कई वर्षों से जमे हुए हैं उन्हें हटाना चाहिए। उनके स्थान पर दूसरे अधिकारी कर्मचारियों को बिठाना चाहिए लंबे समय से एक ही शाखा में पदस्थ होने के कारण कई कर्मचारी जन प्रतिनिधियों की बातों को नहीं मान रहे हैं । उन्होंने लेखापाल पर सीधे निशाना साधा और जानकारी नहीं दिए जाने की बात कही।

### कर्मचारीयों को नियम अनुसार काम करना चाहिये - योगिता बोपचे

पार्षद रैना सुराना , सभापति योगिता बोपचे सहित कुछ पार्षद ने भी नगर पालिका के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी नियमानुसार कार्य नहीं करते। योगिता बोपचे ने बताया कि बीते दिनों जानकारी मिली कि नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी कर्मचारियों द्वारा जनप्रतिनिधि सहित पार्षदों को तय समय अनुसार नहीं दी गयी, इस प्रकार नहीं होना चाहिए। रैना सुराना ने वार्ड में साफ सफाई को लेकर भी परिषद में अपनी बात रखी और कहा कि इतवारी बाजार में सफाई का अभाव देखा जा रहा है। वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद ने भी आरोप लगाए कि उनके वार्ड में मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत कार्य तो स्वीकृत कर दिए गए लेकिन आज तक उनके वार्ड में कोई कार्य नहीं किए गए जो कि गलत है । उन्होंने परिषद की बैठक में सीधे कहा कि जो ठेकेदार बड़े स्तर के हैं और वह काम लेकर काम नहीं करते तो उन्हें दोबारा काम नहीं दिया जाना चाहिए और उन्हें ब्लैक लिस्ट. किया जाना चाहिए।

### सभी की सहमति लेकर प्रस्ताव पारित किए गए - योगेश बिसेन

परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे योगेश बिसेन ने बताया कि आज की परिषद की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर के निर्देशों के तहत आयोजित की गई थी। इसमें शासन स्तर के कुछ प्रस्ताव रखे गए थे जिन्हें तय समय पर पास करना था। साथ ही कुछ वार्डों के भी प्रस्ताव थे जिन पर सभी की सहमति लेकर प्रस्ताव पारित किए गए । साथ ही कुछ पार्षदों द्वारा अधिकारी , कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए गए हैं । जिन पर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा। कांग्रेसी पार्षदों को लेकर योगेश बिसेन ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि कांग्रेस पार्षदों द्वारा बैठक का बहिष्कार क्यों किया गया है।

# नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर धोखाधड़ी मामले में दो आरोपियों को चार और तीन वर्ष की सजा

**अर्चना पवार को 4 वर्ष और मो. नौशाद अली को 3 वर्ष की सश्रम कारावास, रायपुर मंत्रालय में नौकरी लगाने दो महिलाओं से लिए थे 4लाख90 हजार रुपये**

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में तथाकथित पत्रकार अर्चना पवार को 4 वर्ष की सश्रम कारावास और उसके साथी मो.नोशाद अली को 3 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत ने दोनों आरोपी को उक्त सजा के अलावा अर्चना पवार को 25 हजार रुपये अर्थदंड और मो. नौशाद अली को 5हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये है। इस मामले का एक अन्य आरोपी खुशबू खान पति हुसैन रिजवी उर्फ़ हसन खान फरार है।ज्ञात हो की अर्चना पवार पिता योगेंद्र सिंह जैतवार 36 वर्ष ग्राम मरेरा (बोरी) थाना लालबर्रा और मो. नौशाद अली पिता मोहताब अली 25 वर्ष वार्ड नंबर 20 सुपेला भिलाई थाना वैशाली नगर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ निवासी है।

अर्चना पवार और मोहम्मद नौशाद अली ने मीनाक्षी क्षीरसागर एवं ओम लता भेरम से छत्तीसगढ़ राज्य के मंत्रालय रायपुर में क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2लाख 50 हजार रुपये एवं 2लाख 40 हजार रुपये कुल 4 लाख 90 हजार रुपये लेकर धोखाधड़ी की थी। सन 2022 के जुलाई माह में अर्चना पवार ने दोनों महिला को जानकारी दी थी कि छत्तीसगढ़ मंत्रालय में क्लर्क की नौकरी निकली है। जिनका मासिक वेतन 45हजार रुपए है। इस नौकरी को करने के कोई इच्छुक हो तो छत्तीसगढ़ मंत्रालय में पदस्थ हसन खान उर्फ हुसैन रिजवी कितना बाबा खान निवासी भिलाई के माध्यम से वह नौकरी दिला सकती है। अर्चना पवार ने उन्हें यह भी बताया थाकी हसन खान उर्फ हुसैन रिजवी की छत्तीसगढ़ मंत्रालय में उच्च अधिकारियों से घनिष्ठ और अच्छे संबंध है। उसके माध्यम से ढाई लाख रुपए खर्च करते हैं तो उसे नौकरी दिलवाया जा सकता है।



दोनों महिला अर्चना पवार के झांसे में आ गई और अर्चना पवार ने हसन खान उर्फ हुसैन रिजवी उसकी पत्नी खुशबू खान के खाते एवं मो नोशाद अली के खाते में फोन पे माध्यम से रुपये डलवाए और स्वयं ने दोनों महिलाओं से रुपए लिए थे। इस प्रकार अर्चना पवार और हसन खान उर्फ हुसैन रिजवी ने छत्तीसगढ़ के मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर दोनों महिलाओं से 4लाख 90हजार रुपये लिए थे। और नियुक्ति पत्र भी दिए थे ।जिसमें छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर का सहायक ग्रेड 3 का पद पर नियुक्त होना बताया गया था। जब फरियादियों ने जानकारी ली तो यह मालूम हुआ कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ऐसी कोई नियुक्ति नहीं निकाल गई है। इस संबंध में जब अर्चना पवार से संपर्क किया गया और रुपए वापस करने कहा गया तो अर्चना पवार ने उन्हें आश्वत कि थी की नियुक्ति पत्र फर्जी नहीं है। अभी आदेश जारी नहीं हुआ है। इस कारण नौकरी के बारे में बाहर से जानकारी नहीं मिल रही है और अर्चना पवार ने उनकी मुलाकात बालाघाट में हुसैन रिजवी से करवाई और दोनों ने कहे की नियुक्ति पत्र असली है और उन्होंने फरियादी महिलाओं को 7 नवंबर 2022 को रायपुर मंत्रालय ने मिलने कहै थे।

जब फरियादी रायपुर पहुंचे।वहा पर हसन खान नहीं मिला मंत्रालय से जानकारी लेने पर यह मालूम हुआ कि ऐसी रिक्ति नहीं निकली है। इसके बाद हसन खान को फोन लगाया गया तो उसका फोन बंद बताने लगा। अर्चना पवार से संपर्क करने पर उसने यह जानकारी दी कि हसन खान को फर्जी नियुक्ति मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके जेल से वापस आने पर पैसे वापस कर दी जाएंगे। लेकिन हसन रिजवी के जेल से निकलने के बाद भी पैसे वापस नहीं किए गए। इस प्रकार अर्चना पवार और हुसैन रिजवी ने एक षड्यंत्र के तहत नौकरी दिलवाने के झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर उनसे 4 लाख 90 हजार रुपये लेकर रुपए लेकर धोखाधड़ी की। इस मामले में कोतवाली बालाघाट में अर्चना पवार जैतवार एवं हुसैन रिजवी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 154/ 2023 में धारा 467 468 419 420 120 बी 34 भादवि के तहत अपराध पंजीपथ का विवेचना की गई। विवेचना दौरान इस मामले में मोहम्मद नौशाद अली और खुशबू खान को भी आरोपी बनाया गया। इस मामले में गिरफ्तारी उपरांत विद्वान अदालत में अभियोग पत्र पेश किया गया था। विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत में इस मामले के चलते खुशबू खान फरार रही। अभियोजन पक्ष आरोपी अर्चना पवार जैतवार और मोहम्मद नौशाद खान के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा जिसके परिणाम स्वरुप विद्वान अदालत ने मामले की समस्त परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी अर्चना जैतवार पिता योगेंद्र सिंह जैतवार को धारा 420 भादवि के तहत अपराध में 2(काउंट)में प्रत्येक काउंट के लिए 4 वर्ष की सश्रम कारावास, प्रत्येक काउंट के लिए 5हजार रुपये अर्थदंड, धारा 471भादवि के तहत अपराध में (2काउंट)में प्रत्येक काउंट के लिए 2 वर्ष का सश्रम कारावास , प्रत्येक काउंट के लिए 5 हजार रुपये अर्थदंड , धारा 120बी भादवि के तहत अपराध में 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 5 हजार रुपये अर्थदंड। आरोपी मो. नौशाद अली पिता मोहताब अली धारा 120 बी सहपठित धारा 420 भादवि तहद अपराध में 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 5हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक एम एम द्विवेदी द्वारा की गई थी। ज्ञात होगी एक ऐसे ही मामले में वारासिवनी की अदालत ने अर्चना पवार और मो. नौशाद अली को 5-5 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है और ऐसा ही मामला अदालत में विचाराधीन है।

# ग्राम दीनी में अवैध शराब की बिक्री पर आंदोलित हुई महिलाऐं

**अवैध शराब बिक्री पर तत्काल लगाई जाए रोक, कहा जुर्माने का प्रावधान, फिर भी गांव में बिक रही शराब**

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** प्रदेश शासन के निर्देशन पर जिले में अवैध शराब निर्माण और उसकी बिक्री रोकने के लिए जिम्मेदारो द्वारा बड़ी संख्या में कार्यवाही की जा रही है। बावजूद इसके भी पुलिस, अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णत: रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है ,और संपूर्ण जिले में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है।अवैध शराब की बिक्री का ताजा मामला जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर रामपायली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दीनी में सामने आया है।जहां के करीब आधा सैकड़ा से अधिक महिला पुरुषों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन सौपकर गांव में तत्काल शराब बंदी किए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने गाव में शराब बिक्री होने से बच्चों और युवाओं में नशे की लत लगने और गांव का माहौल खराब होने की बात कहते हुए शराब बंदी में प्रशासनिक सहयोग की मांग की है।



### गांव में फलफूल रहा शराब का अवैध कारोबार

उक्त मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव दीनी में कच्ची एवं पक्की शराब का अवैध कारोबार तेज गति से चल रहा है। गांव में कई जगह शराब बेची जा रही है। रोजाना शाम को शराबियों का जमघट गांव के चौक, चराहो पर लग जाता हैं जिसके चलते गाँव मे लड़ाई झगडे होते रहते है और ग्राम की शांति व्यवस्था भंग होती है।शराब पीने के बाद पुरुष वर्ग द्वारा महिलाओ को प्रताडित भी किया जाता है।गांव का माहौल खराब हो रहा है।महिला समिति द्वारा समझाइश देने पर भी लोग नही मान रहे है वही गांव में शराब का अवैध कारोबार जमकर फलफूल रहा है।

### समिति बनाकर जुर्माने का भी किया गया प्रावधान, पर नहीं हो रही शराबबंदी

आजीविका नशा मुक्ति महिला संगठन की महिलाओं ने बताया कि गांव में कुछ लोग खुलेआम अवैध तरीके से शराब, धडल्ले से बेच रहे है जिससे गांव का माहौल ख़राब हो रहा है। आये दिन गावं में लड़ाई झगड़ा, मारपीट गंदी-गंदी गाली गलौच का माहौल बना हुआ है जिससे स्कूली बच्चे एवं लडकियाँ एवं माताएं बहनों पर विपरित प्रभाव पड़ने की वजह बहुत परेशान है।कई बार पुलिस को सूचना देने के बाद भी शराब बंदी नही हुई। शिकायत रामपायली थाने में भी दी गई है। ग्रामीणों के द्वारा नशा मुक्ति समिति बनाई गई जिसका नाम- आ जी वि का नशा मुक्ति महिला संगठन ग्राम दीनी है।जिसमें निर्णय लिया गया है कि शराब बेचने वालो पर 11000.रू. का जुर्माना, शराब पीकर गाली गलौज करने वाले से 5000 रु का जुर्माना एवं पता बताने वाले के लिए अलग से इनाम रखा गया है। जिसके बाद भी गांव में शराबबंदी नहीं हो पा रही है, इसीलिए हम पुलिस सहयोग की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय आए हैं।

### पुलिस करें भरपूर सहयोग तो नशा मुक्त हो सकता है गांव- उपवंशी

आजीविका नशा मुक्ति महिला संगठन पदाधिकारी श्रीमती उपवंशी ने बताया कि हमारे यहां नशा मुक्ति अभियान आजीविका मिशन के तहत चलाया जा रहा है, महिलाओं के इस संगठन को ग्रामीण भी प्रोत्साहित कर रहे हैं, लेकिन ग्राम नशा मुक्ति नहीं हो पा रहा है। नवयुवक लगातार नशे की गिरफ्त में आ रहे है ,आए दिनों दंगा फसाद होते रहते हैं, गांव में करीब 10 से 12 लोग अवैध तौर पर शराब बनाकर उसकी बिक्री कर रहे हैं, कुछ लोग बाहर से लाकर शराब बेच रहे हैं इसीलिए 18 अक्टूबर से हमने समिति बनाई है इसमें शराब बेचने वाले, पीकर हुडंग मचाने वालों पर जुर्माने का प्रावधान भी रखा है। जब से समिति बनी है तब से दो लोगों को शराब बेचते पकड़ा गया है जिसमें एक महिला भी थी, इसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से की गई जिस पर रामपायली पुलिस द्वारा कार्यवाही तो की गई लेकिन पुलिस त्वरित कार्यवाही नहीं कर रही है। जिसके चलते गांव नशा मुक्ति नहीं हो पा रहा है पुलिस की कार्यवाही काफी धीमी है हम चाहते हैं कि सही वक्त पर पुलिस का भरपूर सहयोग मिले, नशा मुक्त गांव बनाने में महिला पुलिसकर्मी दी जाए, यदि पुलिस हमारा भरपूर सहयोग करेगी तो जल्द ही गांव नशा मुक्त हो जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का हुआ गठन

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में बालाघाट जिले की जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह इस समिति के उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। इस समिति में सांसद, विधायक सहित विभिन्न क्षेत्रों के 20 प्रतिनिधि शामिल किये गये हैं जिनमें उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाजसेवा, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हैं। कलेक्टर इस समिति के सदस्य सचिव होंगें।

जिला विकास सलाहकार समिति में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक संजय उइके, राजकुमार कर्राहे, मधुभगत, श्रीमती अनुभा मुंजारे, विवेक पटेल, गौरव सिंह पारधी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार एवं जिले के समस्त जनपदों के अध्यक्षों को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाजसेवा, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्र के 20 लोगों को इस समिति का सदस्य बनाया गया है। जिसमें पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, भगत सिंह नेताम, पूर्व मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल, लांजी के व्यवसायी राजेश अग्रवाल, शिक्षाविद श्रीमती लता एलकर, व्यापार क्षेत्र से सत्यनारायण अग्रवाल, विधि क्षेत्र से संजय अग्निहोत्री, समाजसेवी योगेश रामटेकर, चिकित्सक डॉ बी. एम. शरणागत, कैलाश चोरडिया, डॉ. वेद प्रकाश लिल्हारे, समाजसेवी अजय सोनी, मलाजखंड से संजय जैसवार, प्रगतिशील किसान लिंगा के विशाल गुड्डा कटरे, मिरगपुर के राजेंद्र देशमुख, कटंगी के गुरुदयाल तामेश्वर, व्यवसायी पवन मंगे और पत्रकार सोहन वैद्य को सदस्य बनाया गया है।

इस समिति का उद्देश्य जिले की जनता जनप्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों की जरूरतों और सुझावों के अनुसार जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएँ बनाना, जिले के परंपरागत कौशल को चिन्हित कर प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल सिद्धांत को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर बढ़ावा देते हुए जिले की समृद्धि का रोड मैप तैयार करना है। समिति जिले की स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए सुझाव पर विचार करने, स्थानीय प्रयासों से प्रचलित नवाचारों को योजना के रूप में मूर्त रूप देना, जिले में रोजगार सृजन और विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्यों के संबंध में सुझाव देना और उद्योग, व्यापार, जल संरचनाओं के संरक्षण, निर्यात, कृषि, खनिज पर्यावरण आदि क्षेत्रों में जिले की कार्य योजना के लिए सुझाव देने का कार्य करेगी।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय में विविध कार्यक्रमं होंगें

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** 01 नवम्बर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन भोपाल के साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में भी किया जाएगा। इस समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ, जिला उत्पादों का प्रदर्शन और उत्कृष्ट कार्यों की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवम्बर के अवसर पर रात्रि को प्रमुख शासकीय भवनों पर प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, जिससे मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का जश्न और भी रोशन होगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, उद्योगपति, समाजसेवी, धर्मगुरु, स्वयंसेवी संस्थाएं, हाईस्कूल और हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वतंत्रा संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानी और शहीद सैनिकों के परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा।

## ग्राम कनकी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहू जयंती

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** ग्राम कनकी में 28 अक्तू मंगलवार को डहरवाल कलार समाज द्वारा जिला कलार, समाज की उपस्थिति में भगवान सहस्त्रबाहू जयंती बडे धूमधाम से मनायी गई, जिसमे विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन किए गए।पदाधिकारी अमृतलाल डहरवाल द्वारा दीप प्रज्वलित व पुजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस दौरान शाम 4 बजे से 5 बजे तक हवन पुजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भाई-बहनों ने भाग लिया। तत् पश्चात अतिथि सम्मान समारोह, रंगोली प्रतियोगीता एवं महाप्रसादी के रूप में भोजन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। बाद में जिला, कलार समाज के पूर्व अध्यक्ष शिवाजी बावीस ताले, भूपेन्द्र डहरवाल, ईश्वरीलाल डहरवाल, मुकेश डहरवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए समाज सुधार का सुत्र बताते हुए कहा कि अन्तरजाति विवाह, व अन्य धर्म अपनाने वालों को कठोर दण्ड देने कि व्यवस्था कि गई है।जिससे समाज सुधर सके। जो हमारे समाज के लोग हिन्दू धर्म छोड़कर दूसरे धर्म का पालन करते हैं। ऐसी बुराई दूर करने के लिए सब को एक जुट होकर विरोध करने का आव्हान किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेन्द्र बिठले, अमृतलाल डहरवाल, गणेश डहरवाल, संजय बघेल, दिलीप डहरवाल, हुकुमचन्द डदरवाल, शारदा डहरवाल ,मनसुख सिवने, सुनील डहरवाल, खेलेश, बेनीराम, सुखलाल, डेलेन्द्र, योगलाल सहित सैक ?ों कार्यकर्ता की उपस्थिति सराहनीय रही।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं शैलेश डहारे पिता कवलदास डाहरे जाति लोधी, वार्ड नं. 17. ग्राम डोंगरगांव, तहसील लांजी, जिला बालाघाट निवासी हूं।

अब तक मेरा नाम शैलेश डहारे के रूप में प्रयोग किया जाता था, जिसे परिवर्तन कर अब शैलेश कुमार डाहरे कर लिया गया है। अतः आगे से मुझे अब शैलेश कुमार डाहरे के नाम से जाना जावें।

**शैलेश कुमार डाहरे**
**वार्ड नं. 17. ग्राम डोंगरगांव , लांजी**

**जमीने बिकाऊ है**

**सागौन प्लांटेशन**
**ढूटी रोड, लामता**
**जिला बालाघाट**

- 3 एकड़ जमीन 800 पेड़ सहित सिंचाई विभाग से बिजली ऑफिस तक
- 2.5 एकड़ जमीन 600 पेड़ सहित सिंचाई विभाग के सामने

संपर्क सूत्र
9412372530, 7974875239
9219659012, 9557122204

**आवश्यकता है**

- मैनेजर - 01 पद
- साफ-सफाई कर्मचारी-01 पद
- रूम सर्विस - 01 पद

(DAY/NIGHT DUTY)
(PART-TIME/FULL TIME)
सैलरी-योग्यतानुसार

**होटल गौरव**
मेन रोड, कालीपुतली चौक के पास बालाघाट
संपर्क-+91-9425138713
881-992-4499
(10:00AM - 05:00 PM)

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

बालाघाट सिटी न्यूज़
पद्मेश न्यूज
बालाघाट एक्सप्रेस
/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

# उपसरपंच सहित 13 पंचों ने भरवेली में शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

## सरपंच सचिव से मांगा साढ़े 3 वर्षो का हिसाब, की जमकर नारेबाज, सरपंच बोली- दे चुके है हिसाब, लोगो को गुमराह कर विकाश कार्यों में डाल रहे बाधा, दोनो ओर से जारी है आरोप, प्रत्यारोप की झड़ी

**सिटी रिपोर्टर।**
**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।**

**सर्द मौसम शुरू होते ही भरवेली पंचायत का राजनीतिक माहौल एक बार फिर गर्म हो चुका है।जहां उपसरपंच सहित 13 पंचो ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर पंचायत के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बुधवार से शुरू किए गए इस अनिश्चितकालीन प्रदर्शन के दौरान विपक्षी पंचो ने पंचायत के जिम्मेदारों पर तरह-तरह के आरोप लगाते हुए सरपंच सचिव से साढ़े 3 वर्षो का हिसाब दिए जाने की मांग की, तो वही अपनी इन मांगो को लेकर उन्होंने जमाकर नारेबाजी कर विपक्षी पंचो की उपेक्षा किए जाने का भी आरोप लगाया है।उधर सरपंच द्वारा समस्त पंचों को पूर्व में ही पंचायत का हिसाब देने की बात करते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे उप सरपंच सहित अन्य पंचों पर लोगों को गुमराह करने और पंचायत के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। इस तरह भरवेली पंचायत के ठीक सामने पंचायत के उप सरपंच सहित अन्य पंचों द्वारा शुरू किए गए इस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के बाद, एक बार फिर से भरवेली पंचायत का सियासी पारा चढ़ गया है।और दोनो ओर से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की झड़ी लगाई जा रही है। उधर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे उपसरपंच सहित अन्य पंचो ने मांग पूरी न होने तक उनका यह धरना प्रदर्शन शुरू रहने की चेतावनी दी है।**

### राजनीति से जुड़ा है पूरा मामला

गांव की सरकार बनाने पंचायत चुनाव में अक्सर इतने अधिक वाद-विवाद होते हैं कि लोग इस एक पंचवर्षीय चुनाव गुजरने के बाद भी चुनावी रंजिश और वाद विवादों को भुला नहीं पाते। वहीं कई जगह तो यह चुनावी रंजिश कई वर्षों और पीढ़ियों तक देखी जाती है।जिससे ना केवल आपसी भाईचारा खत्म होता है बल्कि रिश्ते नातों के साथ-साथ गांव का माहौल भी खराब होता रहता है।कुछ ऐसा ही नजारा पिछले कुछ महीनों से जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भरवेली में देखने को मिल रहा है।जहां निर्वाचित सरपंच, उप सरपंच और सत्ता पक्ष व विपक्षी पंचो के बीच पिछले कई महीनों से चल रहा विवाद, थमने की जगह लगातार बढ़ता जा रहा है।जहां आए दिनों सरपंच व उपसरपंच सहित अन्य पंचो के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। जिसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ,एक दूसरे का जमकर विरोध कर रहे है।पिछले कुछ महीनो से चल रही इन्हीं गतिविधियों के बीच बुधवार को ग्राम भरवेली के ठीक सामने उपसरपंच सहित अन्य विपक्षी 13 पंचो ने टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।जिन्होंने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए, मांग पूरी न होने तक उनका यह धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है।दरअसल यह पूरा मामला राजनीति से जुड़ा हुआ है।कुल मिलाकर कहे तो दोनों ओर से आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है।



### इन 6 सूत्रीय मांगो को लेकर शुरू किया धरना प्रदर्शन

ग्राम पंचायत भरवेली द्वारा कराए गए 72 निर्माण कार्यो में 2-3 करोड़ रु का हिसाब देने, मॉयल से पंचायत को प्राप्त टैक्स की राशि करीब 40-45 लाख रु. का ब्यौरा प्रस्तुत करने, ग्रामकोष की राशि का लेखा जोखा दिए जाने, सरपंच पति के द्वारा निर्माण एवं पंचायत के विभिन्न कार्यो में हस्तक्षेप पर प्रतिबंध लगाने,विगत 3 वर्षो का ग्राम पंचायत भरवेली के पंचो को आय-व्यय का हिसाब देने, और पंचो को अपने अधिकार से सरपंच पति के द्वारा वंचित रखे जाने का आरोप लगाते हुए उपसपंच सहित पंचायत के अन्य 13 विपक्षी पंचो द्वारा बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है।

### अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे उपरपंच सहित 13 पंच

पंचायत द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों में अनिमियता बरतने, पंचायत राशि, प्राप्त टैक्स और मॉयल से प्राप्त राशि का बंटाधार किए जाने का आरोप लगाते हुए भरवेली पंचायत भवन के ठीक सामने वार्ड नंबर 20 के पंच एवं पंचायत उप सरपंच राजेश पिता नगारची बाहेश्वर के साथ-साथ, वार्ड नंबर 01 पंच श्रीमती अनारकली पति किशोर रोतेल ,वार्ड नंबर 2 पंच शरद पिता बंशी कठौते, वार्ड नंबर 6 पंच श्रीमती फूलवती पति राजेश नागेश्वर, वार्ड नंबर 7 पंच रमेश पिता बसंत सहारे, वार्ड नंबर 8 पंच श्रीमती परवीन पति शरीफ खान, वार्ड नं 9 पंच श्रीमती अंजली पति संतोष काकोटिया, वार्ड नं 10 पंच अमीन पिता हबीब खान, वार्ड नंबर 11 पंच श्रीमती मालती पति मोहन साहू, वार्ड नंबर 13 पंच उर्मिला पति लालचंद मालेश,वार्ड नंबर 14 पंच मकसूद पिता हफीज खान, वार्ड नंबर 15 विक्रम सिंह पिता महेंद्र सिंह मर्सकोले, और वार्ड नंबर 19 पंच श्रीमती लतेश्वरी पति भानु बसने द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है।

### जब तक हिसाब नहीं मिलेगा तब तक जारी रहेगा प्रदर्शन -परवीन खान

वार्ड नंबर 8 पंच परवीन खान ने बताया कि हमें 3 वर्षों के आय व्यय का हिसाब चाहिए ,हमें पंचायत की मीटिंग में आय व्यय का हिसाब नहीं मिलता।टीएस की जानकारी नहीं दी जाती, कितनी राशि आई, कितनी खर्च हुई, कितनी जमा है, कोई जानकारी नहीं मिल रही है। पंचायत में विकास कार्य हो रहे हैं लेकिन उनके खर्च का हिसाब नहीं मिल रहा है,पंचायत में आए दिनों सचिव बदलते रहते हैं, इसलिए आज हमने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया है।पंचायत की सरपंच, सचिव व कोई भी कर्मचारी सहित शासन प्रशासन का कोई व्यक्ति पूछने तक नहीं आया है। इसलिए अब जबतक हमें हिसाब नहीं मिल जाता, तब तक हमारा यह अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### यदि जांच हो जाए तो आज ही खत्म कर देंगे धरना प्रदर्शन- राजेश बाहेश्वर

उप सरपंच राजेश बाहेश्वर ने बताया कि आज से हम 13 पंचो ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है, हम चाहते हैं कि हमे इन सा? 3 वर्षो का हिसाब दे, जनता का जो पैसा आया है उसकी जानकारी दी जाए, जनपद पंचायत सीईओ, एडीएम साहब को कई बार आवेदन निवेदन कर चुके हैं, यदि उन मामलों की जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी, यदि जांच होती है तो हम आज ही धरना प्रदर्शन समाप्त कर देंगे, इसके पहले हमने 17 से 18 बार जांच के लिए आवेदन दिया है, लेकिन आज तक जांच नहीं हुई ,बगैर अनुमोदन और बगैर प्रशासनिक अनुमति के बिल निकाले जा रहे हैं, अभी नए सचिव को आए 1 माह भी नहीं हुआ है फिर भी सचिव ने 11 लाख का बिल निकाल लिया है, फर्जी बिल वाउचर लगाकर राशि का आहरण किया जा रहा है, शिकायत करने पर मामले की जांच भी नहीं हो रही है, इसीलिए मजबूरन हमें अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करना पड़ा है।

### मुझे और मेरे पति को जान का खतरा है- गीता बिसेन

सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन ने बताया कि उपसरपंच सहित अन्य पंचों द्वारा लगाए गए सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। एक तरफ गांव में विकास कार्य हो रहा है, दूसरी तरफ उपसरपंच सहित अन्य पंच गांव के विकास में बाधा डालकर धरने पर बैठ गए हैं ,उनकी मंशा क्या है यह हमें नहीं मालूम, लेकिन हमने हर बार मीटिंग में हिसाब दिया है, विशेष ग्राम सभा में 3 वर्षों का हिसाब सचिव द्वारा दिया गया है, सब कुछ होने के बाद भी सरपंच के कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं, उपसरपंच चाहते हैं कि वह महिला सरपंच को दबाकर काम करें,बहारी लोगों के बहकावे में आकर आए दिन कुछ ना कुछ करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि पहले भरवेली में सट्टा चलता था हमने उसे बंद कर दिया, पंचायत का भवन नहीं था, भवन बनवा दिए, अभी बाजार का काम चालू है।लाइबेरी भी बनना है, लेकिन ये लोग मिलकर हमारे खिलाफ शाजिश रच रहे हैं, वे चाहते हैं कि सरपंच का घर टूटे, पद से हमें हटा दिया जाए और फिर वे अपना राज शुरू कर दें, इनके आए दिन कुछ ना कुछ अड़ंगे आते रहते हैं। हमें तो अब इनसे डर लगने लगा है, मुझे और मेरे पति की जान भी जा सकती है, लेकिन हम इनसे नहीं डरेंगे,विकास कार्य इसी तरह चलते रहेंगे अभी बाजार चौक का काम शुरू हो गया है कुछ दिन में लाइब्रेरी का काम भी शुरू हो जाएगा। हमारे पास डेढ़ वर्ष का कार्यकाल बचा है हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द सभी विकास कार्य हो जाए, हमने पिछली मीटिंग में हाथ जोड़कर इसे सभी से शिकवे गीले दूर करके अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य करने कहा था, लेकिन वे नहीं मान रहे हैं और बाहरी तत्वों के बहकावे में आकर विरोध कर रहे हैं जो गलत है।

# विभिन्न वार्डों में पीएम आवास योजनाओं के केम्प लगाए गए

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
शासन के निर्देशानुसार नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा विभिन्न वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बी.एल.सी. घटक/ए.एच.पी.घटक एवं आई.एस.एस. योजना के तहत नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की विभिन्न योजनाएं जैसे स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान किये जाने के उद्देश्य से केम्प आयोजित किये जा रहे हैं।

प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 27 अक्टूबर को प्राथमिक शाला ढीमरटोला में एवं दिनांक 28 अक्टूबर को अंजुमन शादि हॉल बैहर रोड बालाघाट में केम्प का आयोजन किया गया है। केम्प के माध्यम से नागरिकों को शासन की विभिन्न योजना से अवगत कराते हुए योजनाओं के लाम एवं उनका अधिक से अधिक फायदा नागरिकों को प्राप्त हो सके, इसी उद्देश्य से अवगत कराते हेतु उन्हें शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना, जिसके तहत यदि किसी व्यक्ति का कच्चा मकान अथवा भूखण्ड है तो उसे आवास निर्माण किये जाने 2 लाख 50 हजार रू. आंबटित किये जायेंगे। यदि किसी व्यक्ति के पास कच्चा मकान अथवा भारत के किसी भी शहर / गांव में उसके नाम से संपत्ति नहीं होने की स्थिति में 2 लाख रू. बना बनाया ई.डब्लु.एस. मकान प्रदान किया जावेगा। इसी तरह यदि कोई व्यक्ति बैंक के माध्यम से आवास निर्माण हेतु ऋण लेता है तो शासन की योजना अनुसार 1 लाख 80 रू.की ब्याज में अनुदान प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त स्वनिधि योजना मे तहत निकाय सीमा में निवासरत लोगों को अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ किये जाने 15000 रु. का ऋण प्रदान किया जा रहा है। यदि व्यक्ति उक्त 15000 रु. का ऋण बैंक में जमा कर देता है, तो उसे पुन: 25000 रू. का ऋण प्रदान किया जावेगा। इसी तरह शासन की अन्य योजनाओं से लोगों को जागरूक किया गया, तथा अधिक से अधिक योजनाओं का लाभलेने की अपील की गई है।

# वायरल वीडियो मामले में मंडल अध्यक्ष ने दी सफाई

## कहा भतीजे को समझा रहा था, मेरे साथ हो रही है राजनीति, वीडियो को किया गया हैं एडिट

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** बीते दिनों जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गोंगलाई में भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा एक युवक को डंडे से मारे जाने का वीडियो खूब वायरल हुआ था । और युवक के पिताजी की शिकायत पर मंडल अध्यक्ष पर ग्रामीण पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। जिसके बाद मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि बीते दिनों जो गांव में झगड़ा हुआ था , इसकी प्रमुख वजह युवको द्वारा नशे में आकर उनके परिचितों के साथ चाकू दिखाकर मारपीट की जा रही थी, जिसमें उनके द्वारा समझाइश दी गई थी । किसी को उन्होंने दुर्भावनावश मारपीट नहीं किया था । किंतु उनके वीडियो को कुछ लोग ने एडिट करके चला रहे हैं और कुछ लोग इसमें राजनीति रोटी सेख रहे हैं जो कि गलत है।



जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत गोंगलाई में बीते दिनों मंडई में कुछ युवकों के द्वारा नशे में आकर कुछ युवकों से जबरन पैसे वसूली की जा रही थी ।जिस पर ग्रामीणों द्वारा युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया था। जिसमें पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए युवकों का जुलूस भी निकाला गया था और उन्हें न्यायालय से जेल भेजा गया था। उसके ठीक एक दिन बाद इसी मामले में भाजपा के मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। जिसमें सतीश लिल्हारे एक कुर्सी पर बैठे युवक को डंडे से मारता हुआ दिखाई दे रहा था, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और सतीश की शिकायत युवक के पिता द्वारा ग्रामीण थाने में की गई , जिस पर पुलिस ने मामला भी कायम किया , जिसके बाद 29 अक्टूबर को सतीश ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जो वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है उसमें उनकी कोई गलती नहीं है। बल्कि जो युवक नशे में ग्रामीणों के साथ मारपीट कर रहे थे और चाकू दिखाकर कुछ युवकों से पैसे मांग रहे थे ।जिसे वह समझाइश देने के लिए उनके द्वारा युवकों को डराने और समझाने का प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने किसी के साथ दुर्भावना वश मारपीट नहीं की है। किंतु कुछ लोगों ने उनके वीडियो को एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और दुर्भावना वश उनके खिलाफ शिकायत करवाई गई, उन्होंने यह भी बताया कि कुछ राजनीतिक लोग इस मामले में राजनीति कर रहे हैं, जो कि गलत है ।जबकि पूरा गांव और क्षेत्र जानता है कि उनकी युवकों से व्यक्तिगत कोई दुश्मनी नही हैं । बल्कि जिस युवक को उनके द्वारा समझाइश दी जा रही थी, वह उनका भतीजे ही है।

# एलपीजी गैस वितरकों ने नगर में निकाला मौन जुलूस

## कैंडल मार्च के साथ की कमीशन बढ़ाने की मांग, मांग पूरी न होने पर 6 नवंबर से हड़ताल के दिए संकेत

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।**
प्रति गैस सिलेंडर कमीशन बढ़ाए जाने की मांग को लेकर 24 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपने के बाद, एलपीजी गैस वितरण जिला एसोसिएशन द्वारा 29 अक्टूबर को नगर में एक मौन जुलूस निकाला गया।जिसके माध्यम से एलपीजी गैस वितरकों ने प्रति गैस सिलेंडर कमीशन बढ़ाए जाने की मांग की।बुधवार को अंबेडकर चौक में मौन जुलूस के दौरान किए गए कैंडल मार्च में एलपीजी गैस वितरकों ने मांग पूरी न होने पर 6 नवंबर से गैस की आपूर्ति और उनका वितरण बंद करने के साथ-साथ अपनी इसी मांग को लेकर हड़ताल किए जाने के संकेत भी दिए हैं। एलपीजी गैस सिलेंडर की वितरकों द्वारा बताया कि डीजल के बढ़े हुए दाम, वाहन मेंटनेंस, कर्मचारी व ऑफिस खर्च सहित लगातार बढ़ती लागत से जिले में गैस वितरण का कार्य करना मुश्किल हो रहा है, वही सेवा दरों में वृद्धि न होने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। घरों में गैस सिलेंडर डिलीवरी का खर्च हर महीने बढ़ रहा है, जबकि दरें कई वर्षों से अपरिवर्तित हैं। प्रति सिलेंडर पर दिया जाने वाला कमीशन काफी कम है। जिसे बढ़ाया नहीं जा रहा है। इसीलिए आज मौन जुलूस निकालकर कैंडल मार्च प्रदर्शन किया गया है ताकि शासन व कम्पनी तक हमारी बात पहुंचे और कंपनी द्वारा हमारा कमीशन बढ़ाया जाए। जिससे कार्यालय मेंटेनेंस करने के साथ-साथ हम एलपीजी गैस वितरण का कार्य पूर्व की भांति सुचारू रूप से कर सके, उन्होंने आगे बताया कि कमीशन ना बढाने से वितरकों को भारी घाटा हो रहा है।जबकि पिछले कुछ वर्षों में परिवहन, मजदूरी और अन्य खर्च दोगुने हो चुके हैं, लेकिन सेवा शुल्क में कोई सुधार नहीं हुआ है।




### तो 6 नवंबर से कार्य बंद हड़ताल भी की जा सकती है- खुशबू नागेश्वर

एलपीजी गैस वितरक संगठन जिला अध्यक्ष खुशबू नागेश्वर और प्रोपराइटर बैहर सहित अन्य गैस वितरकों ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे आंदोलन का यह दूसरा चरण था। इससे पहले, 24 अक्टूबर को पहले चरण में एक ज्ञापन भी दिया गया था।लेकिन हमारी इन मांगो पर ध्यान नहीं दिया गया है।वितरकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी उचित मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जाएगा और आने वाले दिनों में एलपीजी वितरण सेवा प्रभावित हो सकती है। संगठन ने यह फैसला लिया है कि आज के इस मौन जुलूस और कैंडल मार्च के बाद भी यदी मांग पूरी नहीं होती तो 6 नवंबर से गैस सिलेंडर की आपूर्ति रोक दी जाएगी,वही जिले में गैस सिलेंडर का वितरण भी नहीं होगा।वही संगठन द्वारा अपनी इस एक सूत्रीय मांग को लेकर 6 नवंबर से हड़ताल भी की जा सकती है।

# सरकारी चिकित्सकों पर तेज होगी कार्यवाही

## निवास से प्रैक्टिस और परामर्श पर कड़ी नजर

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलव ने जिले में पदस्थ समस्त शासकीय चिकित्सकों को निर्देशित किया है कि वे अपने निज निवास से पृथक संचालित किये जा रहे क्लीनिकों को तत्काल प्रभाव से बंद करे दे साथ ही जिले के किसी भी निजी नर्सिंग होम या निजी चिकित्सालय में सेवाए प्रदान करना तत्काल प्रभाव से बंद कर दे। निरीक्षण के दौरान शासकीय चिकित्सकों के किसी भी निजी चिकित्सालय में सेवाए देना पाया जाएगा तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में आया है कि जिले में पदस्थ शासकीय विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों द्वारा अपने निज निवास से पृथक क्लीनिक का संचालक किया जा रहा है। यह भी ज्ञात हुआ है कि, कुछ विषेषज्ञों एवं चिकित्सकों द्वारा अपनी शासकीय सेवा से विभिन्न प्रकार के अवकाश लेकर अपने निजी क्लीनिकों में चिकित्सा व्यावसाय किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यह भी जानकारी प्राप्त हो रही है कि शासकीय विशेषज्ञों विशेषकर निश्चेतना विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिकल स्पेशलिस्ट एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ, द्वारा नगर के निजी चिकित्सालयें/नर्सिंग होम्स में भी जाकर सेवाएं प्रदान की जा रही है।

मध्यप्रदेश शासन ने शासकीय चिकित्सकों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं, जिसके अनुसार शासकीय चिकित्सक को अपने निवास पर निजी प्रैक्टिस के अंतर्गत केवल परामर्श सेवाएं ही देने की अनुमति है, लेकिन इसके लिए भी कुछ शर्तें हैं। उन्हें अपने निवास पर केवल मूलभूत उपकरण जैसे स्टेथोस्कोप, बी.पी. इंस्ट्रूमेंट, ऑप्थलमोस्कोप आदि ही रखने की अनुमति है। इसके अलावा, उन्हें किसी भी निजी नर्सिंग होम या चिकित्सालय में जाकर सेवाएं प्रदान करने की अनुमति नहीं है। ऐसे उपकरण, जिनके लिये पृथक से लायसेंस की आवश्यकता होती है जैसे एक्स-रे मशीन, सोनोग्राफी मशीन, ईकोकार्डियोग्राफी मशीन, आदि तथा शल्य क्रिया में उपयोग किये जाने वाले उपकरण जैसे डेन्टल चेयर, याग लेजर मशीन, पेथालॉजी/माईक्रोबायोलॉजी जांचों हेतु निजी प्रेक्टिस के लिये कोई उपकरण अपने नाम से पंजीकृत कर स्वयं के निवास पर नहीं रख सकते। अपने निवास पर परिजन अथवा अन्य व्यक्ति के नाम से स्थापित/पंजीयकृत उपकरण पर कार्य हेतु स्वयं का नाम रजिस्टर नहीं करा सकते एवं स्वयं उस उपकरण पर कार्य की रिपोर्टिंग भी नहीं कर सकते है।

यदि कोई शासकीय चिकित्सक इन निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है। जिला प्रशासन ने सभी शासकीय चिकित्सकों को निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है। यदि कोई चिकित्सक निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# दो बरस से टूटा पड़ा है सिहोरा-रमपुरी मार्ग पर नाले का पुलिया

## पुलिया क्षतिग्रस्त होने से किसान एवं ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी, जल्द निर्माण करवाने की उठी मांग

**पद्मेश न्यूज । लालबर्रा ।** नगर मुख्यालय से लगभग 6 किमी. दूर ग्राम पंचायत सिहोरा से रमपुरी पहुंच मार्ग के बीच नाले पर बना पुलिया करीब दो साल पूर्व क्षतिग्रस्त हुआ है। लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तक पुलिया का नवीन निर्माण कार्य अब तक नही हो गया है। जिसके कारण रमपुरी सहित अन्य ग्रामों के किसानों को वर्तमान समय में कृषि कार्य के लिए बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मजबूरी में कुछ लोग साइकिल को नाले के अंदर से पैदल लेकर पुलिया पार कर दुसरे साइड की ओर जा रहे है जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही नाले के आसपास स्थित खेतों की मिट्टी का भी कटाव हो चुका है जिससे किसानों को भी काफी नुकसान हुआ है। लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा किसानों एवं ग्रामीणजनों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। वहीं पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण इस मार्ग से आवागमन बंद हो चुका है, ऐसी स्थिति में रमपुरी, घटोलगांव, बहेगांव, जाम, खुरपुड़ी, सिहोरा सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीणजनों सहित राहगीर एवं स्कूली ब%चों व किसानों को अधिक दुरी तय कर खेत व लालबर्रा मुख्यालय की ओर आना-जाना करना पड़ रहा है। साथ ही सबसे अधिक परेशानी किसानों को हो रही है क्योंकि सिहोरा की सीमा में रमपुरी, खुरपुडी के किसानों की खेती एवं रमपुरी की सीमा में सिहोरा के किसानों की खेती है और वर्तमान में धान कटाई का कार्य जारी है। ऐसी स्थिति में उन्हे घुमकर पोड़ी की ओर से अपने खेतों तक पहुंचना पड़ रहा है। जिससे उनका कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण, किसान एवं राहगीरों ने सिहोरा से रमपुरी पहुंच मार्ग स्थित




नाले पर बने क्षतिग्रस्त पुलिया का जल्द नवीन निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

### निर्माण नही होने से ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त

आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत सिहोरा से रमपुरी पहुंच मार्ग के बीच से नाला गुजरा है जिसके कारण नाले के ऊपर पुलिया नही होने के कारण पूर्व में आने-जाने वाले लोगों बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या से निजात दिलवाने के लिए मंडी निधि से विगत वर्ष पूर्व लाखों रूपयों की लागत से सड़क निर्माण के साथ ही नाले के ऊपर पुलिया का निर्माण किया गया था। जिससे ग्रामीणजन व राहगीर आवागमन करते थे परन्तु पुलिया का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण दो वर्ष पूर्व तेज बारिश व नाले में बाढ़ आने से पुलिया, रिर्टनिंगवॉल पुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर ढह चुकी है। जिसके बाद से इस पुलिया के ऊपर से आवागमन बंद हो चुका है लेकिन कुछ लोग क्षतिग्रस्त पुलिया के बाजू से नाले के अंदर से आना-जाना करते है। वहीं नाले में बने पुलिया ढह जाने से आवागमन में हो रही परेशानियों की समस्या से कई बार ग्रामीणजन, राहगीर एवं पंचायत के द्वारा जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारी, सड़क विभाग को अवगत करवा चुके है लेकिन उनके द्वारा भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। इस तरह से जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन की उदासीनता के चलते करीब दो वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हुए पुलिया का अब तक मरम्मत या निर्माण कार्य नही हो पाया है। जिससे ऐसा लगता है कि जिम्मेदारों को ग्रामीणों समस्या से उन्हे कोई सरोकार नही है। तभी तो क्षतिग्रस्त हुए करीब दो साल बीतने लगे है किन्तु पुलिया के निर्माण हेतु कोई सार्थक प्रयास नही किये गये है। जिसके कारण अब तक निर्माण कार्य नही हुआ है और किसान, ग्रामीणजन परेशान होते नजर आ रहे है। वहीं पूर्व में यह पुलिया एवं सड़क मंडी निधि में थी लेकिन अब प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग में शामिल हो चुकी है परन्तु उनके द्वारा भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणजनों व राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

### आने-जाने में हो रही परेशानी - संतलाल

संतलाल कावरे ने बताया कि रमपुरी से सिहोरा के बीच नाले के ऊपर बना पुलिया दो साल पहले क्षतिग्रस्त हो चुका है और वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव के समय क%चा मरम्मत कार्य करवाया गया था। जिसके बाद नाले में बाढ़ आने से पुन: पुलिया ढहकर बह चुका है जिसके बाद से आवागमन बंद हो चुका है। श्री कावरे ने बताया कि पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने से सबसे अधिक परेशानी किसानों एवं पढ़ाई करने वाले ब%चों को होती है, अधिक दुरी तय कर आवागमन करना पड़ रहा है। जबकि इस पुलिया एवं मार्ग से आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणजन आवागमन करते थे एवं कुछ लोग जान जोखिम में डालकर नाले के अंदर से आना-जाना कर रहे है जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। लेकिन जिम्मेदार कोई ध्यान नही दे रहे है जिसके कारण लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।



### पुलिया का जल्द निर्माण करवाये प्रशासन - हरिलाल

हरिलाल दमाहे ने बताया कि दो वर्ष पुर्व नाले के ऊपर बना पुलिया क्षतिग्रस्त हुआ है लेकिन अब तक किसी भी तरह मरम्मत कार्य नही करवाया गया है। साथ ही नाले के किनारे स्थित खेतों की मिट्टी का भी कटाव हुआ है किन्तु प्रशासन के द्वारा इस समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। श्री दमाहे ने बताया कि नाले के दोनों साईड में सिहोरा, रमपुरी, खुरपुड़ी के किसानों की खेती है और कम दुरी का एक मात्र रास्ता यही पुलिया था, लेकिन वह क्षतिग्रस्त होने के कारण अब 2 से 3 किमी की अधिक दुरी तय कर आना-जाना करना पड़ता है। जिससे किसानों का कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि सिहोरा से रमपुरी पहुंच मार्ग स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया का जल्द निर्माण करवाये ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



---

## मिरेगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

**पद्मेश न्यूज । लालबर्रा ।** नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी दूर ग्राम पंचायत मिरेगांव में डहरवाल (कलार) समाज के द्वारा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि मंगलवार को मिरेगांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह जयंती कार्यक्रम डहरवाल (कलार) समाज मिरेगांव के पदाधिकारियों एवं स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने भगवान सहस्त्रबाहु के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र%वलित कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं उपस्थितजनों ने भगवान सहस्त्रबाहु के बारे में बताते हुए सभी भगवान सहस्त्रबाहु के आदर्शों पर चलते हुए समाज को एकजुट बनाने और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक जागरूकता के क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही गई। वहीं जयंती समारोह के माध्यम से सामाजिक बंधुओं को एक मंच पर लाकर, सामाजिक, समरसता और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर डहरवाल कलार समाज मिरेगांव के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में

## रमपुरी में 'दूध मोंगरा' छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य कार्यक्रम 5 नवंबर को

**पद्मेश न्यूज । लालबर्रा ।** नगर मुख्यालय से लगभग 6 किमी दूर ग्राम पंचायत रमपुरी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम स्थित स्कूल ग्राउण्ड में आगामी 5 नवंबर को दिन-रात के मेले का आयोजन किया गया है। चर्चा में सार्वजनिक मेला उत्सव समिति मिरेगांव के पदाधिकारी भेजलाल माने ने बताया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिन-रात के मेले के अवसर पर क्षेत्रीयजनों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए 5 नवंबर को रात 9 बजे से छत्तीसगढ़ की सुप्रसिध्द संस्था पीसीलाल यादव कृत 'दूध मोंगरा' पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य संस्था गंडई जिला राजनांदगाव (छत्तीसगढ़) का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें संस्था के गायक गौतमचंद जैन, द्वारिका प्रसाद यादव, गायिका सरस्वती निषाद व सुखियारीन मानिकपुरी अपनी सुमधुर गीतों पर सुवा, कर्मा, ददरिया, पंथी, राऊत नाचा और देशभक्ति गीतों पर जीवंत छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झांकी के साथ नृत्यों की प्रस्तुती देगें। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील आयोजक समिति के अध्यक्ष सहेजलाल माने, उपाध्यक्ष टेकचंद रहांगडाले, सचिव, कोषाध्यक्ष भोजराज रहांगडाले, भेजलाल माने, जीवनलाल दशरिये, श्यामलाल माने, गोविंदराम माने, बिसनलाल माने, नरेंद्र रहांगडाले, चंद्रेश दशरिये, सोनेलाल माने, बाबूलाल माने सहित समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

## खमरिया में दिन-रात का मेला 5 को

**पद्मेश न्यूज । खमरिया/लालबर्रा ।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया में सार्वजनिक कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति के तत्वाधान में आगामी 5 नवंबर को दिन-रात के मेले का आयोजन किया गया है। चर्चा में सार्वजनिक कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति खमरिया के पदाधिकारियों ने बताया कि खमरिया के बाजार चौक में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 5 अक्टूबर को दिन-रात के मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रात 9 बजे से मैं तोर चंदा सुरज गोदा छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समिति अध्यक्ष अमित डहरवाल, उपाध्यक्ष लक्की चौहान, उमेश चौधरी, सचिव उमा सहारे, दुर्गेश चाकोले, कोषाध्यक्ष अजय चाकोले, संजय चौधरी, संरक्षकगण श्रीमती %योति अनिल टेंभरे सरपंच, योगराज पटले उपसरपंच, श्रीमती यशवंता राधेलाल गाते, श्रीमती लक्ष्मी भोजराम वाघाड़े, शिवप्रसाद शर्मा, अनिल टेंभरे, दिनेश चौहान, रामदिन डहरवाल, गुलाब चौधरी, बंटी डहरवाल, डालीराम नागेसे, प्रदीप डहरवाल, टोलीराम रोकड़े, ज्ञानीराम पारधी, अनुप पटले, डिलेश्वर रोकड़े, किरण मेश्राम, रामेश्वर चौरे, शिवा खरोले, मिलन नागोसे, अंकित चाकोले, स्नेहिल वाघाड़े, सत्यम सहारे, अनिल सैयाम, राजा पटले, अमित पुशाम, कैलाश चौबे, सुरेन्द्र मेश्राम, शिवानी चौधरी सहित अन्य सदस्यगण एवं ग्रामीणजनों ने की है।

## महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास पर प्रेरणा सत्र का हुआ आयोजन





**पद्मेश न्यूज । लालबर्रा ।** नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में उ'च शिक्षा विभाग के निर्देश के परिपालन में 29 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तिव विकास के उद्देश्य से प्रेरणा सत्र का ऑनलाइन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रेरणा सत्र कार्यक्रम जिसका विषय तनाव प्रबंधन के लिए आंतरिक शाक्ति को बढ़ाना विषय पर मार्गदर्शन देने के लिए डॉ. शिवकुमार राय फण्डर एवं चेयर मेन फोर्थ वाईस मीडिया नेटवर्क प्वाइंट आउट ग्रुप नई दिल्ली के द्वारा तनाव प्रबंधन एवं आंतरिक शक्ति को मजबूत करने के विभिन्न पहलुओं से प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को ऑनलाईन के माध्यम से अवगत करवाया गया। साथ ही तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं बेडमिंटन खिलाडी साइना नेहवाल, फिल्म अभिनेता अनूपम खेर एवं अन्य प्रसिध्द व्यक्तित्व के धनी व्यक्तियों के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए प्रेरित किया गया और जीवन में आशावादी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के प्रेरणा से प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुमन बरवा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे के संयोजन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत, डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. देवराज चौरे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, डॉ. ऋषिकेश पटेल, श्रीमती संध्या परते, नरेश सौलखे, मनीष शिवहरे, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. कामाक्षा बिसेन, डॉ. आशा कारे, श्रीमती आरती विश्वकर्मा, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, वेंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता ऐड़े, श्रीमती वंदना कुर्वे, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, मिनेश पंचेश्वर, प्रशिक हुमनेकर, कु. सोनम हरिनखेड़े, निशांत तलवरे एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

---

# कीटनाशक के प्रभाव से युवक की संदिग्ध मौत

## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस

**पद्मेश न्यूज । लालबर्रा ।** लालबर्रा थानांतर्गत आने वाले ग्राम साल्हे ला. निवासी एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साल्हे ला. निवासी 28 वर्षीय लिकेश पिता प्रेमलाल बिसेन परिवार के साथ कृषि कार्य करता था। जो मंगलवार को फसल में लगी बीमारी की रोकथाम के लिए खेत कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गया था और शाम में खेत से वापस घर आने के बाद रात में परिवार के साथ खाना खाकर सो गया था एवं परिवार के अन्य सदस्य भी सो गये थे। बुधवार की सुबह जब वह सो कर नही उठा तो परिजन उसके कमरे में जाकर देखे तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था एवं बेसुध अवस्था में था। जिसे देखकर परिजन घबरा गये और उसे तत्काल लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई और पुलिस को एक व्यक्ति की अस्पताल में संदिग्ध स्थिति में मौत हो जाने की जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक कुंवरसिंह टेकाम पुलिसबल के साथ अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर मृत युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक 28 वर्षीय लिकेश बिसेन की शादी नही हुई थी और वह परिवार के साथ कृषि कार्य करता था, जो मंगलवार को फसल में लगी बीमारी की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने खेत गया था और फसल में दवाई का छिड़काव करने के बाद शाम में घर आ गया था एवं रात में परिवार के सदस्यों के साथ खाना भी साथ में खाया था। तब तक स्वस्थ था, जिसके बाद परिवार के लोग अपने-अपने कमरे में सो गये। सुबह उठकर देखे तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था। जिससे ऐसा लगा रहा है कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय उसके प्रभाव में आने या रात्रि में कीटनाशक दवाई का सेवन करने, किसी जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने से लिकेश की मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पायेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है।




### यह दु:खद घटना है - जुगल

दूरभाष पर चर्चा में साल्हे ला. सरपंच प्रतिनिधि जुगल भैरम ने बताया कि ग्राम के 28 वर्षीय लिकेश बिसेन मंगलवार को खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गया था और शाम में घर आया तो स्वस्थ था एवं परिवारजनों के साथ रात में खाना भी गया जिसके बाद सभी सो गये। सुबह उठकर देखे तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था, जिसे अस्पताल लेकर आये तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया और इतनी कम उम्र में उसकी मौत होना दु:खद घटना है जिससे पुरे ग्राम में शोक की लहर व्याप्त है। श्री भैरम ने बताया कि किस कारण से उसकी मौत हुई है स्पष्ट नही हो पाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। लेकिन युवक बहुत अच्छा था और परिवारजनों को कृषि सहित अन्य कार्य में पुरा सहयोग करता था, मृतक युवक के परिजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाया जायेगा।

### मामले की जांच की जा रही है - कुंवरसिंह

दूरभाष पर चर्चा में सहायक उपनिरीक्ष कुंवरसिंह टेकाम ने बताया कि अस्पताल से जानकारी मिली थी कि एक युवक की मौत हो गई है जिसके बाद अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की गई एवं मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि मंगलवार को वह खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गया था एवं रात में परिवार के साथ खाना भी खाया है उस समय तक स्वस्थ था। सुबह देखे तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था एवं अस्पताल लगाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि कीटनाशक दवाई के प्रभाव में आने और रात्रि में उसका असर शरीर में करने से उसकी मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पायेगा। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## नेवरगांव वा. में मनमोहनी छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम आज

**पद्मेश न्यूज । लालबर्रा ।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवरगांव वा. में नवमीं मंडई समिति के तत्वाधान में 30 अक्टूबर को दिन-रात की मंडई का आयोजन किया गया है। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारी राजा खान ने बताया कि नवमीं मंडई के अवसर पर ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए 30 अक्टूबर को रात 9 बजे से मनमोहनी छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समिति अध्यक्ष आशिक रजा खान, उपाध्यक्ष राधेलाल बिसेन, किशोर जामरे, सहउपाध्यक्ष दिलीप कावरे, सचिव प्रशांत भालेकर, सहसचिव यादोराव जामरे, कोषाध्यक्ष पवन मंडलवार, सहकोषाध्यक्ष मुकेश हनवत, कपिल गुर्जर, संगठन मंत्री रतिराम खरे, सहसंगठन मंत्री बसंत तुरकर, मीडिया प्रभारी निखिल भैरम, राज बिसेन सहित अन्य पदाधिकारी, संरक्षकगण एवं ग्रामीणजनों ने की है।

# रामपायली पुलिस ने अवैध उत्खनन पर की कार्यवाही

## रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे चार ट्रेक्टर जब्त







**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** रामपायली पुलिस ने २९ अक्टूबर को थाना अंतर्गत दो स्थानों से पुलिस के द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करने के मामले में चार ट्रैक्टर को जप्त कर चोरी का अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। वहीं पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण कर मुखबिर सूचना पर रेत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को २९ अक्टूबर की सुबह कस्बीटोला ,रेंगाझरी मार्ग में एक ट्रैक्टर रेत के अवैध परिवहन करने तो वहीं दोपहर में वैनगंगा नदी के पुनी घाट में कुछ ट्रैक्टर रेत उत्खनन और परिवहन की मुखबिर सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गई। मामले में पुलिस के द्वारा दोनों स्थान पर दबिश देकर ट्रैक्टर को जप्त कर मामले में अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### कस्बीटोला और रेंगाझरी मार्ग से जप्त हुआ एक ट्रैक्टर

रामपायली थाना अंतर्गत कस्बीटोला और रेंगाझरी मार्ग पर एक ट्रैक्टर के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। जिस पर पुलिस अधिकारी राजीव जांचक के द्वारा मुखबिर के बताए अनुसार कस्बीटोला और रेंगाझरी मार्ग पर तस्दीक की गयी। जहां मार्ग पर रेत का परिवहन कर रहे स्वराज ७३५ एफई ट्रैक्टर को रोका गया। जिससे रेत परिवहन एवं उत्खनन के संबंध में दस्तावेज मांगे गए। जहां उसके द्वारा किसी भी प्रकार के वैद्य दस्तावेज पेश नहीं किए गए। जिस पर पुलिस के द्वारा उक्त ट्रैक्टर को थाने में लाकर चालक से पूछताछ की गई। मामले में पुलिस के द्वारा ट्रैक्टर क्रमांक एम पी ५० ए ए ८४५१ को जप्त किया गया। वही अंशु चक्रवर्ती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा ३०३ (२) ,३१७ (५) गौण खनिज अधिनियम की धारा ५३ (१),४/१२ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा १८४ के तहत अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### पुनी घाट से ३ ट्रैक्टर पुलिस ने किये जप्त

रामपायली थाना क्षेत्र के ग्राम पुनी स्थित वैनगंगा नदी में कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध उत्खनन कर रेत चोरी की जा रही थी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों एवं मुखबिरों के द्वारा पुलिस को की गई। जिस पर पुलिस अधिकारी सुनील पांचाल पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे वहीं माइनिंग विभाग भी नदी में पहुंचे। जिन्हें देख मौके से कुछ लोग ट्रैक्टर लेकर तो कोई ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगे। जिस पर पुलिस के द्वारा मौके से महिंद्रा युवो ५७५ डी आई आयशर ३३३, पावरटेक ४३५ प्लस को जप्त कर ग्रामीणों की मदद से पुलिस थाना रामपायली में लाया गया। जहां ट्रैक्टर के नंबर की तलाश की गई परंतु वह प्राप्त नहीं हो पाए। जिस पर पुलिस के द्वारा अज्ञात तीनों ट्रैक्टरों को जप्त कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा ३०३ (२),३/५ गौण खनिज अधिनियम की धारा ४/२१ के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आदिवासी भाइयों को बहला फुसलाकर बहारी लोग जमीन खरीद रहे है -विवेक पटेल

## गटापायली में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का हुआ लोकार्पण





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गटापायली में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का लोकार्पण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पटेल मौजूद रहे। विधायक विवेक पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक विवेक पटेल ने कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने वाले बेजुबानों को जुबान देने वाले हम बिरसा मुंडा के लोग है। बुंदेलशाह और कुंवर शाह के लोग हैं आदिवासी हमेशा सच्चा होता है कभी झूठ नही बोलता। जो कहता है वही करता है,मेरे विधायक बनने के बाद मुझसे जो भी काम आदिवासी समाज ने मांगा है मैंने सब दिया। मैं आप लोगो के साथ हमेशा खड़ा हुं आप लोगो को जब भी मेरी जरूरत पडे मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हुं। ग्राम के हमारे ग्रामीणजन जैसा विकास चाहेंगे वैसा विकास होगा समाज के लोग जहाँ जैसा बोलेंगे वैसा किया जाएगा। कहीं भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं जाएगी आप लोग जितनी राशि बोलेंगे मैं उतनी राशि विकास के लिए दूंगा। माता पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे,अच्छा संस्कार दे,बच्चे जो देखेंगे वही सीखेंगे,इसलिए बच्चों के सामने अच्छा अच्छा बोले, सभी से अच्छा व्यवहार करें,जैसा हम करेंगे वैसे हमारे बच्चे भी करेंगे। इसलिए बच्चों को अच्छी शिक्षा अच्छा संस्कार दे,याद रखना हमें अपने जल,जंगल, जमीन को बचाना है आदिवासी भाइयों को बहला फुसला कर बहारी लोग उनकी जमीन खरीद रहे है । इस दौरान दीपक मर्सकोले, बिहारीलाल उईके, गणेश कुंभरे, देवराज बिसेन, श्रीराम सैयाम, राजकुमार चौधरी,संदेश बिसेन, संतोष नेताम,महेंद्र परते,शंकर नेताम,ईस्वरीय इडपाचे,परसराम कड़पेती, नरेंद्र परते, धार्मिक इनवाती, रामसिंह परते, किशोर परते सहित समाजिकगण मौजूद रहे।

# किसान यदि बर्बाद हुआ तो पूरे जिले में आंदोलन होगा-नगपुरे

## किसान गर्जना संगठन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** खैरलांजी में किसान गर्जना संगठन के द्वारा बुधवार की दोपहर करीब १ बजे आंबेडकर चौक के पास से किसानों के साथ रैली निकाल नारेबाजी करते तहसील कार्यालय पहुंचे। जहाँ तहसीलदार छवि पंथ को ज्ञापन सौंपकर किसानो को खरीफ फसल धान क्षति का सर्वे करवाकर मुआवजा तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ दिलवाये जाने मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि खैरलांजी तहसील अंतर्गत समस्त ग्रामों में खरीफ मौसम की फसल धान अत्यधिक बारिश के कारण माऊ एवं किट के प्रकोप से बरबाद हो चुकी है। हम चाहते हैं की एक टीम गठित कर तहसील अंतर्गत सभी ग्रामों की धान फसल का निरिक्षण कर फसल का उचित मुआवजा दिलवाया जावें। साथ ही सभी किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ दिलवाया जावें। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष अरविंद चौधरी ,जिलाध्यक्ष रामकुमार नगपुरे,अशोक लिल्हारे ,भरतलाल बिसेन ,कुलदीप पटले ,अजब सिंह कृपगये, गिरीश बिसेन ,प्रवीण डोहरे ,मुकेश दमाहे, गिरीश नगपुरे, रमेश कुमार लिल्हारे ,अनिल उके ,प्रकाश उके ,भगतसिंह नगपुरे सहित बड़ी संख्या में किसान गर्जना के पदाधिकारी सदस्य एवं किसान मौजूद रहे।

### सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है- गिरीश

किसान गिरीश बिसेन ने बताया कि किसान गर्जना संगठन सभी किसानों के साथ है। कीट व्याधि से लगातार छति किसानों को हो रही है यह समस्या पर ध्यान देना अति आवश्यक है। मौसम खराब रहेगा तो धान में अब इल्ली लगेगी और फसल बर्बाद होगी। इस फसल को उठाना भी मुश्किल होगा यदि एक सप्ताह के अंदर यह जांच नहीं की गई तो किसान बर्बाद हो जाएगा। फिर हमें आगे संगठन के माध्यम से कार्यवाही करना पड़ेगा।

### सरकार फसल का सर्वे कराकर किसानों को फसल बीमा का लाभ दें-अरविंद

अरविंद चौधरी ने बताया कि जिले में वर्षा हो रही है किसानो की फसल खेतों में पड़ी है अंकुरित हो रही है खराब हो रही है बीमारी का प्रकोप लगा हुआ है। अभी तक उनका सर्वे नहीं हुआ है कोई अधिकारी है कर्मचारी खेतों तक नहीं गए हैं सभी ब्लॉक में किसान गर्जना ज्ञापन दे रहा है। हम मांग देकर मांग कर रहे हैं कि किसान के खेत को इकाई माना जायें फसल बर्बादी की अतिवृष्टि में मुआवजा दे फसल बीमा का मुआवजा दें। एकजुट होकर किसान यह मांग कर रहा है तहसीलदार ने किसानों के खेतों तक जाकर सर्वे करने का आश्वासन दिया है। किसानों से भी अपील है कि वह तहसील में अपना व्यक्तिगत आवेदन करें।

### सरकार फसल का सर्वे करें नही तो आंदोलन होगा-रामकुमार

रामकुमार नगपुरे ने बताया कि पूरे क्षेत्र में देखने में आ रहा है कि किसानों की ५० प्रतिशत फसल खराब हो गई है। मौसम भी खराब है मऊ करपा कीट व्याधि लगे हैं कृषि केंद्र से जो दवा मिल रही है उसका छिड़काव करने पर भी वह काम नहीं कर रही है। किसान वैसे भी बर्बाद हो रहा है इन्होंने टीम गठित कर सर्वे करने तो कहा है परंतु यह जल्दी होना चाहिए। क्योंकि फसल काटने लायक आ गई है करीब ८ दिन में फसल काटना चालू हो जाएगी इन्हें जल्द सर्वे करना होगा। किसान को मुआवजा मिलना चाहिए देखने में आ रहा है कि यह बीमा की राशि भी नहीं देते हैं जो इन्हें मिलना चाहिए। हमने अल्टीमेटम एक सप्ताह का दिया है यदि सर्वे नही हुआ तो पूरे जिले में हम आवेदन दें रहे हैं और एक साथ पूरे जिले में आंदोलन होगा।

# पांच युवकों पर पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

## नगर में शांति भंग करने का कर रहे थे युवक प्रयास

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के इंडोर स्टेडियम परिसर में २८ अक्टूबर की देर शाम कुछ युवकों के द्वारा आपस में विवाद किया जा रहा था। जिस पर पुलिस के द्वारा योगेंद्र फुनेश्वर, हिमांशु केकरे,अक्षत कटरे ,प्रिंस बांसोड़ ,जहीर खान के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंडोर स्टेडियम परिसर में कुछ युवकों के द्वारा आपस में अश्लील गाली गलौज कर मारपीट करते हुए विवाद किया जा रहा था। इस दौरान मार्ग पर और घटना स्थान पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी जहां सड़क मार्ग भी अवरुद्ध हो गया था। इस दौरान युवाओं के द्वारा जमकर विवाद किया जा रहा था। इसमें पुलिस को नगरवासी के द्वारा घटना की सूचना दी गई। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद कर रहे पांच युवकों में से तीन युवकों को थाने में लाया गया। तो वहीं मौके से फरार दो युवकों को भी थाने में लाया गया। वहीं मौके पर यातायात व्यवस्था को बहाल करवाया गया। जिसमें पुलिस ने योगेन्द्र पिता शिवशंकर फुनेश्वर उम्र २३ वर्ष निवासी वार्ड नं.४ वारासिवनी, हिमांशु केकरे पिता अरविंद केकरे उम्र २२ वर्ष निवासी वार्ड नं.४ वारासिवनी ,अक्षत कटरे पिता नरेन्द्र कटरे उम्र २३ वर्ष निवासी वार्ड नं.३ गणेश मंदिर के पीछे वारासिवनी ,प्रिस बंसोड पिता निगम बंसोड उम्र १९ वर्ष निवासी वार्ड नं.१ वारा उपजेल वारासिवनी, जाहिर खान पिता फिरोज खान उम्र २१ वर्ष निवासी वार्ड नं.१ वारा थाना वारासिवनी के खिलाफ इस्तखासा क्रमांक ७१/१००३/२५ के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा १७०,१२६,१३५ के तहत प्रकरण तैयार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए सभी को एसडीएम कोर्ट वारासिवनी में पेश किया हैं।



# मेहदोली मंड़ई में चाकूबाजी से दो व्यक्ति पर हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज

## दोनो आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** रामपायली पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहदोली में २६ अक्टूबर को आयोजित मंडई कार्यक्रम में हुई चाकू बाजी में पुलिस के द्वारा सत्यम नागेश्वर और नुपेश अटरे के खिलाफ हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। मामले में उक्त आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी पुलिस के द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महदोली ग्राम पंचायत में २६ अक्टूबर को वार्षिक मंडई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां पर ग्राम के लोगों के द्वारा परंपरागत रूप से यह आयोजन किया गया था। इसी बीच मंडई में रुपये लगाकर अंको पर हार जीत का खेल झंडी मुंडी के रूप में खेला जा रहा था। जहां पर कुछ युवकों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जहां मारपीट कर रहे युवकों के द्वारा अचानक चाकू निकालकर रंजीत पिता नानकराम पटले १८ वर्ष मेहदोली निवासी को घायल कर दिया गया। इस दौरान अचानक मौके पर उपस्थित महिला और पुरुष के द्वारा युवक को रोकने का प्रयास किया गया तो उन्हें भी चाकू दिखाकर और हत्या करने का प्रयास कर उक्त व्यक्ति मौके से फरार हो गए। इस घटना में घायल रंजीत पटले को गर्दन एवं पिट में चोट आई। जिसे ग्रामीणों के द्वारा तत्काल सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती कर उपचार करवाया गया। जहां स्वस्थ होने के बाद घायल रंजीत पिता नानकराम पटले की शिकायत पर पुलिस ने थानेगांव निवासी सत्यम नागेश्वर एवं नूपेश अटरे के खिलाफ अपराध क्रमांक ४३३/२५ भारतीय न्याय संहिता की धारा १०९ ,३/५ के तहत अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस के द्वारा मामले में लगातार उक्त आरोपियों की पताशाजी की जा रही है।

# ग्राम विकास में हमारे द्वारा कोई कमी नहीं रखी जाएगी-भाग्यश्री

## झाड़गांव में लाखों रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन आज

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत झाड़गाव में ३० अक्टूबर को मंडई के अवसर पर लाखों रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण भूमि पूजन का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम विधायक विवेक पटेल के मुख्य अतिथ्य ,ग्राम सरपंच श्रीमती भाग्यश्री पवन चिखले की अध्यक्षता में प्रारंभ होगा। यह मंडई जय मां देवी मंडई उत्सव समिति ग्राम झाड़गांव के तत्वाधान में राखी गयी हैं। इस वार्षिक मंडई के उपलक्ष्य में ग्राम विकास कार्यों का लोकार्पण एवं बाजार चौक सिमेंटीकरण कार्य किया जा रहा है। जिसमें लोकार्पण समारोह एवं भूमिपूजन में रानी अवन्ती बाई मूर्ति का लोकार्पण समारोह, आयुष्मान आरोग्य मंदिर भूमिपूजन लागत ५० लाख रूपये, मोक्षधाम सौन्दर्यकरण लागत ७ लाख रूपये, आखर चौक सौन्दर्यकरण लागत ८ लाख रूपये, बाजार चौक भूमिपूजन लागत २४ लाख रूपये का किया गया हैं। इस मंडई में दुय्यम डंडार का जंगी मुकाबला जिसमें निरंजन डंडार मण्डल ग्राम.चांदनीटोला नागराधाम गोंदिया एवं श्री कृष्ण आदर्श डंडार ग्राम बिटोड़ी बालाघाट के बीच रखा गया है। ग्राम सरपंच श्रीमती भाग्यश्री पवन चिखले ने चर्चा कर बताया कि झाड़गांव की ऐतिहासिक मंडई प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित की गई है। जिसमें दुय्यम डंडार का दानदार का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ग्राम विकास के विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन भी किया जाएगा। हमारे द्वारा लगातार ग्राम विकास के लिए अनेकों प्रयास किया जा रहे हैं। हर स्तर पर ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा हैं। हमारे द्वारा जो चुनाव में कहा गया था उन कार्यों को प्राथमिकता से रखते हुए कार्य किया जा रहा है। ग्राम विकास में कोई कमी हमारे द्वारा रखी नहीं जाएगी ग्रामीणों का स्तर उठाने के लिए लगातार शासन की योजनाओं के माध्यम से प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर आधिकाधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और आनंद लेने की अपील आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम झाड़गांव ने की हैं।



## संपादकीय

# क्यों कोई विद्यार्थी ज़िन्दगी से हार जाता है?

शिक्षण संस्थानों का वास्तविक अर्थ है, जहां ज्ञानार्जन के साथ-साथ विद्यार्थियों के भीतर व्यावहारिक कौशल और जीवन में चुनौतियों से मुकाबला करने की मानसिक शक्ति भी विकसित होती है। मगर जब कोई विद्यार्थी अपनी जिंदगी से हार मानने को मजबूर हो जाए, तो इन संस्थानों का महत्त्व क्या रह जाता है? क्या आज के शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य सिर्फ किताबी ज्ञान बांटना रह गया है? क्या संस्थानों के प्रबंधन का यह दायित्व नहीं है कि वे अपने परिसर में ऐसा माहौल तैयार करें कि कोई भी विद्यार्थी बिना किसी भेदभाव, परेशानी और तनाव के शिक्षा ग्रहण कर सके ? इसी लापरवाही का नतीजा है कि देशभर में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामले साल-दर-साल बढ़ते जा रहे हैं।

> शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी बेहद संवेदनशील मसला है। सरकार और शिक्षा संस्थानों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संकट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्थायी नियमावली और दिशा-निर्देश तैयार किए जाने चाहिए।

हालांकि सरकार की ओर से इस तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन उन्हें जमीन पर उतारने की गंभीरता कहीं नजर नहीं आती है। यही कारण है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन पर आठ सप्ताह के भीतर विस्तृत ब्योरा पेश करने को कहा है।

राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की हाल की एक रपट भी इस बात की तस्दीक करती है कि देश में विद्यार्थियों की आत्महत्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 13,892 मामले सामने आए, जो वर्ष 2013 की तुलना में लगभग पैंसठ फीसद अधिक है। जबकि वर्ष 2019 की तुलना में यह वृद्धि चौतीस फीसद दर्ज की गई है। समग्र तौर पर देखें, तो वर्ष 2023 में हुई कुल आत्महत्या में विद्यार्थियों की संख्या आठ फीसद से अधिक थी। यह स्थिति वास्तव में भयावह है। विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति बिगड़ने के कई कारण हो सकते हैं। मसलन, पढ़ाई का दबाव, शिक्षा संस्थानों में हिंसा और जातिगत भेदभाव या फिर घरेलू एवं आर्थिक परेशानियां। ये ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समय रहते समाधान किया जा सकता है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में 25 जुलाई के अपने फैसले में सरकार और शिक्षा संस्थानों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे।

शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी बेहद संवेदनशील मसला है। सरकार और शिक्षा संस्थानों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संकट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्थायी नियमावली और दिशा-निर्देश तैयार किए जाने चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपने पूर्व के फैसले में यह भी निर्देश दिया था कि सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश दो महीने के भीतर तमाम निजी कोचिंग केंद्रों के लिए पंजीकरण, छात्र सुरक्षा मानदंड और शिकायत निवारण तंत्र अनिवार्य करने वाले नियम अधिसूचित करें। मगर राज्यों की उदासीनता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए। इसमें दोराय नहीं कि शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग केंद्रों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की रोकथाम के लिए अब एकीकृत और ठोस नियमावली लागू किए जाने की जरूरत है। इनके प्रभाव की वार्षिक समीक्षा भी होनी चाहिए और उसी लिहाज से नियमों को अद्यतन किया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी तरह के मानसिक दबाव से छुटकारा मिल सके।

## अध्ययन : आधी आबादी की दिनचर्या और समाज पर उसका क्या असर?

# क्या महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा नींद की जरूरत है ?

अच्छी नींद हर इंसान की जरूरत है, लेकिन हर इंसान एक तरीके से नहीं सोता। रिसर्च बताते हैं कि ना केवल महिलाओं के सोने का तरीका पुरुषों से काफी अलग होता है, बल्कि पुरुषों के मुकाबले उन्हें ज्यादा नींद की भी जरूरत है।

डीडब्ल्यू ने दुनिया के कई हिस्सों में महिलाओं से बात की। कमोबेश सभी महिलाओं ने बताया कि वे जितना सो पाती हैं, वह उन्हें पर्याप्त महसूस नहीं होता। उन्होंने यह भी बताया कि कथित% स्लीप डेट% का उनपर क्या असर पड़ता है। आपके शरीर को जितनी नींद चाहिए और आप जितनी देर सो पाती हैं, उनके बीच का कुल जमा अंतर %स्लीप डेट% कहा जाता है।

दफ्तर में देर रात तक काम करने के बाद ऑफिस की ही एक मेज पर सिर टिकाकर सो रही महिला। सांकेतिक तस्वीर। दफ्तर में देर रात तक काम करने के बाद ऑफिस की ही एक मेज पर सिर टिकाकर सो रही महिला। सांकेतिक तस्वीर।

सना अखंद, न्यूयॉर्क की एक टेक कंपनी में नौकरी करती थीं। वह एचआर विभाग की प्रमुख थीं। सना ने बताया कि नौकरी करते हुए वह हमेशा थकान महसूस करती थीं। उन्हें समझ आया कि इससे उनकी मानसिक सेहत पर भी असर पड़ रहा है। आखिरकार, थक-हारकर उन्होंने नौकरी छोड़ दी।



सना ने डीडब्ल्यू को बताया, 'मैं हर रात वाइन लेकर टीवी के सामने बैठ जाती थी और वहीं सो जाती थी। मैं बहुत थक चुकी थी। मुझमें बिलकुल भी ताकत नहीं बची थी।'

सेहतमंद महसूस करने के लिए अब सना नींद को सबसे ज्यादा अहमियत देती हैं। उन्होंने बच्चे ना करने का फैसला किया और अच्छी नींद भी इसकी एक वजह है। वह हर रात 10 बजे सो जाती हैं और नौ घंटे की नींद लेती हैं। सना बताती हैं कि वह अपनी नींद से कोई समझौता नहीं कर सकती हैं, 'मैं हर सुबह आठ बजे उठती हूं। मेरे शरीर को इसकी जरूरत है।'

### इस बारे में विज्ञान क्या कहता है ?

औसतन, महिलाएं हर रात पुरुषों के मुकाबले करीब 11 से 13 मिनट ज्यादा सोती हैं। कुछ अध्ययनों के अनुसार, महिलाओं को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के मुश्किल कामों, जैसे कि एक साथ कई काम करना, भावनाओं को नियंत्रित करना या हार्मोनल संतुलन बनाना और पीरियड्स वगैरह में खुद को संभालने के लिए 20 मिनट तक की अतिरिक्त नींद चाहिए।

कई महिलाओं का लगता है कि आठ घंटे की नींद उनके लिए काफी नहीं है। इसकी वजह हार्मोन, परिवार या सामाजिक दबाव वजह कुछ भी हो सकता है। साइंस भी सहमत है कि महिलाओं को वाकई ज्यादा नींद की जरूरत है।

पीरियड्स के शुरुआती आधे हिस्से (फॉलिक्युलर फेज) में एस्ट्रोजन का स्तर बढ़ने से नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। साथ ही, आरईएम नींद यानी वह अवस्था जिसमें सपने आते हैं और याददाश्त, भावनाएं मजबूत होती हैं, वह भी बढ़ जाती है।

पीरियड्स के दूसरे हिस्से, यानी ल्यूटियल फेज में प्रोजेस्टेरोन हार्मोन बढ़ जाता है। यह महिलाओं को सुस्त और उनींदा महसूस कराता है। मगर विरोधाभास यह दिखता है कि इस दौरान नींद की गुणवत्ता घट जाती है। बार-बार नींद टूटती है और गहरी नींद में करीब 27 फीसदी तक की कमी आ जाती है।

बॉडी इंटेलिजेंस कोच, शांतनी मूर ने डीडब्ल्यू को बताया कि वह अपने पीरियड्स और नींद के अनुसार अपनी दिनचर्या को तय करती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने बहुत सोच-समझकर अपनी जिंदगी में यह तरीका अपनाया है। जब मेरी नींद पूरी नहीं होती है, तो बहुत थकान और बेचैन महसूस होती है। इससे ध्यान लगाने में दिक्कत होती है। गलत फैसले लेने लगती हूं। अपने पार्टनर को झिड़क देती हूं। उन चीजों के लिए हां कहने लगती हूं, जिसके लिए नहीं कहना चाहिए था।'

### नींद, परिवार, काम, घर के काम और फिर नींद

करांची की रहने वालीं सबरीना (बदला हुआ नाम) बताती हैं कि उनकी थकान की सबसे बड़ी वजह रोजमर्रा की जिम्मेदारियां और काम है। उन्होंने डीडब्ल्यू को बताया कि उन्हें केवल छह से सात घंटे की ही नींद मिल पाती है। वह बताती हैं, मेरे दिमाग को पूरे हफ्ते ताजगी महसूस करने के लिए कम-से-कम 12 घंटे की नींद चाहिए। यह औसतन आठ घंटे की नींद से ज्यादा अवधि है।

जब उनकी 12 घंटे की नींद पूरी नहीं होती, तो वह झपकी लेकर उसकी कमी पूरी करने की कोशिश करती हैं। कई बार ये झपकियां मिनटों की जगह घंटों में बदल जाती है। वह बताती हैं, 30 मिनट की झपकी चार घंटे की नींद हो जाती है। सबरीना बताती हैं, मुझे सिर्फ ऑफिस के काम से ही थकावट नहीं नहीं होती, बल्कि लगातार चल रहा मानसिक और घरेलू काम मुझे थकाता है। सुबह कपड़े प्रेस करने से लेकर दोपहर का खाना बनाने और फिर रात का खाना तैयार करते-करते बहुत थक जाती हूं।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह कोई व्यक्तिगत मसला नहीं, बल्कि एक सामाजिक समस्या है।

एमर्सन विकवायर, अमेरिकी की मैरीलैंड यूनिवर्सिटी में नींद विशेषज्ञ हैं। वह बताते हैं, पुरुषों की तुलना में महिलाओं को 'शिफ्ट वर्क डिसऑर्डर' ज्यादा होता है। वह जितना गैर-परंपरागत शिफ्टों में काम करती हैं, उतना ही नकारात्मक असर भी झेलती हैं।' उन्होंने आगे बताया, 'अगर सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे को काम का आम समय माना जाए, तो महिलाएं इससे कहीं अधिक काम करती हैं।' काम के लचीले घंटों से मदद मिलेगी ? क्लारा पाउला, बर्लिन में रहती हैं।

### क्या महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा नींद की जरूरत है ?

उन्होंने नींद पूरी करने के लिए फीलांसिंग काम में समाधान खोजा। क्लारा ने डीडब्ल्यू को बताया कि काम के घंटों के लचीलेपन की वजह से वह जरूरत के मुताबिक ज्यादा सो पाती हैं, 'मैं अब सात, आठ, यहां तक कि नौ घंटे भी सो पाती हूं। कोई मुझसे यह कहने वाला नहीं है कि मुझे कंप्यूटर के आगे बैठना होगा। मैं बाद में काम शुरू करती हूं, बीच-बीच में ब्रेक लेती हूं और फुर्ती से काम खत्म करती हूं।'

मगर सवाल केवल यह नहीं कि आप कितने घंटे सोती हैं, नींद की गुणवत्ता भी अहम है। रिसर्च बताते हैं कि महिलाओं को अपनी शारीरिक बनावट के कारण गहरी नींद की जरूरत है।

जूलियो फनांडीज-मेंडोजा, अमेरिका के पेन स्टेट हेल्थ में क्लिनिकल रिसर्चर और नींद मनोवैज्ञानिक हैं। वह इस पक्ष को रेखांकित करते हुए बताते हैं, 'इस बात से आशय है एनउ स्तर की ज्यादा नींद, नॉन-आरईएम नींद का सबसे गहरा स्तर और साथ ही, आरईएम नींद की भी अधिक आवश्यकता।' यहां तक कि लैब में स्वस्थ महिलाओं और पुरुषों पर हुई स्टडीज में भी पाया गया कि महिलाएं, पुरुषों से ज्यादा समय तक और गहरी नींद में सोती हैं। इसी संदर्भ में फर्नांडीज-मेंडोजा बताते हैं, 'यह इस विचार का आधार है कि शायद जैविक रूप से महिलाओं को ज्यादा नींद की जरूरत होती है।'

### जरूरत का यह पक्ष शरीर की प्राकृतिक सुरक्षा

क्षमता से भी जुड़ा हो सकता है। जैसा कि फर्नाडीज-मेंडोजा बताते हैं, 'यह बात तर्कसंगत लगती है कि जब एक शरीर नई जिंदगी देने के हिसाब से बना है, तो उसकी सुरक्षा होनी चाहिए। गर्भावस्था के दौरान भी महिलाओं को इतना सक्षम रहना होता है कि वे ठीक से सो सकें और सामान्य रूप से काम कर सकें।' हालांकि, इस स्वाभाविक लचीलेपन के बावजूद महिलाओं में अनिद्रा (इंसोम्निया) केलक्षण पुरुषों की तुलना में लगभग दोगुने पाए जाते हैं। फर्नाडीज मेंडोजा बताते हैं, 'यह समस्या किशोरावस्था से शुरू हो जाती है। लगभग 11 से 12 साल की उम्र से ही लड़कियां, लड़कों की तुलना में नींद से जुड़ी ज्यादा परेशानियों की शिकायत करने लगती हैं। यह रुझान वयस्क होने पर भी जारी रहता है।'

क्या वीकेंड पर ज्यादा सोना मददगार हो सकता है?

फनांडीज मेंडोजा के अनुसार, 'वीकेंड पर देर तक सोने से आप फिर से तरोताजा महसूस कर सकते हैं। आप नींद की कसर पूरी कर लेते हैं।' इसका मतलब यह नहीं है कि वीकेंड पर थोड़ा ज्यादा सो लेने से आपका शरीर पूरी तरह ठीक हो जाएगा। फर्नांडीज मेंडोजा बताते हैं, 'इससे सुस्ती और उनींदापन दूर हो सकता है, लेकिन शरीर और सेहत को जो नुकसान पहुंचा है वो शायद खत्म ना हो।' अध्ययन बताते हैं कि ध्यान केंद्रित करने और तुरंत प्रतिक्रिया देने जैसी दिमागी क्षमताओं को फिर से सामान्य होने में काफी अधिक समय लगता है।

**-कौकब शायरानी, प्रख्यात पत्रकार और शिक्षाविद**
**( साभार -डॉयचेवैले )**

# एडवरटाइजिंग के भीष्म पितामह से एक मुलाक़ात

एडवरटाइजिंग में एक नए कॉपीराइटर का श्री पीयूष पांडे से मिलना वैसे ही है जैसे एक नए एक्टर का अमिताभ बच्चन से मिलना। सौभाग्य से एक सुखद संयोग मेरे हिस्से में भी बना। मुंबई में नया नया आया था और इंटरव्यू के लिए स्टार के ऑफिस में रिसेप्शन पर इंतज़ार कर रहा था। तभी अचानक अंदर से पांडे जी प्रकट हुये। मेरे लिये ये एक घटना थी। इट्स लाइक कि आपका हीरो आपका आइडियल आपके सामने से गुज़र रहा है और आपको कुछ समझ नहीं आ रहा है क्या करें! I was awe-struck and speechless like a fanboy. खैर, मैं इंटरव्यू का लालच भूल गया और हिम्मत जुटाकर उनके पास पहुँच गया, तब तक वो अपनी गाड़ी तक पहुँच गये थे। मैंने परिचय किया और बोला, 卐सर दिल्ली से आया हूँ, हिंदी साहित्य में एम ए. किया है... हिंदी में लिखता हूँ... कुछ एजेंसियों में काम भी किया है। जॉब के लिये भटक रहा हूँ... परेशान हूँ!!



मैंने एक सुर में सब बोल दिया।

उन्होंने मेरे कंधे पर हाथ रखा और हौसला बढ़ाते हुए बोले, 卐 अरे परेशान नहीं होते। कुछ सुनाओ क्या लिखा है?

याद नहीं मैंने क्या सुनाया। कविता या कोई आईडिया।

'तुम कर सकते हो। मैं कल कांस जा रहा हूँ। नम्बर लिखो और मुझे 1 हफ़्ते बाद कॉल करो।'

मुझे तो लगा कि मुझे तो खड़े खड़े कोई Cannes अवॉर्ड मिल गया। बड़ी और नोटिस करने वाली बात ये थी कि पांडे जी ने अपना मोबाइल नंबर दिया। उनके बड़प्पन से मैं आश्चर्यचकित था। (मैंने एजेंसियों में द्रष्न, Group CD type लोगों को मिलने से बचते, नंबर देने से बचते, टरकाते हुये देख चुका था)

मैंने 1 हफ़्ते बाद फ़ोन किया और उन्होंने उठाया और बोले अभिजीत से जाकर मिल लो।

खैर, किसी वज़ह से मैं ओगीलवी में काम नहीं कर पाया। पर उस मुलाक़ात के कुछ समय बाद ही उनके आशिर्वाद से लिंटास कम्पनी में मुझे जॉब मिल गयी। उन्होंने जो कॉन्फिडेंस दिया वो ज़िंदगीभर काम आएगा।

**- सुभाष चंद्र कुशवाहा**

# भारत का पहला राज्य केरल जो अत्यधिक गरीबी से मुक्त हो गया

केरल भारत का ऐसा पहला राज्य बन गया है जो अत्यधिक गरीबी से मुक्त हो गया है। राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने केरल को अत्यधिक गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों से मुक्त राज्य की औपचारिक घोषणा कर दी है, अब 1 नवंबर को इसका भव्य आयोजन होने जा रहा है।

केरल अब ऐसा राज्य है जहां अब कोई भी अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे नहीं है, यहां सभी लोग अत्यंत गरीबी रेखा से ऊपर जी रहे हैं।

हालांकि इस घोषणा के बाद इसके श्रेय को लेकर भी राजनीतिक पार्टियां और आमने-सामने हैं। लेकिन इन सबके बीच ये जानना बेहद जरूरी है कि अत्यधिक गरीबी आखिर होती क्या है? और केरल राज्य इससे कैसे मुक्त हुआ है तथा पूरे भारत और अन्य राज्यों की क्या स्थिति है?

क्या गरीबी रेखा और अत्यधिक गरीबी रेखा में अंतर है? कोई राज्य कैसे गरीबी रेखा से मुक्त होता है? इन सभी सवालों के जवाब विस्तार से नीचे दिये गए हैं।

सवाल- क्या होती है अत्यधिक गरीबी रेखा ? जवाब- गरीबी रेखा एक न्यूनतम आय या उपभोग स्तर है, जो यह निर्धारित करती है कि कोई व्यक्ति अपनी बुनियादी जरूरतों (जैसे भोजन, आश्रय) को पूरा करने में सक्षम है या नहीं। जो लोग इस रेखा से नीचे आते हैं, उन्हें गरीबी रेखा से नीचे (क्कक) माना जाता है और वे अक्सर सरकारी सहायता के पात्र होते हैं। वहीं जो लोग बुनियादी जरूरतों जैसे भोजन, पानी, कपड़े और आश्रय की जरूरतों को भी पूरा नहीं कर पाते हैं तो वे अत्यधिक गरीब की श्रेणी में आते हैं।

### सवाल- पूरे भारत में कितने गरीब हैं? अन्य राज्यों में क्या स्थिति है ?

जवाब- नीति आयोग के आंकड़े (2021) बताते हैं कि पूरे भारत में गरीबी रेखा के नीचे 14.96 प्रतिशत लोग हैं। गुजरात में 11.66 प्रतिशत, बिहार में 33.76 प्रतिशत और यूपी में 22.93 प्रतिशत लोग गरीब हैं। गरीबी रेखा के इस पैमाने को बहुआयी गरीबी (Multidimensional Poverty Inde & (MPI) के रूप में परिभाषित किया गया है। इसमें आर्थिक आय-व्यय नहीं, बल्कि जीवन-स्तर, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी चीजें शामिल होती हैं। सवाल- केरल किससे हुआ है मुक्त ?

जवाब- केरल अब अत्यधिक गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों से मुक्त हुआ है। यानि यहां रहने वाले हर व्यक्ति के पास बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। सवाल- भारत में गरीबी रेखा का राष्ट्रीय औसत क्या है?

जवाब- भारत में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गरीबी रेखा का राष्ट्रीय औसत 1,059.42 रुपये प्रति महीना है और शहरी क्षेत्रों के लिए 1,286 रुपये प्रति माह है। यह खर्च प्रति व्यक्ति पर आधारित है और इसमें भोजन, कपड़े, आवास और अन्य बुनियादी जरूरतों की लागत शामिल है। यानि अगर कोई व्यक्ति इतना खर्च हर महीने नहीं कर पा रहा है तो वह गरीबी रेखा से नीचे है।

### सवाल- केरल की इस उपलब्धि का निर्धारण कैसे हुआ ?

जवाब- नीति आयोग की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार केरल में सिर्फ 0.7 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा (इसे अत्यधिक गरीबी भी कहा जाता है) के नीचे थे। केरल सरकार ने इन 0.7 प्रतिशत परिवारों के चिन्हित किया और इनकी गरीबी को खत्म करने के लिए इन परिवारों के पास उपलब्ध खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य, जीविकोपार्जन के साथ और आवास की सुविधा मुहैया कराई गई । नीति आयोग की 2023-24 की रिपोर्ट (SDG India inde& 2023-24) बताती है कि केरल मानव विकास सूचकांक में भारत का शीर्ष प्रदेश है। नीति आयोग ने केरल को 79 अंक दिए थे, 78 अंक के साथ तमिलनाडु दूसरे स्थान पर है। जबकि बिहार को 57 अंक दिए गए हैं। बिहार और केरल के बीच 22 अंक का अंतर है। इस अंक में मानव विकास से जुड़े 16 बड़े लक्ष्य शामिल थे ।

### सवाल- आय के अलावा और कौन से फैक्टर्स बना रहे केरल को आगे ?

जवाब- नेशनल सर्वे की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार केरल की साक्षरता दर 96.2 प्रतिशत है, जबकि भारत की कुल औसत साक्षरता दर इस सर्वे के अनुसार 77.7 प्रतिशत है। यूनेस्को के आंकड़ों के अनुसार विश्व की साक्षरता दर 86.5 प्रतिशत है जो केरल से पीछे है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ के 2023 के आंकड़ों के अनुसार भारत में जीवन प्रत्याशा 72 वर्ष है। केरल में 78. 26 प्रतिशत है। से स्वास्थ्य सेवा के मामले में केरल वह प्रदेश है, जो स्वास्थ्य सेवाओं पर भारत के राष्ट्रीय औसत 4 गुना अधिक खर्च करता है। केरल प्रति व्यक्ति करीब 1 हजार रुपये स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करता है जबकि भारत का औसत 250 रूपए से भी कम है। केरल में डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुसार प्रति 1 हजार पर एक डॉक्टर उपलब्ध है। जबकि विश्व में औसत 1500 पर एक डॉक्टर का है। केरल में जन्म लेने वाले 1000 बच्चों में सिर्फ 5 बच्चों की मौत होती है जबकि अमेरिका में 5.6 की और भारत में 25 बच्चों की।

### सवाल-केरल की आबादी कैसी है?

जवाब-2011 की जनगणना के अनुसार केरल में हिंदू 54.7 प्रतिशत, मुस्लिम 26.6 प्रतिशत और ईसाई 18.4 प्रतिशत हैं, शेष अन्य धर्मों के लोग या धर्म न मानने वाले लोग हैं। स्पष्ट है कि केरल में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई तीनों का आबादी में अनुपात अच्छा-खासा है। करीब आधे हिंदू हैं, तो एक-एक चौथाई मुस्लिम हैं और करीब 20 प्रतिशत ईसाई हैं।

**-प्रिया गौतम**

# युद्ध जवानी को लील जाते है !

जो देश लगातार युद्ध में हो, वहां के लोगों की मानसिक स्थिति समझी जा सकती है। हालांकि एक देश ऐसा भी है, जहां युद्ध से थके हुए लोग शांति चाहते हैं लेकिन उन्हें उठा-उठाकर मोर्चे पर भेजा जा रहा है। भले ही उनके पास कोई ट्रेनिंग हो या फिर नहीं।

रूस के हमले को लगभग चार साल हो चुके हैं लेकिन अब यूक्रेन के भीतर एक नया संकट जन्म ले चुका है- सैनिकों की कमी। युद्ध से थकी सेना अब सड़कों पर नागरिकों को जबरन भर्ती कर रही है और यह स्थिति देश के भीतर भय और बेचैनी दोनों को बढ़ा रही है।

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक एक ब्रिटिश पत्रकारों की एक टीम को खार्किव में सैनिकों ने रोका और कुछ घंटों के भीतर उस टीम के एक स्थानीय यूक्रेनी सदस्य को जबरन सेना में भर्ती कर लिया गया।



ये कोई एक घटना नहीं यूक्रेन की सड़कों की सच्चाई है। यहां युद्ध जारी रखने के लिए अब लोग मजबूर हैं और सरकार उन्हें जबरन भर्ती कर रही है। रूस के हमले के शुरुआती महीनों में यूक्रेन की सेना में शामिल होने के लिए लाखों लोग स्वेच्छा से आगे आए थे लेकिन साल 2023 की गर्मियों में असफल जवाबी कार्रवाई के बाद हालात बदल गए। उस वक्त सेना प्रमुख जनरल वालेरी जालुज्नी ने साफ कहा था कि युद्ध अब गतिरोध

में बदल चुका है। उनके इस स्टेटमेंट की वजह से उन्हें अपना पद गंवाना पड़ा था लेकिन इसने साफ कर दिया था कि देश के भीतर गहरी निराशा और थकान है।

यूक्रेन में अब सेना के पास लड़ाकों की भारी कमी है। राष्ट्रपति जेलेंस्की के मुताबिक अब तक 45,000 सैनिक मारे जा चुके हैं और 3.8 लाख से अधिक घायल हुए हैं। ये संख्या बढ़ती जा रही है और 1,000 मील लंबे मोर्चे पर कई हिस्से खाली पड़े हैं, जिनका फायदा रूस की सेना उठा रही है।

अब सेना ने प्रेस गैंग जैसी टीमें बना दी हैं, जो सड़कों पर चेकपॉइंट लगाकर उम्रदराज पुरुषों को पकड़ती हैं और भर्ती केंद्रों तक ले जाती हैं। सैनिक आम लोगों को मिनीबस में ठूंसकर ले जाते दिखाई देते हैं और रिपोर्टों के मुताबिक करीब दस लाख यूक्रेनी पुरुष अब छिपकर रह रहे हैं ताकि जबरन भर्ती से बच सकें।

आमतौर पर यूक्रेन में अनिवार्य भर्ती की आयु 25 वर्ष रखी गई है, लेकिन देश में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के चलते कई लोग भर्ती से बचने के रास्ते ढूंढ रहे हैं।

सेना के मुख्य मनोचिकित्सक को इसी साल जनवरी में 8 लाख पाउंड की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था तो वहीं मेडिकल बोर्डों को भी भंग कर दिया गया क्योंकि वे पैसों के बदले लोगों को अनफिट घोषित कर रहे थे।

अब हालात ये है कि सड़कों से लोगों को उठाया जा रहा है और कई बार उन्हें बिना ट्रेनिंग के ही बंदूक थमाकर युद्ध में उतार दिया जाता है। जो सैनिक पहले से मोर्चे पर हैं, वे लंबे समय से बिना आराम के लड़ रहे हैं। कई लोग महीनों तक जीरो लाइन बंकरों में फंसे रहते हैं क्योंकि ड्रोन निगरानी के चलते उनकी अदला-बदली तक मुश्किल हो गई है। ड्रोन कमांडर खुद कहते हैं कि हम तब तक टिके हैं जब तक पैदल सेना मोर्चा संभाल रही है लेकिन इन सैनिकों की सबसे ज्यादा कमी है।

राजधानी कीव और ओडेसा में कैफे और थिएटर फिर से खुल गए हैं, जबकि मोर्चे पर सैनिक मौत से लड़ रहे हैं। यह दो दुनियाओं का अंतर अब यूक्रेनी समाज को बांट रहा है। एक महिला अधिकारी ने कहा कि मैं ऐसे पुरुषों से नफरत करती हूं जो बंदूक नहीं उठाते और उन महिलाओं से भी जो ऐसे पुरुषों को चुनती हैं।

कई यूक्रेनी पुरुष अब अपने परिवारों को बचाने की जिम्मेदारी और देश की रक्षा के कर्तव्य के बीच फंसे हैं। अब इस युद्ध का क्या अंत होगा, वो अलग बात है लेकिन युद्ध में फंसे एक देश की स्थिति बताती है कि ये कितना थकाऊ और मानसिक स्तर पर तोड़ने वाला है।

**- ( प्रतीति पांडे द्वारा सम्पादित )**

## ट्राई का बड़ा फैसला, अब हर कॉल पर दिखेगा कॉलर का नाम

**मुंबई।एजेंसी।** दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मोबाइल कॉलिंग को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (सीएनएपी) सेवा सभी उपभोक्ताओं को डिफॉल्ट रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। इस सुविधा के तहत कॉल आने पर केवल नंबर ही नहीं, बल्कि कॉलर का नाम भी स्क्रीन पर दिखाई देगा। यदि कोई उपभोक्ता यह सेवा नहीं चाहता, तो उसे ऑप्ट-आउट करने का विकल्प मिलेगा। पहले यह सेवा केवल उपयोगकर्ता की सहमति के बाद सक्रिय करने (ऑप्ट-इन) का प्रस्ताव था, लेकिन अब डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन (डीओटी) के सुझावों के अनुसार ट्राई ने इसे डिफॉल्ट मोड में लागू करने पर सहमति दे दी है। ट्राई का मानना है कि इससे स्पैम, फ्रॉड और फर्जी कॉल्स पर रोक लगेगी, क्योंकि उपभोक्ता कॉल उठाने से पहले कॉलर की पहचान जान सकेंगे। सेवा का पहला चरण 4जी और 5जी नेटवर्क्स पर लागू होगा, क्योंकि इन नेटवर्क्स में आवश्यक तकनीकी ढांचा पहले से मौजूद है। बाद में इसे 2जी और 3जी नेटवर्क्स तक बढ़ाया जाएगा। ट्राई ने स्पष्ट किया है कि टेलीकॉम लाइसेंस की शर्तों में संशोधन किया जाएगा और आने वाले समय में भारत में बेचे जाने वाले सभी स्मार्टफोन्स में सीएनएपी सपोर्ट अनिवार्य होगा। कॉलर का नाम टेलीकॉम कंपनियों के केवायसी और कस्टमर एप्लीकेशन फॉर्म (सीएएफ) डेटा के आधार पर दिखाया जाएगा, जिससे गलत जानकारी प्रदर्शित होने की संभावना कम रहेगी। बड़ी कंपनियों और बिजनेस लाइनों को अपने कॉलर आईडी में सत्यापित ब्रांड नाम दिखाने की अनुमति होगी।

## एजीआई से पहले ही माइक्रोसाफ़्ट में मजबूती

**मुंबई।एजेंसी।** टेक कंपनी माइक्रोसाफट अब ओपनएआई में 27 फीसदी की हिस्सेदारी रखेगी। यह हिस्सा दोनों कंपनियों के बीच हुए नए समझौते के बाद तय किया गया है। इस समझौते के साथ उनकी साझेदारी के ढांचे में भी बदलाव देखने को मिला है। ओपनएआई ने हाल ही में अपनी संरचना बदलकर एक नई फॉर-प्रॉफिट कंपनी पीबीस बनाई है। वहीं ओपनएआई फाउंडेशन नाम की गैर-लाभकारी संस्था अब इस फॉर-प्रॉफिट कंपनी में हिस्सेदारी रखती है। इसकी मौजूदा वैल्यू लगभग 130 बिलियन डॉलर बताई गई है। यह जानकारी ओपनएआई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चेयरमैन ब्रेट टेलर ने साझा की। नई डील के तहत माइक्रोसाफट ने ओपनएआई ग्रुप प पीबीसी में करीब 135 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। इससे पहले, पुनर्गठन और नई फंडिंग से पहले कंपनी का हिस्सा 32.5 फीसदी था, जो अब घटकर 27 फीसदी रह गया है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि ओपनएआई के साथ उसकी साझेदारी के मुख्य तत्व पहले जैसे ही रहेंगे, और कंपनी को ओपनएआई की तकनीक और एजुयर इंटीग्रेशन का एक्सक्लूसिव अधिकार तब तक मिलता रहेगा, जब तक एजीआई विकसित नहीं हो जाती। ओपनएआई एजीआई को ऐसे एआई के रूप में परिभाषित करता है जो कुल मिलाकर इंसानों से अधिक बुद्धिमान हो। समझौते में बौद्धिक संपदा (आईपी), उत्पाद विकास और व्यावसायिक सहयोग से जुड़ी कई शर्तों को फिर से तय किया गया है।

## सोने का भाव 1.19 लाख के पार, चांदी लगभग 1.45 लाख रुपए

**नई दिल्ली।एजेंसी।** सोने-चांदी के वायदा भाव में बुधवार के कारोबारी दिन सुधार देखने को मिल रहा है। दोनों के भाव बुधवार को घरेलू बाजार में तेजी के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,19,850 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,45,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव गिरावट, जबकि चांदी के तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट एक रुपये की तेजी के साथ 1,19,647 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,19,646 रुपये था। इस समय यह 220 रुपये की तेजी के साथ 1,19,866 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,19,890 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,19,619 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 419 रुपये की तेजी के साथ 1,44,761 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,44,342 रुपये था। इस समय यह 702 रुपये की तेजी के साथ 1,45,044 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,45,044 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,45,649 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,69,200 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा कारोबार में सुस्ती और चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,967.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,983.10 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 4.50 डॉलर की गिरावट साथ 3,978.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 4,398 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 47.13 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 47.32 डॉलर था। इस समय यह 0.10 डॉलर की तेजी के साथ 47.42 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इसके भाव 53.76 डॉलर का उच्च स्तर छू चुके हैं।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 7 पैसे बढ़कर 88.22 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया 88.21 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 88.34 के निचले स्तर और उसके बाद 88.18 के उच्च स्तर तक पहुंचा। ये पिछले बंद भाव से 11 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.29 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.81 पर आ गया।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई।एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से बाजारों से मिले अच्छे संकेत के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 368.97 अंक बढ़कर 84,997.13 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 117.70 अंक ऊपर आकर 26,053.90 पर बंद हुआ। आज एनर्जी और मेटल शेयरों में तेजी रही। निफ्टी एनर्जी 1.93 फीसदी और निफ्टी मेटल 1.71 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी 0.64 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 0.49 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.90 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.62 फीसदी, निफ्टी इन्फ्रा 1.22 फीसदी और निफ्टी पीएसई 1.68 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। केवल निफ्टी ऑटो 0.73 फीसदी और निफ्टी इंडिया डिफेंस 0.23 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टाटा स्टील, सन फार्मा, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, एसबीआई, आईटीसी, टाइटन, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ में रहे जबकि बीईएल, इटरनल (जोमैटो), एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल और बजाज फिनसर्व के शेयर गिरे हैं। आज लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 383.70 अंक की तेजी के साथ 60,149.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 79.95 अंक की तेजी के साथ 18,487.55 पर था। इससे पहले आज सुबह बाजार में हल्की बढ़त देखने को मिली। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुझान से शुरुआती समर्थन मिला। बीएसई सेंसेक्स 138 अंक की बढ़त के साथ 84,766 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 44 अंक चढ़कर 25,980 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं वैश्विक स्तर पर एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख देखने को मिला। जापान के निक्केई इंडेक्स में एक फीसदी से अधिक की तेजी रही और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं टोपिक्स सपाट रहा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.17 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200, तीसरी तिमाही की महंगाई दर में तेज बढ़ोतरी के चलते 0.16 फीसदी गिर गया। हांगकांग के बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे। इसके अलावा, अमेरिकी बाजार में भी तेजी जारी रही, जहां एसएंडपी 500, नेस्डेक और डाउ जोंस तीनों इंडेक्स नई ऊंचाइयों पर बंद हुए।



## सरकार चीनी निर्यात की अनुमति दे सकती है, एथनॉल के कम उपयोग से अधिशेष बढ़ा

**नई दिल्ली।एजेंसी।** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बुधवार को बताया कि 2024-25 में एथनॉल उत्पादन के लिए केवल 34 लाख टन चीनी का उपयोग हुआ, जबकि अनुमानित 45 लाख टन था। इसके परिणामस्वरूप 2025-26 विपणन वर्ष के लिए शुरुआती भंडार अधिक है। 2025-26 में भारत का अनुमानित चीनी उत्पादन 3.4 करोड़ टन है, जबकि वार्षिक घरेलू मांग 2.85 करोड़ टन है। इससे लगभग 55 लाख टन का अधिशेष बनने की संभावना है। सरकार अधिशेष चीनी के निर्यात की अनुमति देने पर विचार कर रही है। चोपड़ा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में परिष्कृत चीनी के लिए कीमतें अनुकूल नहीं हैं, लेकिन कच्ची चीनी का निर्यात संभव हो सकता है। मंत्रियों की समिति अगले सप्ताह इस मामले पर बैठक कर सकती है। चोपड़ा ने बताया कि 2024-25 में उद्योग ने 471 करोड़ लीटर एथनॉल आपूर्ति का प्रस्ताव दिया था, लेकिन केवल 289 करोड़ लीटर ही उपलब्ध कराई गई। एथनॉल उत्पादन में मक्का को 45 फीसदी, गुड़ को 28 फीसदी और चावल को 22 फीसदी हिस्सा मिला। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता हमेशा घरेलू खपत, उसके बाद एथनॉल और फिर शेष निर्यात के लिए रही है। एथनॉल के लिए चीनी की अधिक मांग पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के क्षेत्र में आती है। सरकार जल्द ही निर्यात और एथनॉल उपयोग के संबंध में निर्णय लेने की संभावना रखती है, ताकि उद्योग को योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

## भारत और ईयू मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा जारी रखने पर सहमत

**नई दिल्ली।एजेंसी।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा जारी रखने पर सहमति जताई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ब्रुसेल्स यात्रा के दौरान यह बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने इस्पात, मोटर वाहन और कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) जैसे संवेदनशील मुद्दों पर और वार्ता की आवश्यकता को स्वीकार किया। भारत ने एफटीए में पारदर्शी और पूर्वानुमानित नियामक ढांचे के निर्माण की वकालत की। इसके अलावा, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने पर जोर दिया गया। गोयल ने विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों में भारत की प्राथमिकताओं को तरजीह देने की आवश्यकता पर बल दिया। ईयू ने हाल ही में सीबीएएम और ईयूडीआर (वन विनाश विनियमन) जैसे नियम लागू किए हैं। सीबीएएम के तहत इस्पात, एल्युमीनियम और सीमेंट के भारतीय निर्यात पर 20-35 फीसदी तक शुल्क लगाया जा सकता है। भारत ने इन नियमों पर कड़ी आपत्ति जताई है और दोनों पक्षों ने इसे वार्ता का अहम हिस्सा माना। दोनों पक्षों ने गैर-संवेदनशील औद्योगिक शुल्क लाइनों पर सहमति बनाने और 2025 के अंत तक एफटीए समझौते को पूरा करने का साझा लक्ष्य तय किया। वार्ता जून 2022 में फिर शुरू हुई थी, जबकि यह पहले 2013 में बाजार खोलने के मुद्दों के कारण रुकी हुई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईयू का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 136.53 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें 75.85 अरब डॉलर का निर्यात और 60.68 अरब डॉलर का आयात शामिल है। यह ईयू को भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनाता है।



## आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला रहेगा। आपके विरोधी भी प्रबल रहेंगे, जिन्हें आप अपनी चतुर बुद्धि से आसानी मात दे सकेंगे। आप कोई बड़ी डील फाइनल कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर यदि जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें गड़बड़ी होने से आपको अपने पिताजी से डांट खानी पड़ सकती है। किसी नए घर, मकान, दुकान आदि की खरीदारी का सपना पूरा हो सकता है। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए किसी धन संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी। आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, लेकिन आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाए, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप कोई निर्णय जल्दबाजी में न लें, क्योंकि उसमें आपसे कुछ गड़बड़ी होने की संभावना है। किसी से आप कोई मन की बात शेयर कर सकते हैं। लेकिन बाद में वह उसका फायदा उठा सकते हैं। लेन देन से संबंधित मामलों मे आपको सूझबूझ दिखाने की आवश्यकता है।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आपकी इनकम बढ़ेगी और आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, तो उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आपको अपने गुरुजनों का पूरा साथ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपकी सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा।

**कर्क**- आज का दिन किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी नए काम का हिस्सा बनेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। जीवनसाथी से यदि आपकी कोई खटपट चल रही है, तो आप उसे मनाने की पूरी कोशिश करें।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। जो लोग सिंगल है, उनकी अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। आप अपने रिश्ते को लेकर आगे बढ़ेंगे। आपको कोई नई प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करने का मौका मिल सकता है। आपको अपनी संतान से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी और घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी काम को लेकर ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है और आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। यदि आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। संतान आपसे कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकती हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**तुला**- आज दिन आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए रहेगा। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के प्रयासों पर जोर देंगे। प्रॉपर्टी को लेकर भाई व बहनों में कोई खटपट होने की संभावना है। आपके पिताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। आपने यदि किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाई, तो उसमें गड़बड़ी अवश्य होगी।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी मेहनत के परिणाम बेहतर रहेंगे। आपको कोई शारीरिक कष्ट होने से आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा, लेकिन आपका कोई काम आज पूरा होगा। किसी प्रॉपर्टी संबंधित डील को फाइनल करने से पहले आप उसके जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में आपके साथ कोई धोखा होने की संभावना है। आपको अपने भाई व बहनों का पूरा साथ मिलेगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप सुख शांति भरा जीवन व्यतीत करेंगे। कोई नए काम की शुरुआत करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके ध्यान कुछ महंगे गैजेट पर जाएगा। आप दिखावे के चक्कर में काफी धन खर्च करेंगे। पारिवारिक समस्याएं फिर से उभर सकती हैं।

**मकर**- आज का दिन आपके मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने कामों को लेकर सोच विचार ज्यादा करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी अपने बॉस से किसी बात को लेकर बहस बाजी हो सकती है। आपको किसी काम के चलते अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपकी जिम्मेदारी बढ़ने से आप उनसे घबराएंगे।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्स को बढ़ाने वाला रहेगा। घर में आप अपनी सुख सुविधाओं की कुछ वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। किसी नए वाहन की खरीदारी करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप जोश में आकर कोई निर्णय न ले। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव आपके लिए बेहतर रहेंगे।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों में अपने दोस्तों से अच्छी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काम करने में आसानी होगी। लेकिन आप किसी बेवजह के काम में ना पड़े, नहीं तो उसमे आपको समस्या होने की संभावना है। किसी को बिना मांगे सलाह न दें।

## शब्दजाल- 8064

*शब्द जाल में 10 विभिन्न देशों के नाम ढूंढिए. दिए गए देशों के नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

इटली, भारत, चीन, ब्राजील, जर्मन, नेपाल, पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, इरान.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | क | ल | व | ग | ब | ना | क | प | ल | क |
| र | वि | ल | न | व | जी | ग | द | इ | ट | ली |
| त | स | र्म | ल | र्म | छ | पु | रा | रा | ख | क |
| क | ज | ज | य | पु | र | न | प | न | ल्ली | क |
| क | क | दो | ग | श्री | लं | का | तू | ग | झ | क |
| जी | क | ल | प | ह | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| ती | आ | स्ट्रे | लि | या | प | ल | श | र | ला | ल |
| क | ता | दा | ई | धा | ब | क | फ | लो | श | पा |
| ने | बा | चे | न्न | ब्रा | जी | ल | री | ग | प | कि |
| द | पा | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | प | स्ता |
| क | क | ल | प | ची | न | रा | बा | द | प | न |

### शब्दजाल - 8063 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | क | दो | यु | ला | प | र | तू | ग | झ | क |
| ज | ग | ल | प | ह | रिं | पू | ना | दि | शा | को |
| अं | इ | पु | म | सं | दा | ल | श | र | ला | ल |
| क | कु | दा | रु | धा | ब | क | प | रि | श | र |
| क | ति | श | ब्न | ष | क | र | री | ग | वी | ता |
| द | रं | ल | प | व | गा | र्त | ऐ | ती | प | रु |
| ती | गा | ल | श | अं | प | म | त्रां | कौ | ला | व |
| क | बा | अ | ब | त | क | छ | प्प | न | श | जू |
| क | स | थो | तें | व | न | ज | द | शा | जू | द |
| द | र | ल | प | ति | रं | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| थो | झ | सा | रु | मा | नी | हो | जा | एं | प | क |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7008

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | | ■ | |
| ■ | 10 | ■ | | ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ |
| 13 | | 14 | | ■ | | ■ | 15 | | |
| | ■ | | ■ | 16 | | 17 | ■ | | ■ |
| 18 | | | ■ | | ■ | 19 | | ■ | 20 |
| | ■ | ■ | 21 | | 22 | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 25 | | ■ | 26 | 27 | | 28 | | | ■ |
| ■ | 29 | | ■ | | ■ | | ■ | 30 | |

**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरुद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगण, जूही चावला की 'लाल लाल होंठों पे' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-२
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7007

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**30 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.26 ब.से |
| चंद्र | मकर में | धनु | 09.42 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.48 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.34 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 15.07 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 16.37 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 18.17 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 20.16 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.29 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.45 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | कन्या | 02.57 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 05.08 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 303 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 10.07 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** श्रवण 18.34 बजे को समाप्त।
**योग** शूल 07.21 बजे को समाप्त।
**करण** बव 10.07 बजे तदनन्तर बालव 22.12 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 13° 48'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872513
**जूलियन दिन** 2460978.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल
**तारीख** 07
**विशेष** गोपाष्टमी, मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः समय की पाबंदी

बात साबरमती आश्रम में गांधी जी के प्रवास के दिनों की है। एक दिन एक गाँव के कुछ लोग बापू के पास आए और उनसे कहने लगे, 'बापू कल हमारे गाँव में एक सभा हो रही है, यदि आप समय निकाल कर जनता को देश की स्थिति व स्वाधीनता के प्रति कुछ शब्द कहें तो आपकी कृपा होगी।' गांधी जी ने अपना कल का कार्यक्रम देखा और गाँव के लोगों के मुखिया से पूछा, 'सभा के कार्यक्रम का समय कब है?' मुखिया ने कहा, 'हमने चार बजे निश्चित कर रखा है।' गांधी जी ने आने की अपनी अनुमति दे दी। मुखिया बोला, 'बापू मैं गाड़ी से एक व्यक्ति को भेज दूँगा, जो आपको ले आएगा। आपको अधिक कष्ट नहीं होगा। गांधी जी मुस्कराते हुए बोले, 'अच्छी बात है, कल निश्चित समय मैं तैयार रहूँगा।' अगले दिन जब पौने चार बजे तक मुखिया का आदमी नहीं पहुँचा तो गांधी जी चिंतित हो गए। उन्होंने सोचा अगर मैं समय से नहीं पहुँचा तो लोग क्या कहेंगे। उनका समय व्यर्थ नष्ट होगा। गांधी जी ने एक तरीका सोचा और उसी के अनुसार अमल किया। कुछ समय पश्चात मुखिया गांधी जी को लेने आश्रम पहुँचा तो गांधी जी को वहाँ नहीं पाकर उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ। लेकिन वह क्या कर सकते थे। मुखिया सभा स्थल पर पहुँचा तो उन्हें यह देख कर और अधिक आश्चर्य हुआ कि गांधी जी भाषण दे रहे हैं और सभी लोग तन्मयता से उन्हें सुन रहे हैं। भाषण के उपरांत मुखिया गांधी जी से मिला और उनसे पूछने लगा, 'मैं आपको लेने आश्रम गया था लेकिन आप वहाँ नहीं मिले फिर आप यहाँ तक कैसे पहुँचे?' गांधी जी ने कहा, 'जब आप पौने चार बजे तक नहीं पहुँचे तो मुझे चिंता हुई कि मेरे कारण इतने लोगों का समय नष्ट हो सकता है इसलिए मैंने साइकिल उठाई और तजी से चलाते हुए यहाँ पहुँचा।' मुखिया बहुत शर्मिंदा हुआ। गांधी जी ने कहा, 'समय बहुत मूल्यवान होता है। हमें प्रतिदिन समय का सदुपयोग करना चाहिए। किसी भी प्रगति में समय महत्वपूर्ण होता है।' अब उस युवक की समझ में मर्म आ चुका था।

## सूडोकु नवताल- 7317

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7316 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 8532

**बाएँ से दाएँ**

1. सरस्वती-3
3. किनारा,तट-3
5. मूल्य,कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध,व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन,मातहत-3
12. संज्ञा,संबोधन-2
13. मार्ग,रास्ता-2
14. तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
16. धुन,आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र,तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार,अनपढ़-3

**ऊपर से नीचे**

1. संध्या,सांझ-2
2. असुर,दैत्य-3
3. शोरबा,रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश,एडमिट-3
7. वर यात्रा,दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम,साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी,रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई,सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी,दीवान-3
19. रवैया,तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता,लतिका-2

### शब्द पहेली -8531 का हल

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# छात्रों को सांदीपनि विद्यालय बोलेगांव में हुआ नि:शुल्क साइकिल वितरण

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** क्षेत्र के सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव में 29 अक्टूबर को शासन की महत्वाकांक्षी नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित करने का भव्य समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ। दूर-दराज के गांवों से स्कूल आने वाले बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई इस योजना से न केवल आने-जाने की समस्या हल होगी, बल्कि स्कूल में उपस्थिति और शैक्षणिक प्रदर्शन में भी उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है।



कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य बी.आर. गुरदे की अगुवाई में मुख्य अतिथि लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व जनपद सदस्य अशोक बापूरे तथा अन्य सम्मानित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि रमेश भटेरे ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में योजना की प्रशंसा करते हुए कहा, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित यह नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना एक क्रांतिकारी कदम है। ग्रामीण इलाकों में जहां सार्वजनिक परिवहन की सुविधा सीमित है, वहां दूरस्थ गांवों से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल मिलने से उनकी यात्रा आसान हो जाएगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि स्कूल में नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। यह योजना शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

समारोह के दौरान कुल दर्जनों छात्र-छात्राओं को चमचमाती नई साइकिलें सौंपी गईं। साइकिल प्राप्त करने पर बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक साफ झलक रही थी। कई छात्रों ने बताया कि अब वे पैदल चलकर थकान महसूस नहीं करेंगे और समय पर स्कूल पहुंच सकेंगे। एक छात्रा ने उत्साह से कहा, साइकिल मिलने से मुझे घर से स्कूल आने में आसानी होगी और मैं पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे पाऊंगी।

संस्था प्राचार्य बी.आर. गुरदे ने साइकिल वितरण के बाद छात्रों को बधाई देते हुए कहा, यह साइकिल केवल वाहन नहीं, बल्कि आपके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। नियमित उपस्थिति बनाए रखें और परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाएं। उन्होंने छात्रों को कुछ व्यावहारिक सुझाव भी दिए, जैसे समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन और स्वास्थ्य का ध्यान रखना। उप प्राचार्य श्री साहू सर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी की सहभागिता की सराहना की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व जनपद सदस्य अशोक बापूरे, बोलेगांव ग्राम पंचायत की उप सरपंच श्रीमती चित्ररेखा कालबेले, पालक-शिक्षक संघ अध्यक्ष अनिल नागवंशी, ओमप्रकाश बापूरे सहित गांव के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, सह-शैक्षणिक स्टाफ और बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं भी इस समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ शिक्षक सरोज कुमार पटेल ने किया, जिन्होंने अपनी सहज वाणी से सभी को बांधे रखा।

## बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय कारंजा में हुई गोपाष्टमी पर भव्य गौमाता की पूजा

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** गोपाष्टमी के पावन अवसर पर विद्या भारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, कारंजा में बुधवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम क्षेत्र के विधायक राजकुमार कराहे के मुख्यातिथ्य में एवं पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलिराम शिवणकर, मंडल अध्यक्ष योगेश कुराहे, नंदनवार जी, धनीराम सावस्कर, सचिन अग्रवाल, योगेश रामटेक्कर की प्रमुख उपस्थिति में किया गया।





सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा गौमाता की पूजा-अर्चना कर गौसेवा का सौभाग्य प्राप्त किया। विधायक कराहे ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का विशेष स्थान है। गोपाष्टमी का पर्व हमें सेवा, संरक्षण और संवेदनशीलता का संदेश देता है। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में नैतिक मूल्यों को विकसित करते हैं और समाज में सद्भावना का संदेश फैलाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गोसेवा के महत्व पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। अंत में अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गोपाष्टमी का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और गौमाता के प्रति सम्मान की भावना को पुन: जीवित करने वाला रहा, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

## तालाब में डूबने से दामेश्वर की मृत्यु

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी सुलसुली अन्तर्गत ग्राम नंदोरा के तालाब में एक वृद्ध व्यक्ति का शव ग्रामीणों को दिखाई दिया जिसकी सूचना सुलसुली पुलिस चौकी प्रभारी को दी गई। पुलिस के द्वारा मौका स्थल पर पंहुचकर ग्रामीणों एवं परिजनों की सहायता से शव को तालाब के बहार निकाला जिसकी शिनाख्त ग्राम गातादेवटोला नंदोरा निवासी दामेश्वर पिता पतिराम कारमेघे उम्र 65 वर्ष के रूप में की गई है। पुलिस के द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही में ज्ञात हुआ जिममें मृतक की पत्नि ने बताया कि 29 अक्टूबर को सुबह 7 बजे मेरे पति दामेश्वर अपनी सायकल लेकर बस्ती की ओर गये थे। करीब आधे घंटे के बाद मेरे भांजे शोभाराम ने बताया कि मामा गाताबोड़ी तालाब में गिरा हुआ है फिर मैने भी बताये हुये स्थान पर जाकर देखा तो मेरे पति दामेश्वर सायकल सहित तालाब के पानी में डूबे हुये है तथा उनकी मृत्यू हो गई है मेरे पति को पूर्व में भी चक्कर आने की बिमारी थी ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हे सायकल चलाते वक्त चक्कर आ गया तथा वे तालाब के पानी डूबने से उनकी मृत्यू हो गई है। पुलिस के द्वारा उक्त पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां उनका पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के द्वारा मर्ग क्रमांक 78/25 धारा 194 बीएनएस कायम कर कर विवेचना में लिया गया है। मर्ग जांच सुलसुली चौकी प्रभारी के द्वारा जा रही है।



## पीएम श्री विद्यालय कुम्हारी कला में निशुल्क साइकिलें वितरित

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** मध्य प्रदेश शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत ग्राम कुम्हारी कला में संचालित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमी में अध्यनरत छात्रों को साइकिल वितरित की गई । कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं पालक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष व अन्य सदस्यों का पुष्पहार से स्वागत किया गया ।निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुलीचंद राजनीरे जिला पंचायत सदस्य, डॉक्टर भुवनेश्वर बल्ले वरिष्ठ नागरिक ग्राम कुम्हारी कला, पालक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष एवं सदस्यों प्रभारी प्राचार्य कमल किशोर मेश्राम की उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी कला में आसपास के गांव से छात्र-छात्राएं अध्ययन करने आते हैं, जिसमें 79 बालक एवं एक बालिका को साइकिल वितरण किया गया इससे पूर्व विद्यालय में अध्यनरत 43 छात्रों को साइकिल वितरण किया जा चुका है।



कार्यक्रम में पालक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष देवेंद्र कंकराने अन्य सदस्य एवं डॉक्टर भुनेश्वर बल्ले व क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में शशिकांत चौहान उच्च माध्यमिक शिक्षक रूपलाल वाहने, अरविंद मंडलोई, लीलचंद घोरमारे, सुषमा गेड़ाम, पुरुषोत्तम गिरेपूंजे, उदयचंद्र रहांगडाले, मधु पुष्प ठाकुर, सतीश मड़ामें, विजय वासनिक, लेखराम हरिनखेडे, निलेश तिडके, विमल तुरकर, चंद्र किशोर कुतराहे, करुणा बनोठे, प्रकाश श्रीवास्तव, राहुल सुखदेवे का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक टिकेश्वर कर्राहे एवं उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका रीमा हनोते के द्वारा किया गया।

## लांजी-आमगांव मार्ग पर दिशा सूचक बोर्ड जर्जर

### पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से दुर्घटना का खतरा

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की उदासीनता के चलते लांजीङ्कआमगांव मुख्य मार्ग पर लगे दिशा सूचक बोर्डों की हालत खस्ता हो गई है। बिसोनी के पास स्थित एक प्रमुख दिशा सूचक बोर्ड पर बेलें और झाड़ियां इतनी घनी हो गई हैं कि उस पर अंकित शब्द अब दिखाई ही नहीं देते। नतीजतन, मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक और पैदल यात्री सही दिशा का पता नहीं लगा पा रहे हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र का सबसे व्यस्त रास्ता है, जहां रोजाना सैकड़ों वाहन आवागमन करते हैं। दिशा सूचक बोर्डों का धुंधला होना दुर्घटनाओं को न्योता देने वाला साबित हो रहा है। सड़क किनारे की झाड़ियां भी मार्ग पर झुक आई हैं, जिससे वाहनों के आपस में टकराने का खतरा बना रहता है, खासकर रात के समय जब विजिबिलिटी कम हो जाती है।

निवासियों ने खुलासा किया कि पीडब्ल्यूडी ने लंबे समय से इस मार्ग की कोई देखभाल नहीं की है। विभाग को नियमित अंतराल पर संकेतक बोर्डों की सफाई और सड़क किनारे की झाड़ियों की कटाई करानी चाहिए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा मिल सके।

क्षेत्रवासियों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि मार्ग किनारे की झाड़ियां और बोर्डों पर चढ़ी बेलें जल्द से जल्द हटाई जाएं, जिससे यात्रियों को दिशा स्पष्ट दिखे और संभावित हादसों से बचाव हो सके।

## एकल संच अभियान ने सोगलपुर में किया वर्चुअल वन यात्रा का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** एकल संच अभियान अंचल बालाघाट के संच लांजी द्वारा क्षेत्र के ग्राम सोगलपुर में वर्चुअल वन यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के सभी नागरिक समाज सेवी, महिला, बच्चे ग्रामीण जन शामिल हुये। कार्यक्रम में एकल अभियान के प्रमुख दानदाता एवं राष्टीय पदाधिकारी उपस्थित हुये। एकल संच लांजी के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यो ने उक्त वर्चुअल बैठक में सहभागिता की। इस अवसर पर मुबई एफटीएस व समिति के माध्यम से आनलाईन वर्चुअल वन यात्रा की गई। जिसमें उपस्थित संच समिति के द्वारा ग्राम देवी की पूजा अर्चना कर गोपालन जैविक पीठ व पोषण वाटिका का वर्चुअल दर्शन किया गया। तत्पश्चात एकल विद्यालय के संचालन में बच्चो से वार्तालाप की गई। ग्राम की सत्संग समिति के माध्यम से सत्संग भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अंचल व संच कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष झनकार किरनापुरे, विशाल राऊत उपाध्यक्ष, परमेश्वर कुथे सचिव, फणीन्द्र दुरूगकर, श्रीमती दुर्गा रामटेक्कर, श्रीमती वीणा उपराड़े, नेहल गौतम, उमाकांत उपराडे, सुभाष उरखेडे, कृष्णा खोबरागडे, मदन बेदरे एवं संच के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। संच समिति के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे ने कहा कि हम सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय जनों सहयोग से सेवाकार्य में भागीदारी के साथ बच्चों के नव निर्माण और व्यक्ति विकास के माध्यम से सेवा कार्य का निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं। आप सभी सहयोग से नित नये आयाम का शुभारंभ कर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित कर सेवा कार्य करते रहेंगे।



## आंतरिक शक्ति को बढ़ावा देने महाविद्यालय में शिविर आयोजित

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव को ध्यान में रखते हुए मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा तनाव प्रबंधन हेतु आंतरिक शक्ति को बढ़ाना विषय पर २९ अक्टुबर को ऑनलाईन प्रेरणा सत् आयोजित किया गया। यह ऑनलाइन सत् महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. शिव कुमार रॉय रहे जो कि फोर्थ वॉयस मिडिया नेटवर्क पॉईंट आउट ग्रुप नई दिल्ली के चेयरमेन है। उन्होंने छात्र छात्राओं को तनाव प्रबंधन एवं आंतरिक शक्ति को बढ़ाने पर विविध व्यावहारिक उदाहरणों समेत अपना व्याख्यान दिया। इस ऑनलाइन सत् में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एस गेड़ाम समेत सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी शिक्षक समेत अधिक संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।



लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सख्त निर्देश के बाद दोनों आरोपी हुए गिरफ्तार

## टीआई और आरक्षक को किया लाइन अटैच : डीआईजी, कलेक्टर एवं एसपी हैं मौके पर मौजूद

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कटनी जिले के कैमोर में हुई घटना पर पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कटनी जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को तत्परता से कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने बुधवार की सुबह दोनों आरोपियों को कजरवारा गांव से गिरफ्तार कर लिया है।

डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर कटनी आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा पूरे समय विजयराघवगढ़ में मौजूद रहकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया और शांति व्यवस्था कायम की। मंगलवार को दो पक्षों के विवाद में कैमोर निवासी नीलेश रजक की दो आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**टीआई एवं आरक्षक लाइन अटैच**

पूरे मामले के बाद टीआई कैमोर अरविंद चौबे और पुलिस आरक्षक



प्रेमशंकर पटेल को निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश के बाद पुलिस ने टीम गठित कर आरोपियों की खोजबीन शुरू की। दोनों आरोपियों अकरम और प्रिंस जोसेफ को पुलिस ने कजरवारा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायर किया, आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपी घायल हो गए हैं। उन्हें तत्काल इलाज के लिए जबलपुर रवाना किया गया है।

**प्रभारी मंत्री श्री सिंह पहुँचे कैमोर**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को कैमोर पहुँच कर मृतक स्व. नीलेश रजक के परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदना प्रकट कर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त निर्देश है कि मध्यप्रदेश में किसी भी आपराधिक गतिविधि को सरकार बर्दाश्त नहीं करेंगी। अनैतिक गतिविधियों में शामिल लोगों को दण्डित किया जायेगा। पुलिस अपना कार्य कर रही है, गुनहगारों का जीवन सलाखों के पीछे बीतेगा।

कैमोर में हुई हत्या की वजह से जनहानि और लोकपरिशांति भंग होने की संभावना के मद्देनजर थाना विजयराघवगढ़ एवं थाना कैमोर के संपूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था की दृष्टि से निषेधात्मक आदेश लागू किया गया है। जिला प्रशासन ने विजयराघवगढ़ व कैमोर दोनों स्थानों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी की।

## जंगल में छिपे नक्सलियों को तलाशने हाईटेक हुई मप्र पुलिस

# आग के धुएं से नक्सलियों का पता?

भोपाल। नक्सलियों और अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस अब हाईटेक बनने जा रही है। थर्मल इमेज और इंफ्रारेड ड्रोन कैमरा की सहायता से अपराधियों की लाइव निगरानी की जाएगी। मध्य प्रदेश पुलिस का फोकस नक्सलियों और ऐसे अपराधियों पर रहेगा। जो जंगलों में बड़ी वारदात करते हैं।

पुलिस मुख्यालय की टेलीकॉम शाखा ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ड्रोन कैमरे खरीदने का टेंडर जारी कर दिया है। जो थर्मल इमेज और इंफ्रारेड तकनीकी से सुसज्जित होंगे। उनका उपयोग कर जंगलों में छिपे अपराधियों का पता लगाया जाएगा। अपराधी और नक्सली जिस स्थान पर खाना बनाएंगे। वहां की आग और जो धुआं निकलता है। उससे नवीन तकनीकी के जरिए अपराधियों का पता लगाकर उन्हें घेराबंदी करके पकड़ा जा सकेगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को नवीन तकनीकी के ड्रोन खरीदने के लिए निर्देश दिये है। ड्रोन की मदद से किसी भी अपराधी की लाइव फीडिंग पुलिस मुख्यालय को मिलेगी। इसका एक्सेस मुख्यालय की टीम के पास होगा। लाइव फीड को देखकर ग्राउंड पर जो ऑपरेशन टीम उपलब्ध होगी। उसे मुख्यालय से जानकारी देकर अपराधियों को पकड़ा जा सकेगा।

इंदौर रेडियो ट्रेनिंग स्कूल में पुलिस जवानों को ड्रोन उडाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग के लिए अभी मास्टर ट्रेनर तैयार करने का काम शुरू हो गया है। जल्द ही मध्य प्रदेश की हाईटेक पुलिस दुर्दांत और खूंखार अपराधियों को नियंत्रित करने में सफल होगी। इस पायलट प्रोजेक्ट का यह उद्देश्य है।

## एमपी में कानून व्यवस्था चरमराई- सत्ता के संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद

भोपाल। एमपी में अपराधों की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही। हत्या, बलात्कार और उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। वहीं सत्ता पक्ष से जुड़े कई जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता और प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाने की घटनाएँ भी तेजी से सामने आ रही हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था इन दिनों सवालों के घेरे में है। प्रतिदिन कई हत्याएँ, कई बलात्कार के मामले और उत्पीड़न की घटनाएँ मध्य प्रदेश के सामाजिक ताने-बाने को झकझोर रही हैं। जनता में भय और असुरक्षा का माहौल है। सूत्रों के अनुसार, जनपद पंचायतों से लेकर जिला मुख्यालयों तक सत्ताधारी पार्टी नेताओं के दबदबे और मनमानी के मामले तेजी से बढ़े हैं। कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्रता, धमकी और दबाव डालने की शिकायतें दर्ज की गई हैं। सत्ता के प्रभाव में प्रशासन अक्सर विवश दिखाई देता है।

## भोपाल जिले में सालो से काबिज सब-इंस्पेक्टर-तबादलों में नियमों की अनदेखी

भोपाल। भोपाल जिले के विभिन्न थानों में बीते कई सालो से पदस्थ कई सब-इंस्पेक्टर (उप निरीक्षक) अब भी अपनी जगह पर जमे हुए हैं। जबकि पुलिस विभाग के स्थानांतरण नीति के अनुसार किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को एक ही जिले या थाने में लंबे समय तक पदस्थ नहीं रहना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, जिले में दर्जनों ऐसे सब-इंस्पेक्टर हैं, जो पांच से दस वर्षों से लगातार भोपाल में ही कार्यरत हैं। इनका तबादला न होने से कई बार स्थानीय प्रभाव, सिफारिश और पारिवारिक निकटता जैसी बातें उठाई जाती हैं। पुलिस महकमे के नियमों के मुताबिक, नियमित अंतराल पर तबादले जरूरी हैं, ताकि प्रशासनिक पारदर्शिता बनी रहे और पुलिसकर्मियों पर किसी क्षेत्र विशेष का प्रभाव न पड़े। लेकिन वास्तविकता में इन नियमों की खुली अनदेखी की जा रही है। इसे लेकर आमजन का कहना है, बीते कई सालों से एक ही जगह काम कर रहे अफसरों के कारण निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। विभाग को इसकी समीक्षा कर कदम उठाना चाहिए। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विभागीय तबादले नीति सिर्फ कागज़ों में सीमित है, क्यों भोपाल के सब-इंस्पेक्टरों को दूसरे जिलों, तहसीलों या कस्बों में नहीं भेजा जा रहा है। आमजन को पारदर्शी प्रशासन की अपेक्षा है जिसके लिये पुलिस मुख्यालय को इस बिंदु पर गंभीरता से जांच कर कार्रवाई की जाना चाहिये ताकि व्यवस्था में संतुलन और विश्वास बना रहे।

## पीजी कालेज बालाघाट में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का हुआ आयोजन

पद्मेश न्यूज, बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 29 अक्टूबर को व्यावसायिक एवं औद्योगिक विषयों का महत्व '' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वेबिनार की प्रस्तावना एवं रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक डॉ. सीमा श्रीवास्तव प्राध्यापक समाजशास्त्र द्वारा प्रस्तुत की गई, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा का समावेश एक क्रांतिकारी कदम है, जो युवाओं को आत्मनिर्भर एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित करता है। प्राचार्य डॉ. मराठे ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है इसके लिए युवाओं को कौशल युक्त होना होगा।

कार्यक्रम मे महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेडे ने अपने मार्गदर्शक उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप 34 वर्षों के बाद लागू हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भारत को समृद्ध, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक डॉ. पीआर चंदेलकर ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 युवाओं के कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. निलेश कुमार तिवारी ने व्यावसायिक एवं औद्योगिक शिक्षा की अनिवार्यता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि आगामी वर्षों में प्रशिक्षित एवं कौशलयुक्त युवाओं की आवश्यकता बढ़ेगी। उन्होंने वोकेशनल ट्रेनिंग एंड इंडस्ट्रियल स्किल डेवलपमेंट विषय पर पीपीटी प्रस्तुतिकरण देते हुए पंजाब की बाढ़ आपदा एवं फैब्रिकेटेड घर निर्माण के उदाहरण से कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि चीन, जर्मनी, यूके और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में व्यावसायिक प्रशिक्षण व्यवस्था युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है।

द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. आशीष कुमार झा ने व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र विभिन्न अवसरों पर अपने विचार रखे। उन्होंने मधुमक्खी पालन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कौशल विकास एवं उद्यमिता के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बी कीपिंग (मधुमक्खी पालन) न केवल एक पारंपरिक कला है, बल्कि इसे तकनीकी ज्ञान एवं प्रशिक्षण के साथ जोड़ा जाए तो यह ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा साधन बन सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्?त विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों का योगदान रहा।

## राजधानी में सामने आया लव जिहाद का अजीबो-गरीब मामला

### - हिंदू युवक ने मुस्लिम युवती और उसके परिजनों पर लगाया धर्म परिवर्तन के लिये दबाव बनाने का आरोप

भोपाल। राजधानी के जहांगीराबाद थाना इलाके में लव जिहाद का अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहाँ बरखेड़ी निवासी शुभम गोस्वामी (25) नामक युवक ने मुस्लिम युवती और उसके परिजनों पर मतांतरण का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। युवक का कहना है, कि युवती उस पर लगातार धर्म बदलकर निकाह करने का दबाव बना रही थी। हालांकि जांच के दौरान अलग तरह की जानकारी सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, जिस युवक ने शिकायत दर्ज कराई है, उस पर उसी मुस्लिम युवती ने साल 2022 में दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उस समय युवती के नाबालिग होने पर पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था, वह प्रकरण फिलहाल अदालत में विचाराधीन है। अब सोमवार को शुभम ने जहांगीराबाद थाने में शिकायत करते हुए बताया है की एक लड़की और उसके घर वालों ने धर्म परिवर्तन के इरादे से छल और धार्मिक प्रलोभन देकर उसे फंसाया था। उसका आरोप है की धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के लिए उसके खिलाफ साल 2022 में दुष्कर्म का झूठा केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। जब वह चार माह बाद जमानत पर रिहा हुआ तो उसका जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कराते हुए उसका नाम भी बदल दिया गया। सोमवार को जहांगीराबाद थाने में इसकी शिकायत की है। वहीं पुलिस का हना है की दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे, और आपसी विवाद के चलते यह नया प्रकरण सामने आया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत करने वाले युवक को मंगलवार को बयान के लिए बुलाया गया था, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। फिलहाल आगे की जाँच की जा रही है।

## डेटिंग एप्स बने ठगी का अड्डा, राजधानी सहित देशभर में बढ़ रहे साइबर अपराध

### फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवाओं को फँसाया जा रहा, ब्लैकमेलिंग और पैसों की उगाही के बढ़े मामले

भोपाल। ऑनलाइन डेटिंग के नाम पर चल रही मोबाइल एप्स और अन्य प्लेटफॉर्म अब साइबर ठगों के नए हथियार बनते जा रहे हैं। भोपाल सहित देशभर में इन एप्स के माध्यम से युवाओं को जाल में फँसाकर ठगी और ब्लैकमेलिंग के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। साइबर सेल के अनुसार, हाल के महीनों में ऐसे कई प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें युवाओं को डेटिंग एप्स के जरिए पहले दोस्ती के नाम पर फँसाया गया, फिर निजी चैट या वीडियो कॉल के माध्यम से उनकी गोपनीय जानकारी हासिल कर ली गई। बाद में इन्हीं जानकारी का इस्तेमाल कर ठगो ने पीड़ितों से पैसों की मांग की।

**ऐसे फँसाते हैं ठग**

ठगोरे आकर्षक फोटो और नकली प्रोफाइल बनाकर पहले भरोसा जीतते हैं। फिर बातचीत को निजी दिशा में ले जाकर युवाओं से निजी फोटो या वीडियो साझा करवा लेते हैं। इसके बाद धमकी देकर ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से पैसे ऐंठते हैं। कुछ मामलों में अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी भी दी जाती है। सूत्रो के मुताबिक शहर के कई नामचीन पब-बार इनके अड्डे बने हुए है।

**साइबर सेल की अपील**

भोपाल साइबर सेल अधिकारियों ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से ऑनलाइन बातचीत करते समय सतर्क रहें। अपनी निजी जानकारी, फोटो या बैंक डिटेल साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक या वीडियो कॉल से बचें। ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें।

**युवाओं में बढ़ती लापरवाही**

विशेषज्ञों का कहना है, कि आज के युवा सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स पर बिना सोच-समझ के भरोसा कर लेते हैं। यही लापरवाही कई बार उन्हें मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान तक पहुँचा देती है। डिजिटल युग में जागरूक रहना ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

## महिला डीएसपी पर लगा सहेली के घर से दो लाख और मोबाइल चोरी का आरोप

### - पीएचक्यू में पदस्थ है महिला अफसर, नामजद एफआईआर दर्ज

### - सीसीटीवी में सदिंग्ध गतिविधिंया नजर आई महिला डीएसपी की

भोपाल। एमपी पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में पदस्थ महिला डीएसपी कल्पना रघुवंशी के खिलाफ उनकी सहेली ने घर से दो लाख की नगदी सहित एक मोबाइल फोन चोरी करने का आरोप लगाते हुए नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। मामले की शिकायत 24 सितंबर को जहांगीराबाद थाने में दर्ज की गई है, संदेही महिला अधिकारी सीसीटीवी कैमरे में फरियादिया सहेली के घर में आते-जाते समय कैद हुई थीं। इसके फुटेज बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक बी-17 महालक्ष्मी परिसर गल्ला मंडी जहांगीराबाद में रहने वाली प्रमिला तिवारी ने अपनी शिकायत में बताया की वह निजी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करती हैं। डीएसपी कल्पना रघुवंशी उनकी दोस्त हैं, और उनका अक्सर उसके घर आना-जाना लगा रहता था। पीड़िता ने पुलिस को आगे बताया कि 24 सितंबर को वह और उनकी बेटी घर पर थीं, दोपहर के समय में नहाने के लिए वह कमरे में गई थी। घर का गेट खुला था। इसी दौरान किसी ने घर के हाल में घुसकर उनका चार्जिंग पर लगा मोबाइल और पास रखा एक बैग चोरी कर लिया। चोरी गये बैग में दो लाख रुपए नगदी रखी थी। प्रमिला के अनुसार, जब वह नहाने के बाद वापस हाल में आई तो उन्हें चार्जिंग पर लगा मोबाइल गायब मिला, चेक करने पर मोबाइल सहित हॉल में रखा नगदी से भरा बैग भी गायब नजर आया। प्रमिला ने पुलिस को बताया कि चोरी गई रकम उन्होंने बच्चे की फीस के लिए रखी थी। अपने स्तर पर जाँच करते हुए प्रमिला ने सीसीटीवी घर के सामने वाले मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किये। फुटेज में डीएसपी कल्पना रघुवंशी उनके घर में आती-जाती साफ नजर आई। फुटेज में यह भी नजर आया कि घर से निकलते समय उनके एक हाथ में पर्स और नोटों के बंडल थे। इसके बाद प्रमिला ने थाना पुलिस से लिखित शिकायत की। शुरुआती जाँच के बाद थाना पुलिस ने डीएसपी कल्पना रघुवंशी के खिलाफ चोरी की धाराओं में नामजद एफआईआर दर्ज की है। सूत्रो के मुताबिक एफआईआर की भनक लगते ही महिला अधिकारी भुमिगत हो गई है, ओर उनकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। इधर पुलिस मुख्यालय ने भी आरोपी अधिकारी के खिलाफ नोटिस जारी कर विभागीय कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

## अंधियाटोला की बालिका मनीषा का डॉक्टर बनने का सपना होंगा पुरा

पद्मेश न्यूज, बालाघाट। छात्रावास का जीवन किस्मत वालों को ही मिलता है। छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई की अच्छी सुविधाएं मिलने के साथ ही जीवन के नये अनुभव भी होते हैं और बहुत कुछ सीखने मिलता है। बालाघाट जिले के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम अंधियाटोला की बालिका मनीषा डोंगरवार के सपने को साकार करने में उसके छात्रावास जीवन का बहुत बड़ा योगदान है। छात्रावास में मिली सुविधाओं के कारण मनीषा ने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है और रतलाम के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा के रूप में अध्ययन कर रही है। मनीषा का कहना है कि यदि उसे छात्रावास में रहने का सौभाग्य नहीं मिलता तो वह नीट जैसी परीक्षा पास नहीं कर पाती और उसका डाक्टर बनने का सपना अधूरा रह जाता।

**मां का सपना था बेटी को डॉक्टर बनाना**

मनीषा डोंगरवार गरीब परिवार की बालिका है और बालाघाट जिले की लांजी तहसील के दुर्गम क्षेत्र के ग्राम अंधियाटोला की निवासी है। मनीषा के पिता किशोर डोंगरवार खेती का काम करते हैं और उसकी माता कविता डोंगरवार गांव में आशा कार्यकर्ता है। मनीषा के माता-पिता दोनों कक्षा 08 वीं तक ही पढ़े है। मनीषा ने कक्षा पहली से पांचवी तक की पढ़ाई अपने गांव के स्कूल में ही की है। मनीषा बचपन से ही पढ़ाई में हाशियार थी। मनीषा की मां कविता आशा कार्यकर्ता के रूप में गांव के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं देने का काम करती है। कविता ने बेटी मनीषा से कहा था कि उसे डाक्टर ही बनना है और इसके लिए मेहनत कर।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के अधीक्षकों द्वारा हर वर्ष छात्रावास में बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए अपने क्षेत्र के गांव-गांव जाकर छात्र-छात्राओं से सम्पर्क किया जाता है। लांजी के उत्कृष्ट कन्या छात्रावास की अधीक्षिका ने भी ग्राम अंधियाटोला पहुंचकर गांव की छात्राओं से सम्पर्क किया था। तब मनीषा को लांजी के छात्रावास में रहकर पढ़कर करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंधियाटोला से लांजी की दूरी लगभग 20 किलोमीटर होने के कारण हर दिन आना-जाना संभव नहीं था। इसलिये मनीषा ने लांजी के छात्रावास में प्रवेश ले लिया और लांजी के ही स्कूल में कक्षा 06 वीं की पढ़ाई शुरू कर दी।

**मनीषा ने की सरकारी स्कूल से पहली से 12वीं तक की पढ़ाई**

मनीषा को छात्रावास में पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण मिला तो उसने मन में मां के सपने को साकार करने का संकल्प कर लिया। मनीषा ने 12 वीं तक की पढ़ाई लांजी के सरकारी स्कूल से ही पूरी की है। छात्रावास अधीक्षिका द्वारा हर वर्ष छात्रावास की बालिकाओं को नीट, जेईई और क्लेट की परीक्षा का फार्म भरवा कर तैयारी कराई जाती है। वर्ष 2024 में मनीषा को भी नीट की परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिल गया। छात्रावास में नीट की परीक्षा के लिए सभी तरह



की सामग्री उपलब्ध कराये जाने से मनीषा को बहुत सुविधा मिल गई। छात्रावास में स्मार्ट क्लास के माध्यम से मिलने वाली कोचिंग मनीषा के लिए मददगार बन गई और वर्ष 2024 की नीट परीक्षा में उसने सफलता हासिल कर ली है। मनीषा अब शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में एमबीबीएस की छात्रा बन गई है।

28 अक्टूबर को मनीषा सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर एवं अपने छात्रावास की अधीक्षिका सरिता कुथेकर के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची थी। इस दौरान उसने कलेक्टर मृणाल मीना से भी भेंट की। कलेक्टर श्री मीना ने मनीषा को उसकी सफलता के लिए बधाई एवं डाक्टर बनने की दिशा में अग्रसर होने के लिए शुभकामनायें दी। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि दुर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्र की बालिका मनीषा की इस सफलता से जिले की अन्य बालिकाओं को भी आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।

**सरकारी स्कूल से पढ़ाई पर मिली 05 प्रतिशत की छूट**

मनीषा ने चर्चा के दौरान बताया कि यदि उसे छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने की सुविधा और अवसर नहीं मिलता तो वह कुछ भी नहीं बन पाती। वह जिस गांव से आती है वहां पर वर्ष के दिनों में पहुंचना भी मुश्किल होता है। शासन द्वारा छात्रावासों में पढ़ाई के लिए अच्छी सुविधा दी जा रही है। इसी के कारण वह अपने डाक्टर बनने के सपने को साकार करने जा रही है। गरीब परिवार की मनीषा ने बताया कि वह अपनी मां के सपने को पूरा करना चाहती है और डाक्टर बनकर गांवों में सेवा देना चाहती है। मनीषा ने बताया कि उसने कक्षा पहली से 12 वीं तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल से की है। इसका लाभ भी उसे एमबीबीएस में प्रवेश के समय मिला है। कक्षा 01 से 12 वीं तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल से करने वाले नीट परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को एमबीबीएस में प्रवेश के समय 05 प्रतिशत छूट प्रदान की जाती है और उन्हें सबसे पहले प्रवेश दिया जाता है। यह छूट सभी वर्ग के छात्र छात्राओं को मिलती है।

महिला विश्वकप कप क्रिकेट सेमीफाइनल में

# आज होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला

नवी मुंबई । भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां होने वाले महिला विश्वकप कप के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला करेगी। इस मैच में जीत के लिए भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसका कारण है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत है और उसके खिलाफ भारतीय टीम का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बीच हुए 60 मैचों में से 49 में ऑस्ट्रेलियाई टीम जीती है जबकि केवल 11 में भारतीय टीम जीती है। भारतीय टीम अगर

सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है तो उसके लिए खिताब जीतना काफी आसान हो जाएगा। इस टूर्नामेंट में अब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है पर इसके बाद भी अगर टीम बेहतर तरीके से खेले तो उसके पास ऑस्ट्रेलिया को हराने का अच्छा अवसर है। भारतीय टीम कोपहले दो मैच में




जीत के बाद उसे लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा हालांकि इसके बाद उसने अच्छी वापसी की और सेमीफाइनल में जगह बनायी हालांकि शानदार फार्म में चल हरी प्रतीका रावल के चोटिल होकर बाहर होने से उसे झटका लगा है। प्रतिका ने इस टूर्नामेंट में पारी की शुरुआत करते हुए काफी अच्छी बल्लेबाजी की है।

वहीं अब भारतीय टीम को इस मैच में जीतने के लिए अपने प्रयासों में कोई कमी नहीं रखनी होगी। प्रतिका की जगह शामिल शेफाली वर्मा कैसा प्रदर्शन करती हैं। इस पर काफी कुछ निर्भर करेगा।

उप-कप्तान स्मृति मंधाना के साथ शैफाली का रिकॉर्ड (25 पारियों में 37.20 की औसत से 893 रन) रावल और मंधाना के सलामी जोड़ी के रूप में 23 पारियों में 78.21 की औसत से 1,799 रनों से काफी कम है। शैफाली आक्रमक तो हैं पर पिछले कुछ समय में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। इस मैच खेलना होगा कि शैफाली को उतारा जाता है या हरलीन देओल को सलामी बल्लेबाज के रूप में भेजा जाता है। हरलीन ने भी सात मैचों में 75.11 की औसत से बिना किसी अर्धशतक के 169 रन बनाए हैं और उनका रिकार्ड भी कुछ खास नहीं है पर वह लंबे समय तक बल्लेबाजी करती हैं। इससे मंधाना को दूसरे छोर से रन बनाने का अवसर रहता हहै। वहीं पिच की बात करें तो यहां हो रही बारिश के बाद भी पिच बल्लेबाजी के अनुकूल है । ऐसे में बड़े स्कोर का पीछा करना किसी भी टीम के लिए कठिन होगा।

इस मैच में स्पिनर राधा यादव को टीम में बनाए रखा जा सका है। इसका कारण है कि वह अच्छी क्षेत्र रक्षक हैं और अब तक उसकी गेंदबाजी भी प्रभावी रही है। वहीं दूसरी ओर स्पिनर स्नेहा राणा का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। हरमनप्रीत अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है और इस बार वह बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाना चाहेंगी।

भारतीय टीम को इस मैच में भी मंधाना से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगीहै। उन्होंने अब तक इस टूर्नामेंट में 60.83 की औसत से 365 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रदर्शन अब तक हर क्षेत्र में काफी अच्छा रहा है जिसे वह बनाये रखना चाहेगी। कप्तान एलिया हीली की वापसी से भी टीम का मनोबल बढ़ेगा। हीली ने इस टूर्नामेंट में काफी रन बनाये थे हालांकि फिट नहीं होने के कारण वह पिछले मैच से बाहर थीं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं -**

**भारत** - हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया** - एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), एलिस पेरी, बेथ मूनी (विकेटकीपर), फोबे लिचफील्ड, जॉर्जिया वोल, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, सोफी मोलिनक्स, एनाबेल सदरलैंड, डार्सी ब्राउन, मेगन स्कुट, जॉर्जिया वेयरहैम।

## मेग लैनिंग ने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को बताया जीत का प्रबल दावेदार

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग ने भारतीय टीम के खिलाफ गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में अपनी टीम को जीत का प्रबंल दावेदार बताया है। लैनिंग ने अपनी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसमें जबरदस्त गहराई है। उन्होंने कहा, 卐ऑस्ट्रेलियाई टीम एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। टीम के शुरुआती बल्लेबाजों के विफल होने पर निचले क्रम के बल्लेबाज भी मैच को बदल सकते हैं।卐 उन्होंने बेथ मूनी को ऑस्ट्रेलिया की सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी बताते हुए कहा कि वह किसी भी प्रकार के हालात में टीम को संकट से उबार सकती हैं।



वहीं लैनिंग ने इंग्लैंड की संभावनाओं को लेकर कहा कि उनकी टीम में अच्छा संतुलन है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में इंग्लैंड के लिए हीथर नाइट। वहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए मैरिज़ेन कैप, भारत के लिए हरमनप्रीत कौर और ऑस्ट्रेलिया के लिए बेथ मूनी अहम भूमिका निभा सकती हैं।

लैनिंग ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में इंग्लैंड की टीम जीत की प्रबल दावेदार है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में गहराई और संतुलन टीम की सबसे बड़ी ताकत है। लैनिंग ने कहा, 卐मुझे लगता है कि इंग्लैंड पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रहा है।卐 उन्होंने इंग्लैंड की तीन प्रमुख खिलाड़ियों नेट साइवर-ब्रंट, हीथर नाइट और सोफी एक्लेस्टोन की तारीफ करते हुए कहा कि अगर अन्य खिलाड़ी भी अपनी जिम्मेदारी निभाती हैं तो इंग्लैंड की जीत होना तय है।

वहीं लैनिंग ने दक्षिण अफ्रीका की स्टार ऑलराउंडर मैरिज़ेन कैप को भी एक मैच विजेता खिलाड़ी बताया। लैनिंग ने कहा, 卐कैप बल्ले और गेंद दोनों से खेल पर असर डाल सकती हैं। वह अपने खेल से पूरी टीम की ऊर्जा बढ़ा देती हैं।卐 उन्होंने कहा कि अगर कैप शुरुआती ओवरों में प्रभाव डालती हैं, तो दक्षिण अफ्रीकी टीम विरोधियों को हैरान करने में सक्षम है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले रणजी मैच खेलेंगे यशस्वी

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज को देखते हुए लय में बने रहने के लिए बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब रणजी ट्रॉफी खेलते नजर आयेंगे। यशस्वी एक नवंबर से मुम्बई और राजस्थान के बीच जयपुर में होने वाले एलीट ग्रुप डी मुकाबले में उतरेंगे। यशस्वी इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड के नियम का ही पालन कर रहे हैं।




बोर्ड का निर्देश है कि सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिये। इसी को देखते हुए इस बल्लेबाज ने मुंबई चयन समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल को मैच में खेलने की इच्छा बतायी है। पाटिल और उनकी चयन समिति वर्तमान दौर के बाद राजस्थान के खिलाफ मैच के लिए टीम का चयन करेंगे और उसी में यशस्वी को जगह मिलेगी । यशस्वी ने कुछ समय पहले गोवा से खेलने को लेकर मुम्बई से एनओसी मांगा था पर बाद में उन्होंने मुम्बई में ही बने रहने की बात कही थी। वहीं अगर वह खेलते तो इस विवाद के बाद उनका मुम्बई की ओर से ये पहले मैच होगा। उन्होंने अंतिम बार मुंबई के लिए जम्मू-कश्मीर के ख़िलाफ़ बीकेसी मैदान पर खेले गए ग्रुप मैच में हिस्सा लिया था। हाल में घरेलू क्रिकेट उन्होंने अगस्त में खेला था। तब वह बेंगलुरु में हुए दलीप ट्रॉफी में वेस्ट ज़ोन की ओर से उतरे थे।

## ऑस्ट्रेलिया ने टी20 सीरीज के लिए टीम में किये कई बदलाव, पहले टी20 के लिए शार्ट की जगह मैकडरमोट शामिल

कैनबरा । ऑस्ट्रेलिया ने आज भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले पहले टी20 क्रिकेट मैच के लिए मैथ्यू शॉर्ट की जगह पर बेन मैकडरमोट को शामिल किया है।

मैकडरमोट दो साल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की दौड़ में हैं। वहीं इसके अलावा जोश फिलिप भी इस मैच में खेलेंगे। शॉर्ट उंगली की सर्जरी के कारण इस सीरीज से बाहर रहेंगे। मैकडरमोट कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में शामिल होने के कारण ऑस्ट्रेलियाई घरेलू सत्र की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे। शॉर्ट भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय के दौरान जोश हेजलवुड की गेंद पर कैच लेने के प्रयास में चोटिल हो गये थे। उन्होंने इसके बाद भी 78 गेंदों में 74 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई और 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। तीसरे एकदिवसीय में उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी की और 30 रन बनाए।



शॉर्ट के बाहर होने के बाद फिलिप के पहले टी20 में खेलने की पूरी संभावना है। उन्होंने अंतिम बार इस प्रारुप में दिसंबर 2023 में भारतीय टीम के खिलाफ खेला था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस नंबर तीन पर बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने टीम में कई बदलावों की घोषणा की है। मुख्य तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और सीन एबॉट आखिरी मैचों में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें 10 नवंबर से न्यू साउथ वेल्स की ओर से विक्टोरिया के खिलाफ चौथे दौर के शील्ड मैच में खेलना है। हेजलवुड पहले दो मैचों में खेलेंगे, जबकि एबॉट तीसरे मैच के बाद नहीं खेलेंगे। वहीं ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल आखिरी तीन टी20आई मैचों के लिए वापसी करेंगे। वह कलाई में फ्रैक्चर के कारण वह पहले दो मैचों से बाहर हो गए थे। यह चोट उन्हें पिछले महीने न्यूजीलैंड में नेट्स में गेंदबाजी करते समय लगी थी। ड्वार्शियस पिंडली की चोट के कारण एकदिवसीय सीरीज और तीन टी20आई मैचों से बाहर हो गए हैं पर उन्हें अंतिम दो मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है।

**टीम इस प्रकार है -**

मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, ज़ेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शियस , नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड , बेन मैकडरमॉट (स्टैंडबाय खिलाड़ी) ग्लेन मैक्सवेल , ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कुह्नमैन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप (विकेटकीपर), मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, तनवीर संघा।

## अगरकर के साथ विवाद नहीं - शमी

कोलकाता। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा है कि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से उनके विवाद की बातें सही नहीं हैं। शमी ने कहा कि उनके बयान को गलत समझा गया जिससे इस प्रकार की गलतफहमी पैदा हुइै। ये विवाद तब शुरु हुआ जब अगरकर ने कहा था कि उन्हें शमी की फिटनेस की जानकारी नहीं है। वहीं शमी ने मीडिया से कहा था कि जब वह रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं तो इसका मतलब फिट होंगे ही। इसी के बाद से ही कहा जा रहा था कि चयनसमिति उनकी बयानबाजी से नाराज है।

शमी ने रणजी ट्रॉफी 2025 में बंगाल की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने आलोचकों और करा जवाब दिया है। गुजरात के खिलाफ शमी ने आठ विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलायी। इसी के बाद शमी ने कहा कि मैं हमेशा किसी न किसी विवाद में आ जाता हैं जबकि मेरा ध्यान खेल पर है। हर खिलाड़ी देश के लिए खेलना चाहता है, और मैं भी वही चाहता हूं। मेरा काम है फिट रहना और प्रदर्शन करना। बाकि काम चयनसमिति का है।

शमी ने चोट से वापसी के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के खिलाफ उन्होंने अपनी फिटनेस और लय दोनों साबित की। फर्स्ट-क्लास करियर में 13वीं बार उन्होंने पांच विकेट लिए हैं। रणजी सीजन में अब तक उन्होंने चार पारियों में 15 विकेट लिए हैं, औसत सिर्फ 10.46 का। वहीं बंगाल के कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा, मोहम्मद शमी को किसी से फिटनेस सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। उनकी गेंदबाजी ही उनका प्रमाण है। वे पूरी तरह फिट और शानदार लय में हैं।

## रोहित पहली बार आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। रोहित पहली बार अपने करियर में नंबर एक पर पहुंचे हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में सबसे अधिक रन बनाये हैं। वहीं भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। रोहित के रेटिंग पॉइंट्स अब 781 हो गए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान के 764 रेटिंग अंक हैं। शुभमन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खराब प्रदर्शन के कारण पिछड़ गये हैं। शुभमन के अब 745 रेटिंग अंक हैं। वहीं चौथे स्थान पर पाकिस्तान के बाबर आजम के



739 रेटिंग अंक हैं। वहीं विराट कोहली 725 रेटिंग अंक लेकर छठे स्थान पर हैं। 734 अंकों के साथ डेरिल मिचेल पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

आपको जानकर हैरानी होगी कि रोहित शर्मा ने 781 रेटिंग पॉइंट्स के साथ आईसीसी रोहित अपने करियर में पही बार नंबर एक पर आए हैं। एकदिवसीय विश्व कप 2019 में पांच शतक उन्होंने लगाए थे और तब उनके रेटिंग अंक 882 थे फिर भी वह नंबर एक पर नहीं पहुंचे थे।

38 साल के रोहित को लेकर कहा जा रहा था कि अब उनका करियर समाप्त हो चुका है पर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में एक अर्धशतक और एक शतक लगाकर बता दिया है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट है।

## पृथ्वी के साथ प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड साझा कर रुतुराज ने जीता दिल

पुणे (ईएमएस)। महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने रणजी ट्रॉफी मुकाबले में चंडीगढ़ के खिलाफ मिली 144 रनों की बड़ी जीत के बाद उन्हें मिले 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार को पृथ्वी शॉ के साथ साझा कर सभी का दिल जीत लिया। इस मैच रुतुराज ने पहली पारी में शतक लगाया था। वहीं पृथ्वी ने दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया था। पृथ्वी ने दूसरी पारी में केवल 156 गेंदों पर 222 रन बना दिये थे।

पृथ्वी ने 72 गेंदों में शतक और 141 गेंदों में दोहरा शतक लगाया। ये जो रणजी ट्रॉफी की एलीट डिवीज़न में दूसरा सबसे तेज़ दोहरा शतक है।

गायकवाड़ ने मैच के बाद कहा, 卐पृथ्वी की पारी से मैच बदल गया था। इसलिए पुरस्कार पर उसका भी अधिकार है।卐 कप्तान के इस कदम की प्रशंसकों ने जमकर प्रशंसा की है। प्रशंसकों ने उन्हें 卐ट्रू कैप्टन卐 और 卐स्पोर्ट्समैनशिप की मिसाल卐 बताया।

पृथ्वी ने इस पारी के साथ दिखाया है कि अभी भी उनकी बल्लेबाजी में दम है और वह वापसी कर सकते हैं। मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र की टीम में जाना भी उनके लिए लाभदायक साबित हुआ है।

## फिट होने पर फीफा विश्वकप खेलेंगे मेसी

ब्यूनस आयर्स। अर्जेटीना के कप्तान और स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने कहा है कि वह अगले साल होने वाले फीफा विश्वकप में खेलना चाहते है पर ये उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। मेसी की कप्तानी में ही टीम ने चार साल पहले 2022 में विश्व कप जीता था। कई फुटबॉल प्रशंसक चाहते हैं कि मेसी एक बार फिर टीम को खिताबी जीत दिलायें। मेसी अभी एमएलएस क्लब इंटर मियामी की ओर से रहे हैं। उन्होंने कहा, विश्व कप खेलना किसी भी खिलाड़ी के लिए एक अलब अनुभव होता है और मैं जरूर खेलना चाहूंगा पर मैं अगले साल प्री-सीजन शुरू होने पर देखूंगा कि मेरा शरीर इसके लिए तैयार है या नहीं। अगर मैं टीम के लिए उपयोगी दिखा तो ही मैं खेलना चाहूंगा।

इस स्टार खिलाड़ी ने एक बार फिर विश्वकप को बरकरार रखने का प्रयास टीम करना चाहेगी। जिसमें शामिल रहना एक बड़ा अनुभव होगा। 38 साल के इस खिलाड़ी ने कहा है कि राष्ट्रीय टीम के साथ खेलना हमेशा एक ही मेरा सपना रहा है।

## बड़े मुकाबलों में भी निडर होकर खेलने वाली टीम बनाना चाहते हैं गंभीर

केनबरा । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने फैसलों के कारण हमेशा ही विवादों में रहे हैं। अब गंभीर ने कहा है कि उनका लक्ष्य सबसे सफल कोच बनना न होकर ऐसी टीम तैयार करना है जो बड़े मुकाबलों में निडर होकर खेले। गंभीर ने कहा, मेरी और कप्तान सूर्यकुमार यादव की पहली बातचीत में ही हमने तय कर लिया था कि हार का डर नहीं रखना है। मैं सबसे सफल नहीं, बल्कि सबसे निडर और आत्मविश्वास से भरी टीम बनाना चाहता हूं। यहां तक कि एशिया कप फाइनल में भीं भी मैंने खिलाड़ियों से कहा था कि डर के नहीं उतरें। बल्कि उनका रुख ऐसा होना चाहिये कि जितना बड़ा मैच हो उतना आक्रामक होकर उतरें।

मुख्य कोच ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, सूर्या बेहतरीन इंसान हैं और अच्छे इंसान ही अच्छे लीडर बनते हैं। वह खिलाड़ियों को पूरी आज़ादी देते हैं। पिछले डेढ़ साल से उन्होंने ड्रेसिंग रूम में जबरदस्त माहौल बनाए रखा है।

गंभीर ने यह भी जोड़ा कि टीम का ध्यान जीत पर नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आजादी से खेलने पर रहता है। उन्होंने कहा, मैदान पर गलतियां होंगी, पर डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि डरे हुए खिलाड़ी से विरोधी टीम को ही लाभ मिलता है। गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम ने एशिया कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीती है पर टीम को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में करारी हार का भी सामना भी करना पड़ा।

## अभिषेक भारतीय टीम के बड़े सितारे बनकर उभरेंगे - क्लार्क

### तीनों ही प्रारुपों में खेलने के योग्य बने

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अब तीनो ही प्रारुपों में खेल सकते हैं। क्लार्क ने कहा कि टी20 से शुरुआत करने वाले अभिषेक का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से लगातार बेहतर होता आया है। इस पूर्व कप्तान ने कहा है कि अभिषेक आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट के एक बड़े सितारे बनकर उभरेंगे। अभिषेक की प्रशंसा करते हुए क्लार्क ने कहा कि उसने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। वहीं अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने को साबित करना है। साथ ही कहा, वह बाएं हाथ थ सलामी बल्लेबाज है और उसके पास सभी प्राकर के शॉट्स हैं। मैं देखना चाहता हूं कि वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ पांच मैचों की इस सीरीज में किसी प्रकार का प्रदर्शन करते हैं। मुझे लगता है कि वह इस टी20 सीरीज़ के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरेंगे।अभिषेक ने अब तक 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 849 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने दो शतक और पांच अर्धशतक लगाये हैं। एशिया कप 2025 में वह टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे और भारतीय टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। जिसस प्रकार से वह खेल रहे हैं उन्हें शीघ्र ही एकदिवसीय प्रारुप में भी जगह मिल सकती है।

# पीएम आवास हितग्राहियों से धीमी वसूली पर कलेक्टर नाराज सख्त निर्देश

पद्मेश न्यूज, बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना ने 29 अक्टूबर को जिले के नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, उपयंत्रियों की बैठक लेकर नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला शहरी अभिकरण के परियोजना अधिकारी राहुल नायक एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव कुमार भी उपस्थित थे।



बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देशित किया गया कि बीएलसी घटक अंतर्गत सरेंडर किये गए आवासो के हितग्राहियों से राशि की वसूली सख्ती से की जाए। ऐसे हितग्राहियों के विरूद्ध आरआरसी जारी कर उनकी चल अचल सम्पत्ति की कुर्की व नीलामी की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि जिले में सरेण्डर किये गए आवासों के हितग्राहियों से 04 करोड़ 51 लाख रुपए की राशि वसूल की जाना है। इसमें से अब तक 01 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि वसूल की जा चुकी है। कलेक्टर श्री मीना ने वसूली की धीमी कार्यवाही पर नाराजगी जाहिर की और शेष राशि की वसूली शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत आवासों के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र बालाघाट में बनाये गए एलआईजी एवं एमआईजी प्रकार के आवासो का पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर शीघ्रता से विक्रय करने के निर्देश दिए। इसके लिए इच्छुक हितग्राहियों को बैंक से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए। आवासो की बिक्री के लिए इसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने एवं शहर के मुख्य स्थानों पर होर्डिंग लगाने के निर्देश दिये गए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत आईएसएस घटक के आवास निर्माण के लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगरीय निकायों के स्वच्छता कार्यक्रम की समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि जिले का कोई भी नगरीय निकाय प्रदेश स्तर की रैंक में अपने वर्तमान रैंक से नीचे नही जाना चाहिए बल्कि ऊपर आने के लिए प्रयास करें। रैंक में सुधार नही पाये जाने पर जिम्मेदार अधिकारी पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप हितग्राहियों को शीघ्रता से ऋण वितरण करने के निर्देश दिये गए। बैंक अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि इस योजना के हितग्राहियों को तत्परता के साथ ऋण वितरण किया जाए। जिले के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में स्मार्ट फिश पार्लर का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। सभी नगरीय निकायों को समग्र ईकेवायसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने कहा गया। संबल पोर्टल पर लंबित आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करने एवं सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का संतुष्टि के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

## सीएम हेल्पलाईन में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया प्रशस्ति पत्र



पद्मेश न्यूज, बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना ने नगर पालिका परिषद वारासिवनी सीएमओ सूर्यप्रकाश उके एवं नगर परिषद बैहर सीएमओ दिलीप बांडेबूचे द्वारा नगरी निकाय एवं आवास विभाग की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हे प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इन अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों में 100 प्रतिशत संतुष्टि के साथ निराकरण कराया गया है।

## युवक ने कीटनाशक का किया सेवन



बालाघाट ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम नेतरा में इसी ग्राम के एक युवक पंकज पिता भोज लाल नगपुरे 26 वर्ष ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया ।जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। बताया गया है कि 28 अक्टूबर की रात्रि 8ः00 बजे पंकज नगपुरे घर में था। तभी उसके पिता दीदी और मां के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। उसी के मानसिक तनाव में आकर पंकज नगपुरे ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। पंकज नगपुरे को कीटनाशक दवाई पीते हुए उसके पड़ोसी जीवन लिल्हारे ने देखा और कीटनाशक दवाई की बोतल छुड़ाया और उसी ने पंकज नगपुरे को मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

## किरनापुर में हर्षोल्लास से मनायी गई भगवान सहस्त्रबाहू की जयंती



पदमेश न्यूज, बालाघाट। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 28 अक्टुबर को कलार समाज के आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहू की जयंती जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। इसी तरह किरनापुर ब्लाक में भी जयंती का आयोजन 28 अक्टुबर को किया गया। जयंती कार्यक्रम के दौरान भगवान सहस्त्रबाहू अर्जून की पूजा-अर्चना कर सामूहिक वंदना कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस जयंती कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने काफी संख्या में सहभागिता दर्ज करायी। जिसमें बडी संख्या में सामाजिक लोगो की उपस्थिति अपने आराध्य की पूजन अर्चना करने में एकता का परिचय दिया। जयंती कार्यक्रम में कलार समाज किरनापुर के अध्यक्ष भूपेन्द्र धुवारे, महिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा मेश्राम इनके अलावा समाज के कार्यकारिणी समिति के सदस्य व अन्य सदस्यों में रूपेन्द्र सिरसाज, कृष्ण कुमार बावनथडे, बुधराम हिरवाने, संदीप सिरसाज, खेमराज तानुजी कावडे लटोरी, आई.के.सोनवाने, छगनलाल सोनवाने, बी.आर. सोनेकर, भूपेन्द्र दौने, भीवराम तेलासे, भोमेश सोनेकर, मानकुमार धुवारे, उगेन्द्र मेश्राम, गुलाबचंद्र चौरागडे, शिवदयाल मलघाटी, पवन मेश्राम, दीपक हरडे, डॉ. डी.एल.बाकट, लिलेन्द्र सेवईवार, भैयालाल धुवारे, जियालाल धुवारे, जीवनलाल देशमुख तथा महिला समिति से सत्यभामा शेण्डे, विमला बावनथडे, लक्ष्मीकांता चौरीवार, श्रीमती लक्ष्मी बावनथडे, लता मलघाटी, लता सोनवाने, रेखा मेश्राम, प्रभा कावड़े, लक्ष्मी बाकट, भारती बाकट, उर्मिला और नवयुवक सदस्यों में आकाश नंदकिशोर मेश्राम, हर्ष पवन मेश्राम,गोल्डी सुरेश मेश्राम की गरिमामयी उपस्थिति मुख्यत- रही। अध्यक्ष भूपेन्द्र धुवारे ने कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी संदीप सिरसाज के द्वारा दी गई।

## वन्यप्राणी बाघ के दिखाई देने पर ग्रामीणों में दहशत




पद्मेश न्यूज,कटंगी। परिक्षेत्र अंतर्गत हीरापुर एवं चांदाडोह बीट के सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिछुआ के एक खेत में वन्यप्राणी बाघ के दिखाई देने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह यहां एक खेत से बाघ को गुजरते हुए देखा। जिसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे विभागीय अमले ने मौके से बाघ के पगमार्क टेप किए। जिससे यह स्पष्ट हो गया कि बाघ इस क्षेत्र में आया था। विभाग ने ग्रामीणों को एहतियातन सतर्क रहने की समझाइश दी है। ग्राम बिछुआ सहित आस-पास के ग्रामों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सुबह 8.00 बजे के बाद ही खेत की ओर जाने की समझाइश दी। विभाग ने ग्रामीणों से खेतों की ओर समूह में आना-जाना करने एवं साथ में डंडा रखकर चलने के लिए कहा। विभागीय स्तर से यह बात कही जा रही है कि बाघ खरपड़िया की ओर से मूवमेंट करता हुआ बिछुआ पहुंचा था बाघ की लोकेशन टपऊेस की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि इसके पूर्व अम्बेझरी की तरफ बाघ के दिखाई देने के बाद विभाग ने हाथियों के माध्यम से बाघ की सर्चिंग की। उस क्षेत्र में 24 अक्टूबर के बाद से बाघ की कोई मूवमेंट दर्ज नहीं हुई है।

## आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने की छापामार कार्यवाही



पद्मेश न्यूज, बालाघाट। घरेलू उपयोग के गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग रोकने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के दल ने 29 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्र बालाघाट में 16 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्यवाही कर 26 गैस सिलेण्डर एवं 03 आयरन चुल्हे जब्त किये है। इन प्रतिष्ठानों के संचालको के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किये जा रहे है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि 29 अक्टूबर को कनिष्ठ आपर्ति अधिकारियों के दल द्वारा गोंदिया रोड स्थित अमृत चाय से 02, बस स्टैण्ड स्थित रस बहार से 01, जेडी स्वीट्स कारखाना राम मंदिर गली से 02 सिलेण्डर और 02 चुल्हे, शक्ति होटल से 01 सिलेण्डर, जैन होटल एवं किराना से 01 सिलेण्डर, मिस्टर मोमोज से 01, बालाघाट मोमोज से 01, पवन होटल से 01, श्रीराम होटल से 01, मनुहार होटल से 03, जैन टी-स्टॉल से 01, गपशप रेस्टारेंट से 02, पवन स्पेशल से 01, वीआईपी चायनिज मोमोज से 01, बालाजी चाट से 01 एवं इंदौर स्वीट्स कारखाना से 06 गैस सिलेण्डर एवं 01 आयरन चुल्हा जब्त किया गया है। इन प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किये जा रहे है। आज की यह कार्यवाही कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव, गेंदलाल सनोडिया, मिलन तिवारी, पहल सिंह वलाडी एवं तुषार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से की गई है। खाद्य सामग्री तैयार करने एवं विक्रय करने वाले सभी होटल एवं रेस्टारेंट संचालकों से कहा गया है कि वे अपने प्रतिष्ठान में लाल रंग के घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग न करे। अन्यथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। व्यावसायिक उपयोग के लिए नीले रंग का गैस सिलेण्डर क्रय करें।

# रोजगार सहायक से पंचायत में घुसकर मारपीट के मामले ने पकड़ा तूल

पद्मेश न्यूज,कटंगी। पात्रता पर्ची से नाम विलोपित होने पर बौखलाए एक फौजी उसके पिता और एक अन्य रिश्तेदार ने पंचायत भवन के भीतर घुसकर ग्राम रोजगार सहायक से हाथापाई कर डाली। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरेघाट में पदस्थ रोजगार सहायक कमलेश सोनगड़े से सोमवार की सुबह पंचायत के भीतर घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया हालांकि यह पूरी घटना पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित रोजगार सहायक की शिकायत पर तिरोड़ी थाने की पुलिस ने पहले तो गोरेघाट के बसंत टांडेकर (फौजी), मंगल टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न ईाााराओं के तहत मामला दर्ज किया। वही दूसरे पक्ष की शिकायत पर रोजगार सहायक के खिलाफ बीएनएस के अलावा एससी-एसटी एक्ट की ईााराओं में केस दर्ज कर डाला। पुलिस ने जैसे ही रोजगार सहायक के खिलाफ अपराईाा दर्ज किया वैसे ही इस पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया। इस कार्यवाही को लेकर तिरोड़ी थाना ईइभारी कौशल कुमार सूर्या के भूमिका पर पंचायतकर्मियों ने सवाल उठाए। वहीं घटना को लेकर तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई1 है और थाना प्रभारी तिरोड़ी पंचायतकर्मियों के निशाने पर है। पंचायत कर्मियों का सीधा आरोप है कि थाना प्रभारी ने जानबूझकर रात्रि में करीब 1 बजे के बाद रोजगार सहायक पर अपराध दर्ज किया और रोजगार सहायक से मारपीट करने वाले आरोपियों को कानूनी संरक्षण प्रदान करने के लिए झूठी एफआईआर दर्ज की गई1। थाना प्रभारी पहले भी कुछ मामलों में आरोपियों को बचाने की सफल कोशिश कर चुके है। जिस कारण उनकी कार्यशैली पुलिस दायित्वों से परे दिखाई देती है। पुलिस की इसी भेदभाव और आरोपियों को बचाने की दिशा में की गई1 कार्रवाही का विरोध करते हुए बुधवार को ग्राम रोजगार सहायक संघ, पंचायत सचिव संघ और सरपंच संघ ने सीईओ, एसडीएम और एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के जरिए यह मांग की गई है कि रोजगार सहायक के खिलाफ दर्ज किए गए अपराईाा की निष्पक्ष जांच हो और रोजगार सहायक से मारपीट करने वाले बसंत टांडेकर, मंगल टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ कठोर कार्रवाही की जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर उचित कार्रवाही नही की जाती तो काम बंद हड़ताल कर प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।



### सीसीटीवी में कैद हुई घटना, एसडीओपी ने टीआई को तलब किया

ग्राम पंचायत गोरेघाट में घटना सोमवार की सुबह 11 बजकर 40 मिनट में घटित हुई1 है और पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई1 है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि रोजगार सहायक से मारपीट की जा रही है। रोजगार सहायक कमलेश पिता गुलाबचंद सोनगढ़े ने रात्रि में 09 बजे के बाद रोजगार सहायक संघ ब्लाक अध्सक्ष आशीष वासनिक और अपने कुछ साथियों के साथ तिरोड़ी थाने पहुंचकर अपने साथ हुई1 मारपीट और शासकीय कार्य में दखल देने की शिकायत दर्ज करवाही है। पुलिस ने आरोपी मंगल टांडेकर, बंसत टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की इरादा 132, 121 प(1प), 296, 115 प(2प), 351 प(3प), 3 प(5प) की कार्रवाई1 की है। वही बसंत टांडेकर की तरफ से भी तिरोड़ी थाने में सोमवार-मंगलवार की मईीय रात्रि रोजगार सहायक के खिलाफ जातिसूचक शब्दों से गाली-गलौज करने और मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई1 गई1 है। पुलिस ने शिकायत मिलते ही रोजगार सहायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 296, 351 प(3प) और अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम की ईाारा 3 प(1प), द 3, प(1प) घ, 3 प(2प), प(वी-9प) के तहत अपराध दर्ज किया। थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या बताते है कि रोजगार सहायक ने चौक में जातिसूचक शब्दों से गाली-गलौज की जबकि ग्रामीणों ने ऐसी कोई1 घटना चौक में होने से साफ इंकार कर दिया है। बुधवार को अधिकारियों से शिकायत करने पहुंचे पंचायत कर्मियों ने एसडीओपी विवेक शर्मा को भी सीसीटीवी फुटेज दिखाए। इसके बाद एसडीओपी ने टीआई तिरोड़ी को तत्काल एफआईआर की कॉपी और केस डायरी लेकर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

## एक हार से हताश न हो खिलाड़ी- श्रीमती चौधरी

पद्मेश न्यूज,कटंगी। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कालीमाटी में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में मंडई, डपऊमा कार्यईत्र्म एंवं रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 27 अक्टूबर की रात्रि आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का खिताबी मैच जोगाटोला एवं आलेझरी के बीच खेला गया जिसमें जोगाटोला ने आलेझरी को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं ग्राम बासी की टीम तृतीय स्थान पर रही।



प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पूर्णिमा हुमेन्द्र चौधरी के मुख्य आतिथ्य में विजेता, उप विजेता एवं रनर अप रही टीमों को सम्मानित किया गया । खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्रीमती चौधरी ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलना चाहिए एवं आपसी सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष यहां कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाती है खिलाड़ी इस प्रतियोगिता से कुछ न कुछ सीखकर जाते हैं। जिन टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें से हारने वाली टीमों के खिलाड़ियों को खास संदेश देते हुए श्रीमती चौधरी ने कहा कि एक हार से खिलाड़ियों को हताश नहीं होना चाहिए बल्कि उसमें होने वाली गलतियों से सबक लेकर आगे बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी।

## डहरवाल समाज ने मनाया भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती



पद्मेश न्यूज। खैरलांजी। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी डहरवाल कलार समाज संगठन के द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मउत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें अपने अपने ग्रामों में घर पर दीपावली की तरह दीपक जलाया गया एवं जश भजन आरती पूजा कर भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु जन्म उत्सव मनाया गया। जिसमें अनेको ग्राम में माहाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीराम सुहागपुरे के द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु का जीवन का उल्लेख करते हुए लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए सभा को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम नियमित रूप से लगभग ९ वर्ष से मनाया जा रहा है। इस वर्ष मोवाड, चिखला, सालेबर्डी,दैदबर्रा, भंडारबोडी, कटोरी, गराबोडी, तुमसर, टेकाड़ी, तेजू टेकडी, पुलपुटा, फु लचुर आदि ग्रामों में मनाई गई। इस दौरान श्रीराम सुहागपुरे, बाबूलाल बिटले, निक्खिलाल मंडलेकर, सेवकराम बिठले, रामेश्वर चंद्रवार,योगेश चमकलाल बिटले, अरविंद शिवने,अतुल डहरवाल,रवनलाल डहरवार, समीर डहरवाल,संपत आशापुरे,सुरेंद्र पारधी,राजू जमुनापाने,योगेश ताराचंद बिटले, सोनू मंडलेकर,युवराज सुहागपुरे, शिवप्रकाश मंडलेकर,हरिराम सुहागपुरे, प्रभु सुहागपुरे, गोविंद बमनोटे, छोटेलाल बागमारे, विजय बिठले ,सुनील सुहागपुरे, पंकज डहरवाल, पांडुरंग सकरगढडे, दयाराम डहरवाल, कृष्ण कुमार बाविसताले, महेंद्र बाविसताले, फूलचंद पारधी, धीरेंद्र पारधी,सुखराम पारधी, भसनलाल जमुनापाने, महिंद्रा जामुनपाने, चंद्रपाल साकरे, सुरेंद्र साकरे, राजकुमार सुहागपुरे, गोविंद बमनोटे,रुतेश सुहागपुरे, महेंद्र सोहागपुरे उपस्थित रहे।

## दूरस्थ ग्रामों के विद्यार्थियों को भेंट की साईकिलें

पद्मेश न्यूज,कटंगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तिरोड़ी में दूरस्थ गांवों से आना-जाना कर पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को शासन की योजनांतर्गत नि:शुल्क साईकिलें प्रदान की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश देशमुख, सरपंच प्रतिनिधि एवं भाजपा उपाध्यक्ष फिरोज खान के हस्ते 36 छात्राओं एवं 36 छात्रों को साईकिलें वितरित की गई। इसके पूर्व जनप्रतिनधियों ने हितग्राही छात्रों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इधर, आवागमन की सुविधा के लिए साईकिलें पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। संस्था प्राचार्य ने बताया कि साईकिलें मिलने से छात्रों को विद्यालय आने जाने में काफी सहुलियत होगी और वे समय पर स्कूल से घर आना-जाना कर सकेंगे। जनप्रतिनिधियों ने छात्रों को नि:शुल्क साईकिलें प्रदान करने की योजना को महत्वकांक्षी एवं उपयोगी बताया तथा यह योजना जरूरतमंदों के लिए उपयोगी साबित हुई है।



## क्षीरसागर बने राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण समिति के अध्यक्ष, दूसरी बार मिली जिम्मेदारी

पद्मेश न्यूज, बालाघाट। जिले के व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मनोज क्षीरसागर को राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण समिति का जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया है। यह दूसरी बार है कि, मनोज क्षीरसागर को यह जिम्मेदारी है। जिनकी घोषणा, गत दिवस, भोपाल में आयोजित प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति की बैठक में की गई। मनोज क्षीरसागर ने बताया कि गत दिवस भोपाल में, राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की तैयारी के लिए प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति की आयोजित की गई थी। जिसमें संगठन के विस्तार, सदस्यता ब?ाने, उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए चलित कार्यशाला आयोजित करने तथा आगामी 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर भोपाल में एक कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेष पटेल की अध्यक्षता में लिया गया। जिनमें प्रमुख रुप से राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेष पटेल, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एम.डी. सुनैया, महासचिव आर.डी. पंथी, आर.डी. राठौर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एस.के. पठारिया, सचिव राम लाल उदय, कुसुम खोइया, सारिका पंथी, जितेंद्र पंथी, कार्यालयीन सचिव माही साहू, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गणेशराम शाक्य उपस्थित रहे।



# परिषद की बैठक में अपनी ही सत्ता का किया जोरदार मुखालफत

## भाजपा पार्षदों ने भी निभाई विपक्ष की भूमिका अधिकारी कर्मचारी पर साधा निशाना

**सिटी रिपोर्टर।**
**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।**

नगर पालिका द्वारा बुधवार को दोपहर 3:00 बजे परिषद की बैठक का आयोजन किया गया । यहां बैठक शुरू होते ही नगर पालिका के कांग्रेसी पार्षदों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष नहीं होने और प्रभारी सीएमओ होने के कारण उन्होंने इस बैठक को अगले तिथि में किए जाने की मांग की और आयोजित बैठक का बहिष्कार करते हुए सभी कांग्रेस पार्षद बाहर आ गए। इस मुद्दे का कुछ बीजेपी समर्थित पार्षदों ने भी समर्थन किया था ,बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष योगेश बिसेन के द्वारा सभी को मना लिया गया। नियम अनुसार बैठक शुरू की गई सातों प्रस्ताव पर सभी ने सहमति देते हुए प्रस्ताव को पास कर दिया । बैठक के दौरान देखा गया कि परिषद की बैठक में सिर्फ भाजपा समर्थित ही पार्षद थे, किंतु बैठक में कुछ भाजपा समर्थित पार्षदों ने ही नगर पालिका की बैठक में विपक्ष का काम किया और अपने वार्डों में काम नहीं होने और नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा उनकी सुनवाई नहीं करने को लेकर जमकर भाजपा के कुछ पार्षद परिषद की बैठक में गरजे । यहां उन्होंने अपने द्वारा सूचना के अधिकार की जानकारी नही देने, वार्डों में लंबित विकास कार्य , काम पास होने के बाद भी शुरू नहीं किए जाने को लेकर जमकर प्रभारी सीएमओ और नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों को आडे हाथों लिया।



बुधवार को नगर पालिका द्वारा परिषद की बैठक का आयोजन किया गया । यहां नगर पालिका अध्यक्ष के स्थान पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष योगेश बिसेन ने अध्यक्ष के कहने पर परिषद में अध्यक्षता की , बताया जा रहा था कि नगर पालिका अध्यक्ष के परिवार में किसी का स्वास्थ्य बिगड़ने के चलते अध्यक्ष शहर से बाहर है और उन्हीं के कहने पर नगर पालिका अध्यक्ष की भूमिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन ने निभाई। बैठक अपने तय समय अनुसार 3:00 बजे शुरू हुई। बैठक शुरू होते ही कांग्रेस पार्षद आशुतोष डहरवाल द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष के नहीं होने और प्रभारी सीएमओ रहने के कारण इस बैठक का उन्होंने बहिष्कार कर दिया। आशुतोष का कहना था कि वह कई महीनो से परिषद की बैठक का इंतजार करते हैं। वार्ड की छोटी से लेकर बड़ी समस्याओं के लिए कई सवाल वह अध्यक्ष से करना चाहते हैं ,किंतु प्रभारी अध्यक्ष और प्रभारी मुख्य नगर पालिका से वह कैसे सवाल करेंगे। इसलिए उन्होंने अपने कांग्रेस पार्षदों के साथ इस बैठक का बहिष्कार किया , हालांकि इस बात का समर्थन कुछ भाजपा के पार्षदों ने भी किया था , वह भी चाहते थे कि इस बैठक की तारीख को बढ़ा दी जाए ,किंतु अध्यक्षता कर रहे योगेश बिसेन ने अन्य पार्षदों को समझाया कि वह उनकी सभी समस्याओं और सवालों का जवाब देंगे, उसके बाद बैठक शुरू की गई । बैठक को लेकर पार्षद सुधीर चिले, श्वेता जैन , राज हरिनखेडे एवं वंदना बारमाटे ने नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी को वार्डों में मूलभूत सुविधाएं नहीं दिए जाने को लेकर जमकर क्लास लगाई एवं 4:30 बजे परिषद की बैठक समाप्त हो गई।

शेष पेज नं. ०२ में

## न्यूज गैलरी

### एआईएमआईएम की बालाघाट इकाई घोषित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बेरिस्टर असदुद्दीन ओवैशी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआईएम)मध्यप्रदेश द्वारा जिला कमेटी बालाघाट घोषित कर दी गयी है जो बालाघाट जिले में राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेगी। जारी विज्ञप्ति के अनुसार लियाकत अली जिला अध्यक्ष, नवाब शेख जिला उपाध्यक्ष, अनवर शेख जिला उपाध्यक्ष, अब्दुल हकीम मीडिया प्रभारी, शरीफ शेख जिला सचिव, शफीक खान जिला सह सचिव और जैनुल खान कोषाध्यक्ष बनाये गए हैं।

### गोंगलई नदी किनारे बेहोश एक युवक अस्पताल मे ंभर्ती

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** ग्रामीण थाना अंतर्गत ग्राम गोंगलई समीप नदी किनारे बेहोश एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। बेहोश युवक लोकेश पिता भोलाराम ठकरेले 27 वर्ष वार्ड नंबर 33 मोती नगर बालाघाट निवासी है। जो फिनायल पीकर नदी किनारे पड़ा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 अक्टूबर की शाम अंकित ठकरेले ने अपने बड़े भाई लोकेश को फोन लगाया था किंतु लोकेश ने फोन नहीं उठाया ।तब अंकित ने अपने भाई लोकेश के दोस्त विक्की लिल्हारे को फोन लगा कर पूछा ,तब उसने बताया कि तुम्हारे भाई लोकेश को मोटरसाइकिल से गोंगलई नदी किनारे छोड़ कर आया हूं। तब अंकित अपने दोस्त आयुष भारद्वाज के साथ मोटरसाइकिल में गोंगलई नदी किनारे पहुंचे। देखे वहां पर उसका भाई लोकेश बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था और उसके पास फिनायल की बॉटल पड़ी हुई थी। तब अंकित ने अपने दोस्त आयुष भारद्वाज के साथ भाई लोकेश को मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

### बुलेट की टक्कर से घायल

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** भरवेली रोड सिवनी कैंप के घाट में साइकिल लेकर पैदल चल रहा है एक व्यक्ति को बुलेट मोटरसाइकिल ठोस मारकर फरार हो गई। बुलेट की ठोकर से घायल व्यक्ति झंकारसिंह पिता मंगलू वराडे60 वर्ष ग्राम हीरापुर कैंप भरवेली निवासी है।जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झंकारसिह बालाघाट की सुराना ज्वैलर्स के यहां पर गार्ड की नौकरी करते हैं और प्रतिदिन साइकिल से अपने घर आना-जाना करते हैं। रोज की तरह 28 अक्टूबर की रात्रि 9:00 बजे झंकार सिंह साइकिल में अपने घर हीरापुर कैंप जा रहे थे। सिवनी कैंप के पास झंकार सिंह साइकिल को लेकर पैदल घाट चढ़ रहे थे। अभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल झंकार सिंह को ठोस मारकर फरार हो गई। बुलेट मोटरसाइकिल की ठोकर से झंकार सिंह घायल हो गए। खबर मिलते ही उनका बेटा अंकेश वराडे पहुंचा और झंकार सिंह को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया। जिला अस्पताल पुलिस ने अंकेश वराडे का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना भरवेली भिजवा दी है।

### संविदा अधिकारी कर्मचारी की मांग को लेकर भोपाल में प्रदर्शन 2 नवम्बर को

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** यूनाइटेड फोरम मीडिया प्रभारी शिवकुमार मुनेश्वर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संविदा अधिकारी कर्मचारी को नियमित करने की मांग को लेकर भोपाल में 2 नवम्बर को रैली व प्रदर्शन किया जाएगा। प्रांतीय स्तर पर आयोजित संविदा कर्मचारियों की विशाल रैली में शामिल होने हेतु बालाघाट व्रत के कार्यरत समस्त संविदा अधिकारी/ कर्मचारी 2 नवंबर को अंबेडकर पार्क भोपाल पहुंचने की अपील संगठन के पदाधिकारी प्रांतीय/ जबलपुर क्षेत्र से आईडी पटले संयोजक लक्ष्मण सिंह वलके कार्यपालन अभियंता, अध्यक्ष बी ,एल.भैना, कार्यपालन अभियंता, इंजीनियर हुकुमचंद यादव, इंजीनियर राजीव रंजन, सहायक अभियंता, मीडिया प्रभारी शिवकुमार मुनेश्वर, पदाधिकारी मोहसिन खान ,महेंद्र डहरवाल ,धर्मेंद्र मसूलकर ,ललन दास लिल्हारे ,दुर्गा प्रसाद बाहे ,श्रीमती मालती डोहरे, श्रीमती कांति गलानी ,श्रीमती गंगा तितरमारे, राजकुमार राहगडाले सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा की गई है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** ग्रामीण थाना नवेगांव के अंतर्गत ग्राम बगदरा में एक युवक ने अपने घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 28 अक्टूबर को दोपहर में यह घटना उस समय हुई जब यह युवक अपने घर में अकेला था। ग्रामीण पुलिस ने मृतक युवक प्रभात पिता गोविंदराम लिल्हारे 23 वर्ष का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।इस युवक ने किस वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या की अभी इस पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है ग्रामीण पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बगदरा निवासी गोविंदराम लिल्हारे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। जिसके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। जिनमे प्रभात बड़ा बेटा था और वह पैरों से कुछ विकलांग और उसकी मानसिक स्थिति कुछ ठीक नहीं थी। 28 अक्टूबर को दोपहर 3:00 प्रभात अपने घर में अकेला था ।परिवार के लोग रिश्तेदारी में गमी में शामिल होने के लिए गए थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने प्रभात को घर के बरामदे में फांसी पर लटके हुई देखें। खबर मिलते ही गांव मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए और उसके पिता को खबर दिए ।खबर मिलते ही गोविंद राम लिल्हारे और परिवार के लोग पहुंचे। प्रभात ने अपने घर के बरामदे में पंखे के हुक में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली थी। सूचना मिलते ही ग्रामीण थाने से सहायक उप निरीक्षक जगदीश सैयाम अपने स्टाफ के साथ ग्राम बगदरा पहुंचे और मृतक प्रभात का फांसी पर लटका हुआ शव नीचे उतरवाये। और बालाघाट लाकर जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिए। 29 अक्टूबर को सुबह प्रभात का शव जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। इस युवक ने किस वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या की अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीण पुलिस धारा 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर की गई मारपीट

**पद्मेश न्यूज, बालाघाट।** एक नाबालिक लड़की के साथ हो रहे छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया गया। 28 अक्टूबर की शाम 7:00 बजे यह घटना बिरसा थाना क्षेत्र में उस समय हुई जब यह नाबालिक लड़की अपने घर से किराना दुकान जा रही थी। मारपीट में घायल व्यक्ति कमल सिंह धुर्वे उर्फ तितरु धुर्वे का इलाज बिरसा के अस्पताल में किया गया वहीं इस नाबालिक लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर हरेसिंह धुर्वे उर्फ रोनी धुर्वे पिता बुधराम धुर्वे 40 वर्ष ग्राम बंदनिया निवासी के विरुद्ध नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ और मारपीट करने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह 15 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने परिवार के साथ ग्राम बदनिया में रहती है और घरेलू काम करती है। 28 अक्टूबर की शाम 7:00 बजे यह लड़की अपने मोबाइल से बात करते हुए गांव की किराना दुकान जा रही थी तभी रास्ते में इमली के पेड़ के पास पहुंची ही थी की उसे हरेसिंह उर्फ रोनी धुर्वे मिला और वह इस लड़की से बोला कि किस लड़की के साथ बात कर रही है। मैं सब जानता हूं। यह कहकर हरिसिह धुर्वे इस नाबालिक लड़की से खींचतान मारपीट कर उसके साथ अश्लील हरकते हुए छेड़छाड़ करने लगा ।इस लड़की के द्वारा बचाव बचाव की आवाज लगाने पर कमल सिंह धुर्वे इस लडकी की आवाज सुनकर आया और हरे सिंह धुर्वे को चिल्लाते हुए बोला कि क्या कर रहा है और इस लड़की को क्यों पकड़ कर रखा है तभी हरि सिंह धुर्वे ने कमलसिंह धुर्वे द्वारा विरोध करने पर पास में गड़े मवेशी बांधने के लकड़ी के खूंटा को उखाड़ कर कमलसिह धुर्वे को मारपीट करने लगा। कमल सिंह धुर्वे को मारपीट करने से दाहिने हाथ पैर घुटने में और कमर में चोंटे आई। मारपीट होते देखा यह नाबालिक लड़की घबरा कर अपने घर पहुंची और घटना के संबंध में अपने परिवार वालों को बताई। इसके बाद यह लड़की कमल सिंह धुर्वे और अन्य लोंगो के साथ रिपोर्ट करने के लिए बिरसा पुलिस थाना पहुंची ।बिरसा ने मारपीट में घायल कमल सिंह धुर्वे का इलाज बरसा के अस्पताल में करवाया वहीं इस नाबालिक लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर हरे सिंह उर्फ रोनी धुर्वे के विरुद्ध इस नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ और कमल सिंह धुर्वे को मारपीट करने कीआरोप में धारा 74,76, 115(2) भारतीय न्याय संहिता और धारा 7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. M P /HIN/2009/32311 , न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट